संग्रहण, शोधन तथा पुनर्चक्रण/पुन: प्रयोग पर डाटा शामिल किया गया है। सामान्यतया उत्सर्जनों का विश्लेषण प्राप्तकर्ता पर्यावरण (वायु, जल या मृदा) के प्रकार तथा पदार्थ के प्रकार के अनुसार किया जाता है।

40. इस सेट में वायु में उत्सर्जन विलक्षण हैं क्योंकि ये विभिन्न देशों के बीच सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं। चूंकि प्रभाव समान प्रकृति के होते हैं इसलिए उत्सर्जनों का प्रबंधन या नियंत्रण केवल दृढ़ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से हो सकता है। अत: ग्रीन हाउस गैसों (जीएचजी) का विनियमन जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा अभिसमय के क्योटो प्रोटोकाल (यूएनएफसीसीसी) द्वारा किया जाता है, जबकि ओजोन का अवक्षय करने वाले पदार्थों का विनियमन वियना अभिसमय के मांट्रियल प्रोटोकॉल द्वारा किया जाता है।

41. जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 में किए गए प्रावधानों के अनुसरण में 1974 में स्थापित केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जल एवं वायु प्रदूषण तथा उनके प्रभावी निवारण, नियंत्रण या उपशमन के लिए तैयार किए गए उपायों से संबंधित तकनीकी एवं सांख्यिकीय डाटा के संग्रहण, संकलन एवं प्रकाशन के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों/प्रदूषण नियंत्रण समितियों के साथ मिलकर काम करता है।

घटक 3 पर विवरण : अवशिष्टों को 3.01 से 3.11 के रूप में संख्याकित किया गया है।

घटक 4 : चरम घटनाएं एवं आपदाएं

42. जलवायु परिवर्तन, आपदा और संवहनीय विकास - प्रकट रूप से इन तीन भिन्न-भिन्न मुद्दों के बीच संबंध अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय चर्चाओं का विषय बन गए हैं। न केवल पृथ्वी के भूगोल एवं पारिस्थितिकी तंत्र पर अपितु जलवायु पर भी मानव जाति के महत्वपूर्ण प्रभाव को देखते हुए जब वैज्ञानिक इस बात पर बहस कर रहे हैं कि क्या इस युग का नाम ''नरकेन्द्रित युग'' रखा जा सकता है, जलवायु परिवर्तन के असंख्य साक्ष्य इस बात के प्रमाण हैं कि आज प्रकृति पर मानव जाति का दबदबा है। परंतु प्रकृति के साथ प्रयोगों के अप्रत्याशित परिणाम प्राप्त हुए हैं। ऐसा एक मामला प्राकृतिक चरम घटनाओं का है। नरकेन्द्रित जलवायु परिवर्तन आज ऊष्मा एवं वर्षा में अत्यधिक वृद्धि के कारण के रूप में प्रमाणित हो चुका है तथा चरम घटनाओं - ऊष्णता लहर, शीत लहर, बाढ़ एवं सूखे की बारंबारता एवं गंभीरता बढ़ने की संभावना है। परंपरागत रूप से ''दैवी कृत्य'' के रूप में वर्णित इन घटनाओं को मानव जाति के विकृत प्रयोगों के रूप में संदर्भित किया जा सकता है।

43. लोगों, उनकी आय, उनकी आजीविका एवं स्थानीय व्यवसाय पर इनके प्रभावों को देखते हुए इन आपदाओं की उपेक्षा नहीं की जा सकती है। विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों के मामले में प्रभाव अधिक गंभीर होता है, जो सामान्यतया किसी तरह गुजर बसर करते हैं और इनसे उबरने के लिए उनके पास कोई आकस्मिक योजना नहीं होती है। चूंकि भारत में अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है, बिन मौसम की इन घटनाओं या पर्याप्त वर्षा के अभाव तथा अधिक तापमान से फसलें, जो समाज के इस वर्ग के पास एकमात्र परिसंपत्ति है, नष्ट हो सकती हैं। पूरे वर्ष के लिए आय ओझल हो जाती है और इससे भुखमरी एवं बीमारी का मार्ग प्रशस्त होता है। आज यह स्वीकार किया गया है कि जब अनेक देशों के अंदर और उनके बीच आय में असमानता

न्यूनतम स्तर को पार कर जाती है तो तनाव एवं सामाजिक टकराव बढ़ जाता है। इसी वजह से संवहनीय विकास की संकल्पना में ''किसी को पीछे नहीं छोड़ना'' नामक खंड भी शामिल किया गया है।

44. चूंकि आज यही स्थिति है, इसलिए नीति-निर्माताओं के लिए चरम घटनाओं के उपशमन एवं अनुकूलन के लिए कदम उठाना आवश्यक है। इस खंड में कुछ प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित ब्योरे दिए गए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) तथा भूमि संसाधन विभाग से आंकड़े लिए गए हैं।

45. वर्ष 1875 में स्थापित आईएमडी मौसम विज्ञानी प्रेक्षणों, मौसम की भविष्यवाणी तथा भूकंप विज्ञान के लिए प्रधान एजेंसी है। आईएमडी का मुख्यालय दिल्ली में है तथा पूरे भारत और अंटार्कटिका में सैकड़ों प्रेक्षण केन्द्र काम कर रहे हैं। आईएमडी ने न केवल भारत में अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मौसम विज्ञान तथा पर्यावरण विज्ञान के विकास को पोषित किया है। एग्रोमेट सलाहकार सेवा के अंग के रूप में किसानों को मौसम एवं जलवायु के संबंध में प्रभावी सूचना एवं सलाहकार सेवाएं प्रदान की जाती हैं और इस प्रकार फसल उत्पादन एवं खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए समर्पित मौसम आधारित फसल/पशुधन प्रबंधन रणनीतियों एवं प्रचालनों में योगदान दिया जा रहा है। यह अनिष्टकारी मौसम के प्रतिकूल प्रभाव को न्यूनतम करने तथा मेहरबान मौसम का लाभ उठाने में किसानों की मदद करता है। आईएमडी की सेवाओं में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी एवं चेतावनी शामिल है। इससे प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानव जीवन की रक्षा करने और क्षति को न्यूनतम करने में मदद मिलती है।

घटक 4 पर विवरण : चरम घटनाओं एवं आपदाओं को 4.01 से 4.11 के रूप में संख्याकित किया गया है।

घटक 5 : मानव बस्तियां तथा पर्यावरण स्वास्थ्य

46. अच्छी आयोजना एवं अच्छे स्वास्थ्य के बीच संबंध असंदिग्ध है। पर्यावरण – प्राकृतिक एवं मानव निर्मित पर्यावरण दोनों – की गुणवत्ता का स्वास्थ्य एवं कल्याण पर काफी प्रभाव होता है। प्राकृतिक पर्यावरण में वायु, जल, भूमि तथा उसमें बायोटा के पर्यावरणीय घटक शामिल होते हैं, जबकि मानव बस्तियां मानव निर्मित पर्यावरण का प्रतिनिधित्व करती हैं जिसमें भौतिक कारक अर्थात आश्रय एवं अवसंरचना तथा बुनियादी सेवाएं जैसे कि सुरक्षित जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं परिवहन सेवाएं शामिल हैं। इसलिए एफडीईएस 2013 के घटक 5 में दो उप घटकों – मानव बस्ती एवं पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित सांख्यिकी शामिल है।

5.1 मानव बस्तियां

47. सबसे बुनियादी स्तर पर पर्यावरण पर मानव बस्तियों की अंत:क्रिया यह है कि वे एक तरफ गैर-नवीकरणीय प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करती हैं और दूसरी तरफ अपशिष्ट उत्पादों एवं प्रदूषण को जन्म देती हैं जो पर्यावरण द्वारा समाहित किए जाने होते हैं। जैसे-जैसे आबादी बढ़ती है, शहरीकरण होता है, उपभोग में वृद्धि होती है, वैसे-वैसे प्राकृतिक पर्यावरण पर मानव बस्तियों का प्रभाव बढ़ता है। बेतरतीब शहरी एवं ग्रामीण विस्तार, आवास की मांग, परिवहन के

माध्यम एवं विशेषता तथा बुनियादी सेवा अवसंरचना, जिनका प्राकृतिक पर्यावरण पर सर्वाधिक उल्लेखनीय प्रभाव पड़ता है, कम पारिस्थितिकीय पदचिह्न के साथ अधिक संवहनीय मानव बस्तियों के सृजन के लिए फोकस क्षेत्र हैं। मानव आबादी, आवास की स्थिति, चुनिंदा बुनियादी सेवाओं (उदाहरण के लिए जल, स्वच्छता, अपशिष्ट निवारण, ऊर्जा एवं परिवहन) तक पहुंच एवं पर्यावरणीय सरोकारों, विशेष रूप से शहरी बस्तियों से जुड़े सरोकारों पर सूचना का प्रयोग करके इन अंत:क्रियाओं एवं प्रभावों का वर्णन किया जाता है।

48. इस बात को स्वीकार करते हुए कि आर्थिक विकास एवं प्रगति तथा शहरीकरण हमेशा एकसाथ चलते हैं, भारत अपने सामाजिक-आर्थिक बदलाव की प्रक्रिया में शहरीकरण के महत्व को स्पष्ट रूप से स्वीकार करता है। शहरीकरण के प्रति इसका वर्तमान दृष्टिकोण अनेक उद्देश्यों पर केन्द्रित है : (i) शहरीकरण से विकास होना चाहिए और आर्थिक उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धा बढ़नी चाहिए; (ii) यह समावेशी एवं संवहनीय होना चाहिए; (iii) इसका उद्देश्य इतिहास, संस्कृति एवं विरासत का परिरक्षण एवं पुनरुज्जीवन होना चाहिए; और (iv) इसे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में योगदान देना चाहिए तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की परस्पर निर्भरता सुदृढ़ होनी चाहिए। इन लक्ष्यों एवं उद्देश्यों के अनुरूप भारत सरकार द्वारा अनेक मिशन शुरू किए गए हैं जिनमें से कुछ प्रमुख मिशन इस प्रकार हैं : स्मार्ट शहर मिशन, शहरी बदलाव के पुनरुज्जीवन के लिए अटल मिशन (अमृत), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना - सबके लिए आवास (एचएफए), विरासत शहर विकास तथा परिवर्धन योजना (हृदय) और राष्ट्रीय रुर्बन मिशन।

49. शहरीकरण की सर्वाधिक विशिष्ट समस्याओं में से एक गंदी बस्तियों का प्रसार है। यूएन आवास के अनुसार गंदी बस्तियों में टिकाऊ आवास का अभाव होता है, रहने का क्षेत्रफल अपर्याप्त होता है, स्वच्छ जल तक पहुंच नहीं होती है, स्वच्छता अपर्याप्त होती है और स्वामित्व असुरक्षित होता है। जहां तक इस पहलू पर संकेन्द्रित रूप से ध्यान देने का संबंध है, भारत में गंदा क्षेत्र सुधार एवं निकासी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत गंदी बस्तियों को मुख्य रूप से ऐसे आवासीय क्षेत्रों के रूप में परिभाषित किया गया है जहां जीर्णता, अत्यधिक भीड़भाड़, भवनों एवं गलियों की त्रुटिपूर्ण व्यवस्थाओं एंव डिजाइन, वातायन, लाइट, स्वच्छता की सुविधाओं के अभाव या इन कारकों जो सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं नैतिकता के लिए हानिकर हैं, के किसी संयोजन के कारण मकान किसी भी दृष्टि से मानव बस्ती के लिए अनुपयुक्त हैं।

50. भारत में मकानों की सूचीबद्धता और मकानों की जनगणना आबादी की जनगणना के पहले चरण के रूप में की जाती है। इस कवायद के उद्देश्यों में से एक प्रत्येक भवन/जनगणना भवन को चिह्नित करना तथा जनगणना मकान की गुणवत्ता, उसमें उपलब्ध सुविधाओं तथा उन जनगणना मकानों में रहने वाले परिवारों को उपलब्ध परिसंपत्तियों का सुनिश्चय करना भी है। चूंकि यह केवल दशकीय स्रोत हो सकता है तथा आवास की स्थितियों एवं बुनियादी सेवाओं तक पहुंच पर नवीनतम डाटा के किसी अन्य प्रशासनिक स्रोत से उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, इसलिए आवास की स्थितियों तथा बुनियादी सेवाओं तक पहुंच पर सूचना के संग्रह को इन दो प्रमुख आधिकारिक परिवार सर्वेक्षणों - राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण तथा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण में मुख्य अंग बनाया गया है।

51. मानव बस्तियों से संबंधित एक अन्य मुद्दा परिवहन का है। परिवहन के मुद्दे और पर्यावरण की प्रकृति असत्यवत है। एक ओर परिवहन की गतिविधियां यात्रियों और माल ढुलाई के लिए गतिशीलता की बढ़ती मांग में मदद करती हैं और इसमें शहरी क्षेत्रों से लेकर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शामिल है। दूसरी ओर परिवहन की गतिविधियों से मोटर गाड़ियों एवं भीड़भाड़ का स्तर बढ़ रहा है। परिवहन का पर्यावरणीय प्रभाव काफी है क्योंकि यह ऊर्जा का एक प्रमुख प्रयोक्ता है और विश्व का सर्वाधिक पेट्रोलियम जलाता है। इससे वायु प्रदूषण होता है तथा कार्बन डाइआक्साइड के उत्सर्जन के माध्यम से वैश्विक तापन में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। उप सेक्टर के अनुसार, सड़क परिवहन का वैश्विक तापन में सबसे बड़ा योगदान है।

52. अत: कम पारिस्थितिकीय पदचिह्न के साथ संवहनीय मानव बस्तियों के लिए परिवहन – पर्यावरण संबंध का मूल्यांकन बहुत आवश्यक है। नोडल एजेंसियों – नागर विमानन मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, रेल मंत्रालय तथा जहाजरानी मंत्रालय द्वारा परिवहन क्षेत्र पर नियमित सूचना एकत्र की जाती है।

5.2 पर्यावरणीय स्वास्थ्य

53. पर्यावरणीय स्वास्थ्य इस बात पर बल देता है कि कैसे पर्यावरणीय कारक और प्रक्रियाएं मानव स्वास्थ्य को प्रभावित एवं परिवर्तित करती हैं। इसे अंतर विषयक क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो जन स्वास्थ्य तथा पर्यावरण के बीच संबंध के विश्लेषण पर बल देता है। मानव आबादी के अंदर स्वास्थ्य समस्याओं के सामान्य उपायों के तहत पर्यावरणीय कारकों से अत्यधिक प्रभावित बीमारियों एवं स्थितियों के विशिष्ट प्रकारों से संबद्ध रुग्णता (घटना एवं दर) तथा नश्वरता पर सांख्यिकी शामिल होती है। ऐसा कहा जाता है कि जलवायु परिवर्तन तथा चरम घटनाओं में संबद्ध वृद्धि का भी वायु, जल तथा रोगवाहक जनित बीमारियों जिससे अधिक लोग संकटग्रस्त हो रहे हैं, के लिए बढ़ते जोखिम क्षेत्रों से संबंध है।

54. चूंकि मानव स्वास्थ्य शुरू से भारतीय आयोजना प्रक्रिया में फोकस के प्रमुख क्षेत्रों में से एक रहा है इसलिए पूरे देश में मजबूत स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली स्थापित करने के उद्देश्य से 1961 में केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई) का गठन किया गया। सीबीएचआई राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के सभी स्वास्थ्य निदेशालयों से संग्रहीत स्वास्थ्य डाटा के आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल नामक एक वार्षिक प्रकाशन निकालता है जिसमें वायुजनित, जलजनित और रोगवाहक जनित बीमारियों सहित 36 संचारी और गैर संचारी बीमारियां शामिल होती हैं।

घटक 5 पर विवरण : मानव बस्तियों एवं पर्यावरण को 5.01 से 5.28 के रूप में संख्याकित किया गया है।

घटक 6 : पर्यावरण संरक्षण, प्रबंधन एवं विनियमन

55. पर्यावरण की विकृति से सभी राष्ट्र प्रभावित होते हैं। राज्य की सीमाएं प्रदूषण के फैलने पर नियंत्रण की गारंटी नहीं देती हैं। पर्यावरण के संरक्षण और परिरक्षण के लिए विनियामक उपायों के तहत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर कानूनों की आवश्यता होती है। तद्नुसार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों में अनुबद्धता होने की परिकल्पना है। भारत में किए गए प्रयासों

को परिप्रेक्ष्य में लाने के लिए एक के पर्यावरणीय विनियमों एवं प्रबंधन की अंत:क्रिया के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय घटनाओं के अनुक्रम की दूसरे के साथ समझ एक अनिवार्य शर्त है।

56. 1972 में स्टाकहोम में मानव पर्यावरण एवं विकास पर यूएन सम्मेलन हुआ। यह पहली बार था जब पूरा विश्व पर्यावरण संरक्षण एवं संवहनीय विकास के महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्र हुआ। ''मानव पर्यावरण पर स्टाकहोम घोषणा'' और इससे जुड़ी कार्य योजना ने पर्यावरणीय क्षतियों तथा वैश्विक महत्व की समस्याओं की पहचान एवं मूल्यांकन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की सिफारिश की।

57. इस विचार-विमर्श ने समुचित संवैधानिक प्रावधानों के साथ पर्यावरणीय संरक्षण के विनियमन एवं सुनिश्चय के लिए देश में शीर्ष प्रशासनिक संस्था के रूप में एमओईएफ की स्थापना को प्रभावित किया। तदनंतर इस संबंध में कानून बनाए गए, जिसमें से प्रमुख कानून इस प्रकार हैं : जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974; वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981; पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और कारखाना संशोधन अधिनियम, 1987। तब से देश में पर्यावरणीय कानूनों का एक व्यापक नेटवर्क विकसित हुआ है। इस समय एमओईएफसीसी तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी अर्थात केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एसपीसीबी अर्थात राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) इस क्षेत्र की प्रमुख विनियामक एवं प्रशासनिक संस्थाएं हैं।

58. 1973 में वन्य जीव जंतुओं एवं वनस्पतियों की संकटग्रस्त प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय (सीआईटीईएस) अगली प्रमुख घटना थी जिसमें संकटग्रस्त प्रजातियों या उनसे प्राप्त उत्पादों में अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक व्यापार को नियंत्रित करने या रोकने की परिकल्पना थी। संकटग्रस्त प्रजातियों का सीधे संरक्षण करने या विकास के कार्यों जो उनके आवासों को नष्ट करते हैं, पर अंकुश लगाने का प्रयास करने की बजाय सीआईटीईएस ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार को बंद करके संबद्ध आर्थिक प्रोत्साहन को कम करने का प्रयास किया। भारत 1974 में सीआईटीईएस का पक्षकार बना। सामान्यतया सभी वन्य जीव जंतुओं एवं वनस्पतियों तथा सीआईटीईएस के तहत शामिल प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार भारत में संयुक्त रूप से वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972; भारत सरकार की आयात/निर्यात नीति तथा सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के माध्यम से विनियमित है।

59. ओजोन परत अल्ट्रावायलट लाइट (यूवी लाइट) की सर्वाधिक हानिकर यूवीबी तरंगों को पृथ्वी के वातावरण से गुजरने से रोकती है। 1970 के दशक के उत्तरार्ध और 1980 के दशक के पूर्वार्ध में पृथ्वी के वातावरण में ओजोन की कुल मात्रा में निरंतर गिरावट देखी गई। इसे ओजोन का अवक्षय कहा गया। यह अनुमान व्यक्त किया गया कि ओजोन की परत पतली होने के कारण स्किन कैंसर, आतपदाह, और मोतियाबिंद के मामले तथा पौधों एवं जानवरों पर यूवी लाइट की इन तरंगों के हानिकर प्रभाव नाटकीय रूप से बढ़ेंगे। इन सरोकारों की वजह से ओजोन परत का अवक्षय करने वाले पदार्थों पर मांट्रियल प्रोटोकाल, 1987 अपनाया गया जिसने ओजोन परत के संरक्षण के लिए वियना अभिसमय को प्रतिस्थापित किया। इस प्रोटोकाल ने ओजोन का अवक्षय करने वाले पदार्थों (ओडीएस) के उपभोग एवं उत्पादन को घटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह करार विशेष रूप से उत्सर्जन घटाने तथा ओजोन के अवक्षय में योगदान करने की प्रौद्योगिकीय

एवं वित्तीय सामर्थ्य के संबंध में देशों के बीच अंतर को स्वीकार करता है। भारत ने मांट्रियल प्रोटोकाल तथा सितंबर 1992 में इसके लंदन संशोधन पर अपनी सहमति व्यक्त की।

60. विकसित देशों से कम विकसित देशों में हानिकर अपशिष्ट के अंतरण को रोकने तथा उत्पादन के स्रोत के यथासंभव करीब ही घातक अपशिष्ट के पर्यावरणीय दृष्टि से स्वस्थ प्रबंधन का सुनिश्चय करने के प्रयास में घातक अपशिष्टों की सीमापारीय आवाजाही एवं उनके निस्तारण पर नियंत्रण पर बासेल अभिसमय, जो सामान्यतया बासेल अभिसमय के नाम से विख्यात है तथा एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है, को 1989 में अभिपुष्टि के लिए खोला गया। 1992 से लागू यह अभिसमय घातक अपशिष्ट के संबंध में पक्षकार राज्यों के बीच समय से अधिसूचना, सूचना, विनिमय एवं परामर्श का प्रावधान करता है। भारत ने इसके प्रभावी होने के शीघ्र बाद 1992 में बासेल अभिसमय की अभिपुष्टि की। भारतीय घातक अपशिष्ट प्रबंधन नियम अधिनियम, 1989 में घातक अपशिष्ट के संबंध में आयात एवं निर्यात की अधिसूचना, गैर कानूनी यातायात तथा देयता से संबंधित बासेल के कुछ प्रावधान शामिल किए गए हैं।

61. 1992 में पर्यावरण एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीईडी) के लिए रियो डि जेनेरियो में 100 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों की बैठक हुई, जिसे पृथ्वी सम्मेलन की संज्ञा दी गई, जो पर्यावरणीय संरक्षण एवं सामाजिक - आर्थिक विकास की तात्कालिक समस्याओं के निदान के लिए बुलाया गया था। इस सम्मेलन ने कई प्रमुख मुद्दों पर विचार किया जिसमें अपशिष्ट एवं उत्सर्जन के उत्पादन का पैटर्न, जीवाश्म ईंधनों एवं जल का प्रयोग तथा परिवहन, भीड़भाड़ जैसी शहरीकरण की समस्याएं तथा उनसे संबद्ध स्वास्थ्य समस्याएं शामिल थीं परंतु इतने तक ही सीमित नहीं था। पृथ्वी सम्मेलन 1992 ने निम्नलिखित का शुभारंभ किया :

i. पर्यावरण एवं विकास की रियो घोषणा जिसमें पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में राज्यों के अधिकारों एवं देयताओं को परिभाषित करने वाले सिद्धांतों की श्रृंखला शामिल है;

ii. एजेंडा 21 जो संवहनीय विकास में पारगमन को प्रभावित करने के लिए वैश्विक कार्रवाइयों का एक व्यापक खाका है।

iii. पूरी दुनिया में वनों के संवहनीय प्रबंधन में सहायता के लिए सिद्धांतों का एक सेट;

iv. कानूनन बाध्यकारी अभिसमय - जलवायु परिवर्तन पर अभिसमय और जैव विविधता पर अभिसमय - जिनका उद्देश्य वैश्विक जलवायु परिवर्तन को रोकना तथा जैविक दृष्टि से विविध प्रजातियों का संरक्षण करना है।

62. 'एजेंडा 21' ने पर्यावरण के प्रयोग एवं दुरुपयोग पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता को उजागर किया ताकि अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भावी पीढ़ियों की सामर्थ्य प्रभावित न हो, जबकि जलवायु परिवर्तन पर यूएन रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी), 1992 का उद्देश्य ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को ऐसे स्तरों पर स्थिर करना था जो वैश्विक जलवायु के साथ हानिकर नरकेन्द्रित दखल को रोकेगा। भारत ने जून 1992 में करार पर हस्ताक्षर किए, जिसकी अभिपुष्टि नवंबर 1993 में की गई। यूएनएफसीसीसी के तहत ग्रीनहाउस

गैस (जीएचजी) के उपशमन के लिए भारत जैसे विकासशील देशों की कोई बाध्यकारी प्रतिबद्धता इसलिए नहीं है कि ग्रीनहाउस गैस की समस्या में उनका योगदान कम है तथा उनकी वित्तीय एवं तकनीकी क्षमता भी कम है। तदनंतर 1997 में यूएनएफसीसीसी का क्योटो प्रोटोकाल अपनाया गया जिसके तहत विकसित देशों तथा पारगमन के अधीन अर्थव्यवस्थाओं से 5.2 प्रतिशत के औसत से अपने जीएचजी उत्सर्जन को घटाकर 1990 के स्तरों से नीचे लाने की अपेक्षा है। भारत ने 26 अगस्त 2002 को क्योटो प्रोटोकाल से सहमति व्यक्त की। 2015 में पेरिस करार के तहत 196 पक्षकार विकास के अपने पथ को बदलने के लिए एक मंच पर आए ताकि वे पूरे विश्व को संवहनीय विकास के पथ पर ले जा सकें। पेरिस करार प्रत्येक देश से अपनी 2020 पश्चात जलवायु कार्रवाई जो उनके राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के नाम से विख्यात है, को रेखांकित एवं संप्रेषित करने का अनुरोध करता है ताकि तापन को औद्योगिक पूर्व स्तरों से ऊपर 1.5 से 2 डिग्री सेंटीग्रेड पर सीमित करने का लक्ष्य रखा जा सके। भारत ने 2015 में अपना एनडीसी प्रस्तुत किया।

63. जैव-विविधता पर अभिसमय (सीबीडी) कानूनन बाध्यकारी रूपरेखा संधि है जिसकी अब तक 180 देशों द्वारा अभिपुष्टि हो गई है। सीबीडी में बल दिए जाने वाले तीन प्रमुख क्षेत्र हैं : जैव विविधता का संरक्षण, जैविक संसाधनों का संवहनीय प्रयोग और उनके संवहनीय प्रयोग से उत्पन्न लाभों की साम्यपूर्ण हिस्सेदारी। जैव विविधता पर अभिसमय 1993 में प्रभावी हुआ। अधिवास परिरक्षण, बौद्धिक संपदा अधिकार, जैव सुरक्षा तथा मूल लोगों के अधिकार सहित अभिसमय में जैव विविधता के अनेक मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। अभिसमय के तहत भारत की पहलों में 1991 में संशोधित वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 का प्रख्यापन तथा सीआईटीईएस जैसे अनेक अंतर्राष्ट्रीय अभिसमयों में भागीदारी शामिल है।

64. गंभीर सूखा और/या मरुस्थलीकरण की समस्या से जूझ रहे देशों में मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय के प्रतिपादन हेतु एक अंतर्सरकारी वार्ता समिति गठित करने की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए 1994 में मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए यूएन अभिसमय (यूएनसीसीडी) का निर्माण किया गया। यह अभिसमय विलक्षण है क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय सहयोग में नीचे से ऊपर के दृष्टिकोण का समर्थन एवं प्रयोग करता है तथा मरुस्थलीकरण एवं इसके प्रभावों के नियंत्रण एवं उन्मूलन से संबंधित गतिविधियों को स्थानीय भूमि प्रयोक्ताओं एवं गैर सरकारी संगठनों की आवश्यकताओं एवं भागीदारी से जोड़ता है। इस अभिसमय पर दक्षिण एशियाई क्षेत्र के सात देशों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं उप क्षेत्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से मरुस्थलीकरण से निपटना है। क्षेत्रीय कार्यक्रम में सदस्य देश के पक्षकारों की मौजूदा क्षमता को सुदृढ़ करने तथा मरुस्थलीकरण से निपटने हेतु निगरानी, मूल्यांकन, संरक्षण, अनुकूलन एवं उपशमन के प्रभावी उपायों के लिए एक दूसरे के साथ नेटवर्क स्थापित करने के लिए एशियाई क्षेत्र के लिए 6 विषयपरक कार्यक्रम नेटवर्क हैं। भारत शुष्क, अर्ध शुष्क तथा शुष्क उप आर्द्र क्षेत्रों में कृषि वानिकी एवं मृदा संरक्षण पर नेटवर्क का मेजबान है।

65. यह पर्यावरण के बेहतर प्रबंधन हेतु अंतर्राष्ट्रीय विनियमों के अनुसरण में भारत में किए गए उपायों का एक नमूना मात्र है। देश में जो स्थितियां मौजूद हैं उनके कारण भारत द्वारा अनेक विशिष्ट कदम भी उठाए गए हैं जैसे कि मृदा जांच की सुविधाएं स्थापित करना तथा मृदा

स्वास्थ्य कार्ड जारी करना ताकि उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से बचा जा सके जो बहकर जल में घुल सकता है।

66. संवहनीय विकास के संदर्भ में आर्थिक विकास, पर्यावरणीय प्रबंधन तथा मानव विकास के बीच संबंधों की समीक्षा करने की आवश्यकता है। पर्यावरणीय एवं आर्थिक सरोकारों के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए नए नवाचारों की तलाश करना आवश्यक है। यह व्यक्तियों की ओर से बेहतर जागरूकता, खुलापन एवं एक नई प्रबुद्धता तथा सभी संस्थाओं – सरकार, निगम, परिवार एवं सभ्य समाज – के उपयुक्त पुन:स्थापन तथा समाज में मानदंडों के माध्यम से ही संभव है। एक नया सामान्य विवेक उभरा है जो पर्यावरणीय एवं आर्थिक सरोकारों में परम सामंजस्य का वायदा करता है।

67. एफडीईएस का घटक 6 विनियमों एवं लिखतों के तुल्यकालन के महत्व को स्वीकार करता है। यह घटक पर्यावरणीय अभिशासन के निम्नलिखित प्रमुख पहलुओं पर सूचना संगठित करता है :

i. पर्यावरण में सुधार तथा पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पर्यावरणीय संरक्षण पर व्यय तथा संसाधन प्रबंधन;

ii. पर्यावरणीय अभिशासन, संस्थानिक क्षमता, विनियमों के प्रवर्तन तथा चरम घटनाओं के लिए तत्परता पर सांख्यिकी; और

iii. पर्यावरणीय प्रभावों को घटाने तथा स्थानीय पर्यावरणों की गुणवत्ता सुधारने हेतु पर्यावरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरू किए गए कार्यक्रम एवं गतिविधियां।

घटक 6 पर विवरण : पर्यावरण संरक्षण, प्रबंधन एवं विनियमन को 6.01 से 6.15 के रूप में संख्याकित किया गया है।

68. "एन्विस्टैट्स-इंडिया'' प्रकाशन अपने आप में कोई लक्ष्य नहीं है। यह ''बेहतर पर्यावरण, बेहतर भविष्य'' प्राप्त करने के साधन के रूप में परिकल्पित है।

*****

पर्यावरणीय स्थिति एवं गुणवत्ता

पर्यावरण की भौतिक, जैविक और रसायनिक लक्षण

- वायुमंडल, जलवायु और मौसम
- भूविज्ञानी एवं भौगोलिक सूचना
- मृदा की विशेषताएं
- भूमि आच्छादन, पारिस्थितिकी तंत्र एवं जैव विविधता
- पर्यावरण के वायु, मीठे पानी और समुद्री जल की गुणवत्ता

विवरण 1.01 : वार्षिक एवं मौसमी औसत तापमान - भारत

ईकाई - (°C)

वर्ष	वार्षिक	जनवरी-फरवरी	मार्च-मई	जून-सितंबर	अक्तूबर-दिसंबर
1901-10	25.26	20.37	27.36	27.85	22.98
1911-20	25.27	20.68	27.24	27.81	22.98
1921-30	25.40	20.69	27.71	27.83	22.97
1931-40	25.38	20.81	27.45	27.78	23.15
1941-50	25.38	20.58	27.60	27.90	23.01
1951-60	25.53	20.97	27.70	27.90	23.22
1961-70	25.44	20.81	27.55	27.88	23.17
1981-90	25.57	20.93	27.56	28.03	23.38
1991-2000	25.73	21.09	27.76	28.12	23.60
2001	25.87	21.29	27.96	28.02	23.98
2002	26.03	21.29	28.28	28.30	23.94
2003	25.90	21.32	28.09	28.23	23.67
2004	25.94	21.36	28.35	28.13	23.67
2005	25.86	21.41	27.93	28.40	23.37
2006	26.15	22.59	27.92	28.17	24.06
2007	26.01	21.54	28.18	28.26	23.82
2008	25.85	20.78	27.97	27.96	24.30
2009	26.40	22.31	28.44	28.74	23.94
2010	26.41	21.76	29.34	28.39	23.94
2011	25.82	20.91	27.84	28.18	23.92
2012	25.89	20.73	28.02	28.48	23.76
2013	25.96	21.41	28.29	28.10	23.80
2014	26.01	21.05	27.85	28.68	23.93
2015	26.15	21.57	27.81	28.53	24.38
2016	26.46	22.25	28.86	28.45	24.20

स्रोत : भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (data.gov.in से प्राप्त)

* अवधि हेतु औसत दर्शाता है

विवरण: 1.02 - वार्षिक एवं मौसमी न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान - भारत

ईकाई - (°C)

वर्ष	वार्षिक		जनवरी-फरवरी		मार्च-मई		जून-सितंबर		अक्तूबर-दिसंबर	
	न्यूनतम	अधिकतम	न्यूनतम	अधिकतम	न्यूनतम	अधिकतम	न्यूनतम	अधिकतम	न्यूनतम	अधिकतम
1901-10	20.21	30.45	13.60	27.25	21.32	33.42	23.98	31.98	16.92	28.74
1911-20	20.18	30.31	14.37	26.71	21.01	33.61	23.94	32.11	17.47	28.98
1921-30	20.45	30.52	14.09	27.09	21.78	34.17	24.09	31.76	17.42	28.26
1931-40	20.47	30.34	14.94	26.62	21.72	33.42	24.13	31.64	17.54	28.71
1941-50	19.88	30.70	13.53	27.37	21.50	33.74	24.03	31.77	16.54	29.11
1951-60	20.45	30.72	14.40	27.52	21.56	33.90	23.91	31.84	17.18	29.20
1961-70	20.14	30.97	14.25	27.79	21.20	33.89	23.84	32.01	17.06	29.20
1971-80	19.93	30.93	13.94	27.38	21.41	33.96	23.61	32.42	17.13	29.31
1981-90	20.20	31.09	14.35	27.67	21.49	34.06	23.88	32.80	17.51	29.29
1991-2000	20.43	30.91	14.73	27.22	21.64	33.72	24.15	32.23	17.75	29.76
2001	20.86	30.89	15.26	27.32	22.43	33.49	24.29	31.75	18.45	29.52
2002	21.00	31.07	15.43	27.15	22.75	33.80	24.42	32.17	18.40	29.47
2003	20.93	30.88	15.56	27.09	22.56	33.62	24.43	32.02	18.20	29.15
2004	20.93	30.96	15.49	27.23	22.71	33.99	24.29	31.97	18.28	29.07
2005	20.83	30.89	15.87	26.94	22.31	33.55	24.46	32.34	17.84	28.91
2006	21.11	31.20	16.17	29.00	22.33	33.51	24.37	31.98	18.82	29.31
2007	21.02	31.00	15.72	27.37	22.60	33.77	24.58	31.94	18.23	29.42
2008	20.85	30.85	14.91	26.64	22.31	33.63	24.22	31.70	18.87	29.74
2009	21.24	31.55	16.25	28.37	22.67	34.21	24.69	32.80	18.54	29.34
2010	21.45	31.37	15.82	27.70	23.56	35.11	24.58	32.19	18.91	28.98
2011	20.67	30.97	14.81	27.02	22.10	33.58	24.39	31.97	18.18	29.65
2012	20.70	31.08	14.69	26.78	22.07	33.97	24.58	32.37	18.18	29.34
2013	20.99	30.93	15.54	27.28	22.50	34.09	24.41	31.80	18.55	29.05
2014	20.99	31.04	15.44	26.66	22.09	33.62	24.74	32.61	18.58	29.28
2015	21.13	31.18	15.76	27.39	22.29	33.34	24.53	32.52	19.01	29.74
2016	21.28	31.63	16.17	28.33	23.15	34.57	24.61	32.28	18.37	30.04

स्रोत : भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (data.gov.in से प्राप्त)

* अवधि हेतु न्यूनतम और अधिकतम दर्शाता है

विवरण 1.03: वार्षिक एवं मासिक वर्षा - भारत

ईकाई-मिलीमीटर

वर्ष	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितंबर	अक्तूबर	नवंबर	दिसंबर	वार्षिक
1901-10	19.7	22.4	24.2	37.1	49.5	147.8	273.5	254.9	161.4	60.8	21.5	15.9	1088.7
1911-20	20.2	25.4	32.6	36.2	64.8	186.7	268.4	247.1	165.6	78.6	36.5	12.5	1174.6
1921-30	25.6	23.3	23.2	40.6	61.5	167.9	315.9	256.9	180.4	77.1	35.0	18.0	1225.3
1931-40	17.8	31.8	28.3	40.6	66.4	190.5	308.1	263.4	176.9	79.3	33.1	14.4	1250.5
1941-50	27.0	24.4	29.8	42.0	71.2	165.3	322.0	264.7	192.0	72.7	29.7	15.0	1255.7
1951-60	23.6	16.0	28.9	33.6	66.9	162.9	307.9	271.7	183.9	98.9	24.0	11.4	1229.8
1961-70	15.9	20.4	28.2	36.9	58.8	159.9	292.3	262.7	177.9	69.1	24.1	18.5	1164.4
1971-80	15.3	21.9	24.1	36.6	59.2	172.3	279.6	263.2	156.5	76.9	36.4	14.2	1156.2
1981-90	18.2	25.9	36.5	43.2	67.2	164.6	285.5	263.1	172.2	72.9	27.0	20.3	1196.5
1991-2000	20.0	23.3	28.0	34.7	64.8	171.6	289.9	256.2	167.2	78.9	30.2	15.6	1180.1
2001	7.2	10.3	21.3	45.5	61.3	215.1	281.1	210.0	109.2	97.7	18.5	6.0	1083.3
2002	16.8	21.0	22.9	38.9	57.7	170.1	138.9	246.2	133.9	54.4	14.7	5.2	920.8
2003	7.2	42.1	33.7	35.5	38.6	164.5	305.6	247.8	179.9	92.7	10.2	16.6	1174.5
2004	26.2	10.7	11.9	50.6	74.5	167.8	241.7	252.5	123.6	88.8	16.9	6.1	1071.3
2005	40.3	46.0	42.6	38.5	50.3	146.9	340.3	192.0	200.7	96.2	27.2	11.5	1232.5
2006	17.4	11.5	34.4	30.4	80.7	151.4	298.5	302.6	175.4	52.3	32.1	12.7	1199.4
2007	2.7	35.7	34.4	33.6	50.4	201.4	295.8	259.2	215.1	55.3	15.2	16.7	1215.6
2008	22.4	19.2	37.7	32.6	45.2	208.8	250.0	264.3	165.7	50.5	25.1	10.8	1132.1
2009	11.8	13.2	15.2	26.0	56.6	86.5	283.7	191.9	140.3	70.1	53.2	10.8	959.3
2010	7.5	16.3	16.6	42.1	69.0	140.9	293.6	272.3	195.6	67.7	56.7	22.1	1200.5
2011	7.7	26.3	21.4	41.0	51.6	182.8	243.0	284.6	190.5	36.5	18.4	6.5	1110.1
2012	28.5	10.8	10.6	48.5	32.1	125.0	258.1	263.9	197.7	59.8	28.9	9.6	1073.5
2013	10.0	36.9	14.5	29.4	56.5	217.9	305.4	248.4	148.4	128.9	13.7	6.2	1216.2
2014	17.3	25.9	32.6	20.2	72.8	95.5	258.8	237.9	187.9	60.9	13.5	10.4	1033.7
2015	17.4	21.0	62.0	69.4	53.8	192.8	242.4	205.2	131.8	42.9	39.4	15.0	1093.2
2016	7.8	10.1	30.8	31.4	68.1	147.6	309.2	239.6	168.0	54.5	7.7	8.4	1083.1

स्रोत : भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (data.gov.in से प्राप्त)

* अवधि हेतु औसत दर्शाता है

विवरण 1.04: दीर्घावधिक औसत से प्रस्थान के रूप में मानसून का प्रदर्शन

(जून-सितंबर)

क्र. सं.	वर्ष	मौसम विज्ञानी उप मंडलों की संख्या			देश के लिए पूर्णरूपेण दीर्घावधिक औसत वर्षा का प्रतिशत
		सामान्य	विस्तृत अतिरेक/अतिरेक (एलई/ई)	अपूर्ण/विस्तृत अपूर्ण (डी/एलडी)	
1	1998	22	11	2	105
2	1999	25	3	7	96
3	2000	23	5	7	92
4	2001	28	1	6	91
5	2002	14	1	21	81
6	2003	23	8	5	105
7	2004	23	0	13	87
8	2005	24	8	4	99
9	2006	21	6	9	100
10	2007	18	13	5	106
11	2008	31	2	3	98
12	2009	11	3	22	78
13	2010	17	14	5	102
14	2011	26	7	3	102
15	2012	22	1	13	93
16	2013	16	14	6	106
17	2014	24	1	11	88
18	2015	19	1	16	86
19	2016	22	4	10	97

स्रोत : भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय।

श्रेणी: एलपीए (दीर्घावधिक औसत) से प्रतिशतता

एलई-विस्तृत अतिरेक	+60 प्रतिशत या अधिक	डी : अपूर्ण	-20 प्रतिशत से -59 प्रतिशत
ई-अतिरेक	+20 प्रतिशत से +59 प्रतिशत	एलडी : विस्तृत अपूर्ण	-60 प्रतिशत से -90 प्रतिशत
एन-सामान्य	+19 प्रतिशत -19 प्रतिशत	एनआर : कोई वर्षा नहीं	-100 प्रतिशत

विवरण 1.05 : उप मंडलीय वास्तविक एवं सामान्य वर्षा

ईकाई-मिलीमीटर

क्र. सं.	मौसम विज्ञानी उप-मंडल	2012		2013		2014		2015		2016	
		वास्तविक	सामान्य	वास्तविक	सामान्य	वास्तविक	सामान्य	वास्तविक	सामान्य	वास्तविक	सामान्य
पूर्वी एवं उत्तर भारत											
1	अरुणाचल प्रदेश	2760.9	2933.7	2042.9	2933.7	2403.2	2933.7	2593.2	2933.7	2706.9	2933.7
2	असम एवं मेघालय	2321.3	2624.9	1811.5	2624.9	2171.9	2624.9	2509.4	2624.9	2266.9	2624.9
3	बिहार	924.2	1205.6	1069.9	1205.6	1061.0	1205.6	874.0	1205.6	1158	1205.6
4	पश्चिम बंगाल में गंगा का	1258.3	1527.2	1804.7	1527.2	1241.7	1527.2	1507.7	1527.2	1427	1527.2
5	झारखंड	1102.0	1296.3	1253.6	1296.3	1156.6	1296.3	1085.6	1296.3	1264	1296.3
6	नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर एवं त्रिपुरा	1669.2	2278.0	1557.2	2278.0	1599.9	2278	1947.4	2278.0	1956.4	2278
7	उप हिमालयी पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम	2630.2	2708.9	2406.1	2708.9	2322.6	2708.9	2501.7	2708.9	2624.8	2708.9
उत्तर पश्चिम भारत											
1	हरियाणा, चंडीगढ़ एवं दिल्ली	313.6	562.8	461.3	562.8	305.6	562.8	437.8	562.8	6	562.8
2	हिमाचल प्रदेश	1035.1	1373.9	1216.9	1373.9	1019.9	1373.9	1223.2	1373.9	444	1373.9
3	जम्मू एवं कश्मीर	1116.5	1205.3	1193.8	1205.3	1278.4	1205.3	1572.6	1205.3	902.8	1205.3
4	पंजाब	338.9	635.9	586.6	635.9	382.7	635.9	512.6	635.9	398.7	635.9
5	पूर्वी उत्तर प्रदेश	853.6	1018.6	1042.1	1018.6	701.4	1018.6	603.6	1018.6	871.7	1018.6
6	पश्चिमी उत्तर प्रदेश	582.8	886.2	925.9	886.2	487.0	886.2	586.4	886.2	692.8	886.2
7	उत्तराखंड	1309.7	1580.9	1735.4	1580.9	1287.4	1580.9	1247.6	1580.9	1308	1580.9
8	पूर्वी राजस्थान	695.8	671.3	834.9	671.3	683.0	671.3	650.6	671.3	860.6	671.3
9	पश्चिमी राजस्थान	318.3	299.3	389.4	299.3	302.4	299.2	458.6	299.2	247	299.2
मध्य भारत											
1	ओडिशा	1430.2	1460.5	1632.4	1460.5	1536.9	1460.5	1210.1	1460.5	1253.5	1460.5
2	पश्चिमी मध्य प्रदेश	1012.3	956.3	1396.3	956.3	864.9	956.3	1045.4	956.3	1098	956.3
3	पूर्वी मध्य प्रदेश	1097.0	1169.4	1521.9	1169.4	924.1	1169.4	943.5	1169.4	1340	1169.4
4	गुजरात संभाग	652.0	943.4	1250.5	943.4	792.2	943.4	677.6	943.4	764.9	956.9
5	सौराष्ट्र, कच्छ	315.2	507.0	823.9	507.0	467.8	507.0	516.1	507.0	482.9	511.3
6	कोकंण एवं गोवा	2993.9	3100.5	3684.9	3100.5	2913.2	3100.2	2191.5	3100.2	3663.9	3101.1
7	मध्य महाराष्ट्र	664.2	876.8	962.4	876.8	838.0	876.8	629.5	876.8	906.3	876.8
8	मराठवाडा	538.4	821.6	888	821.6	548.9	821.6	532.8	821.6	949	821.6
9	विदार्भ	1090.3	1084.5	1520	1084.5	919.2	1084.5	993.7	1084.5	1163	1084.5
10	छत्तीसगढ़	1366.8	1290.7	1418.3	1290.7	1274.7	1290.7	1136.0	1290.7	1315.8	1298.9
दक्षिणी प्रायद्वीप											
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	3515.9	2926.3	3757.8	2926.3	2622.4	2926.3	2904.4	2926.3	2851.9	2926.3
2	तटीय आंध्र प्रदेश	1183.4	1024.2	1081.8	1024.2	777.4	1024.2	987.9	1024.2	908.9	1024.2
3	तेलंगाना	972.8	942.6	1272.1	942.6	685.6	942.6	747.9	942.6	1043.4	942.6
4	रायलसीमा	665.3	706.1	677.2	706.1	523.4	706.1	875.6	706.1	555.4	706.1
5	तमिलनाडु एवं पुद्दुचेरी	709.6	914.4	741.9	914.4	913.2	914.4	1204.5	914.4	535	914.4
6	तटीय कर्नाटक	3395.0	3526.3	4044.6	3526.3	3563.9	3526.3	2757.3	3526.3	2619.7	3526.3
7	उत्तरी आंतरिक कर्नाटक	529.4	740.3	723.2	740.3	756.8	740.3	549.9	740.3	625	740.3
8	दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक	832.1	1019.2	1110.7	1019.2	1184.1	1019.2	1083.8	1019.2	687.3	1019.2
9	केरल	2187.5	2923.4	3255.4	2923.4	3046.4	2924.3	2602.9	2924.3	1870.9	2924.3
10	लक्षद्वीप	1433.2	1600.0	1426.3	1600.0	1395.0	1600	1640.0	1600.0	1065.7	1600

स्रोत : भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

विवरण 1.06 : (क) जिलों का राज्यवार वर्षा वितरण

मौसम: मानसून, 2016

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एलई	ई	एन	डी	एलडी	एनआर	एनडी	कुल	सामान्य वर्षा का प्रतिशत
1	आंध्र प्रदेश	0	4	8	1	0	0	0	**13**	**62**
2	अरुणाचल प्रदेश	2	0	4	5	1	0	4	**16**	**25**
3	असम	0	0	14	12	0	0	1	**27**	**52**
4	बिहार	0	7	20	11	0	0	0	**38**	**53**
5	छत्तीसगढ़	0	5	18	4	0	0	0	**27**	**67**
6	गोवा	0	0	2	0	0	0	0	**2**	**100**
7	गुजरात	0	2	15	16	0	0	0	**33**	**45**
8	हरियाणा	0	0	9	11	1	0	0	**21**	**43**
9	हिमाचल प्रदेश	0	0	8	3	1	0	0	**12**	**67**
10	जम्मू एवं कश्मीर	0	1	10	5	1	0	5	**22**	**45**
11	झारखंड	1	3	15	5	0	0	0	**24**	**63**
12	कर्नाटक	0	2	16	12	0	0	0	**30**	**53**
13	केरल	0	0	0	14	0	0	0	**14**	**0**
14	मध्य प्रदेश	2	23	21	5	0	0	0	**51**	**41**
15	महाराष्ट्र	0	17	17	2	0	0	0	**36**	**47**
16	मणिपुर	1	0	0	1	0	0	7	**9**	**0**
17	मेघालय	0	1	1	2	0	0	3	**7**	**14**
18	मिजोरम	0	0	3	1	0	0	5	**9**	**33**
19	नागालैंड	0	1	1	2	0	0	7	**11**	**9**
20	ओडिशा	0	0	25	5	0	0	0	**30**	**83**
21	पंजाब	0	2	8	8	2	0	0	**20**	**40**
22	राजस्थान	2	19	11	1	0	0	0	**33**	**33**
23	सिक्किम	0	0	4	0	0	0	0	**4**	**100**
24	तमिलनाडु	0	1	14	16	1	0	0	**32**	**44**
25	तेलंगाना	0	7	3	0	0	0	0	**10**	**30**
26	त्रिपुरा	0	0	2	2	0	0	0	**4**	**50**
27	उत्तर प्रदेश	0	6	30	31	5	0	0	**72**	**42**
28	उत्तराखंड	0	2	6	5	0	0	0	**13**	**46**
29	पश्चिम बंगाल	0	0	17	2	0	0	0	**19**	**89**
30	अंडमान एवं निकोबार दवीपसमूह	0	0	2	1	0	0	0	**3**	**67**
31	चंडीगढ़	0	0	0	1	0	0	0	**1**	**0**
32	दादरा एवं नगर हवेली	0	1	0	0	0	0	0	**1**	**0**
33	दमन एवं दीव	0	1	1	0	0	0	0	**2**	**50**
34	दिल्ली	0	0	6	2	0	0	1	**9**	**67**
35	लक्षद्वीप	0	0	0	1	0	0	0	**1**	**0**
36	पुद्दुचेरी	0	0	2	0	0	0	2	**4**	**50**
कुल		**8**	**105**	**313**	**187**	**12**	**0**	**35**	**660**	**47**

स्रोत : भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

टिप्पणी: वर्षा की श्रेणियों को 2016 से संशोधित किया गया है।

एलई: विस्तृत अतिरेक +60 प्रतिशत या अधिक

ई: अतिरेक +20 प्रतिशत से +59 प्रतिशत

एन: सामान्य +19 प्रतिशत से -19 प्रतिशत

डी: अपूर्ण -20 प्रतिशत से -59 प्रतिशत

एलडी: विस्तृत अपूर्ण -60 प्रतिशत से -90 प्रतिशत

एनआर: कोई वर्षा नहीं -100 प्रतिशत

विवरण 1.06 : (ख) जिलों का राज्यवार वर्षा वितरण

मौसम: मानसून, 2011

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	ई	एन	डी	एस	एनआर	एनडी	कुल	सामान्य वर्षा का प्रतिशत
1	आंध्र प्रदेश	1	18	4	0	0	0	23	**78**
2	अरुणाचल प्रदेश	1	2	7	1	0	5	16	**13**
3	असम	0	6	18	0	0	3	27	**22**
4	बिहार	9	18	11	0	0	0	38	**47**
5	छत्तीसगढ़	3	14	1	0	0	0	18	**78**
6	गोवा	1	1	0	0	0	0	2	**50**
7	गुजरात	10	12	4	0	0	0	26	**46**
8	हरियाणा	1	11	8	1	0	0	21	**52**
9	हिमाचल प्रदेश	1	8	2	1	0	0	12	**67**
10	जम्मू एवं कश्मीर	3	11	3	2	0	3	22	**50**
11	झारखंड	6	11	2	0	0	5	24	**46**
12	कर्नाटक	3	15	12	0	0	0	30	**50**
13	केरल	2	10	2	0	0	0	14	**71**
14	मध्य प्रदेश	20	28	2	0	0	0	50	**56**
15	महाराष्ट्र	7	26	2	0	0	0	35	**74**
16	मणिपुर	0	1	0	0	0	8	9	**11**
17	मेघालय	0	3	1	0	0	3	7	**43**
18	मिजोरम	0	0	1	0	0	8	9	**0**
19	नागालैंड	0	0	3	0	0	8	11	**0**
20	ओडिसा	4	22	4	0	0	0	30	**73**
21	पंजाब	4	10	5	1	0	0	20	**50**
22	राजस्थान	29	4	0	0	0	0	33	**12**
23	सिक्किम	0	3	0	0	0	1	4	**75**
24	तमिलनाडु	6	11	14	1	0	0	32	**34**
25	त्रिपुरा	0	3	1	0	0	0	4	**75**
26	उत्तर प्रदेश	9	40	21	1	0	0	71	**56**
27	उत्तराखंड	7	6	0	0	0	0	13	**46**
28	पश्चिम बंगाल	8	10	1	0	0	0	19	**53**
29	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	1	2	0	0	0	0	3	**67**
30	चंडीगढ़	0	1	0	0	0	0	1	**100**
31	दादरा एवं नगर हवेली	0	2	0	0	0	0	2	**100**
32	दमन एवं दीव	0	1	0	0	0	0	1	**100**
33	दिल्ली	1	4	4	0	0	0	9	**44**
34	लक्षद्वीप	0	1	0	0	0	0	1	**100**
35	पुद्दुचेरी	1	0	1	0	0	2	4	**0**
कुल		**138**	**315**	**134**	**8**	**0**	**46**	**641**	**49**

स्रोत : भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

संक्षेपाक्षर:

ई: अतिरेक एन: सामान्य एनडी: कोई डाटा नहीं

डी: अपूर्ण एस: न्यून

एनआर: कोई वर्षा नहीं खाली आंकड़े शून्य को दर्शाते हैं

विवरण 1.07 : भारत में दलदली भूमि

(क्षेत्रफल हेक्टेयर में)

क्र. सं.	वेटकोड	दलदली भूमि की श्रेणी	दलदली भूमि की संख्या	दलदली भूमि का कुल क्षेत्रफल	दलदली भूमि के क्षेत्रफल का	खुला जल	
						मानसून पश्चात क्षेत्रफल	मानसून पूर्व क्षेत्रफल
	1100	**अन्तर्देशीय दलदली भूमि-प्राकृतिक**					
1	1101	झील/तालाब	11740	729532	4.78	454416	198054
2	1102	ऑक्स-बो लेक/कट-ऑफ मेंडर	4673	104124	0.68	57576	37818
3	1103	अधिक तुंगता वाली झील	2707	124253	0.81	116615	109277
4	1104	तीरवर्ती दलदली भूमि	2834	91682	0.60	48918	29739
5	1105	जलाप्लावित	11957	315091	2.06	197003	112631
6	1106	नदी/धारा	11747	5258385	34.46	3226238	2628182
	1200	**अन्तर्देशीय दलदली भूमि-मानव निर्मित**					
7	1201	जलाशय/बैराज	14894	2481987	16.26	2260574	1268237
8	1202	टैंक/तालाब	122370	1310443	8.59	916020	349512
9	1203	जलाप्लावित	5488	135704	0.89	85715	33822
10	1204	लवण क्यारी	60	13698	0.09	5293	2599
		कुल - अन्तर्देशीय	**188470**	**10564899**	**69.22**	**7368368**	**4769871**
	2100	**तटीय दलदली भूमि-प्राकृतिक**					
11	2101	लैगून	178	246044	1.61	208915	191301
12	2102	संकरी खाड़ी	586	206698	1.35	199743	189489
13	2103	बालू/बालू-तट	1353	63033	0.41	-	-
14	2104	अंतराज्वारीय कीचड़दार भूमि	2931	2413642	15.82	516636	366953
15	2105	लवण कच्छ	744	161144	1.06	5369	2596
16	2106	गरान	3806	471407	3.09	-	-
17	2107	प्रवाल भित्ति	606	142003	0.93	-	-
	2200	**तटीय दलदली भूमि-मानव निर्मित**					
18	2201	लवण क्यारी	609	148913	0.98	105253	94047
19	2202	मत्स्यपालन तालाब	2220	287232	1.88	196514	186963
		कुल - तटीय	**13033**	**4140116**	**27.13**	**1232430**	**1031349**
		उप जोड़	**201503**	**14705015**	**96.35**	**8600798**	**5801220**
		दलदली भूमि (2.25 हेक्टेयर से कम	555557	555557	3.64	-	-
		कुल	**757060**	**15260572**	**99.99**	**8600798**	**5801220**

जलीय वनस्पति के तहत क्षेत्रफल	1322837	2065096
आविलता स्तर के तहत क्षेत्रफल		
निम्न	3206003	1888493
मध्यम	4168401	2967523
उच्च	1226394	945204

स्रोत : राष्ट्रीय दलदली भूमि एटलस, राष्ट्रीय दूरस्थ संवेदी केंद्र, भारत सरकार

विवरण 1.08 : राज्यवार अंतर्देशीय जल संसाधन

क्र. सं.	राज्य	नदियां एवं नहरें (लंबाई किलोमीटर में)	जलाशय (लाख हेक्टेयर)	टैंक एवं तालाब (लाख हेक्टेयर)	बाढ़ क्षेत्र की झीलें एवं परित्यक्त जल (लाख हेक्टेयर)	खारा जल (लाख हेक्टेयर)	कुल (लाख हेक्टेयर)
1	आंध्र प्रदेश	11514	2.34	5.17	-	0.60	8.11
2	अरुणाचल प्रदेश	2000	-	2.76	0.42	-	3.18
3	असम	4820	0.02	0.23	1.10	-	1.35
4	बिहार	3200	0.60	0.95	0.05	-	1.60
5	छत्तीसगढ़	3573	0.84	0.63	-	-	1.47
6	गोवा	250	0.03	0.03	-	एनईजी	0.06
7	गुजरात	3865	2.43	0.71	0.12	1.00	4.26
8	हरियाणा	5000	एनईजी	0.10	0.10	-	0.20
9	हिमाचल प्रदेश	3000	0.42	0.01	-	-	0.43
10	जम्मू एवं कश्मीर	27781	0.07	0.17	0.06	-	0.30
11	झारखंड	4200	0.94	0.29	-	-	1.23
12	कर्नाटक	9000	4.40	2.90	-	0.10	7.40
13	केरल	3092	0.30	0.30	2.43	2.40	5.43
14	मध्य प्रदेश	17088	2.27	0.60	-	-	2.87
15	महाराष्ट्र	16000	2.79	0.59	-	0.10	3.48
16	मणिपुर	3360	0.01	0.05	0.04	-	0.10
17	मेघालय	5600	0.08	0.02	एनईजी	-	0.10
18	मिजोरम	1395	-	0.02	-	-	0.02
19	नागालैंड	1600	0.17	0.50	एनईजी	-	0.67
20	ओडिशा	4500	2.56	1.14	1.80	4.30	9.80
21	पंजाब	15270	एनईजी	0.07	-	-	0.07
22	राजस्थान	5290	1.20	1.80	-	-	3.00
23	सिक्किम	900	-	-	0.03	-	0.03
24	तमिलनाडु	7420	5.70	0.56	0.07	0.60	6.93
25	त्रिपुरा	1200	0.05	0.13	-	-	0.18
26	उत्तर प्रदेश	28500	1.38	1.61	1.33	-	4.32
27	उत्तराखंड	2686	0.20	0.01	0.00	-	0.21
28	पश्चिम बंगाल	2526	0.17	2.76	0.42	2.10	5.45
29	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	-	0.00367	0.001600	-	0.33	0.33527
30	चंडीगढ़	2	-	एनईजी	एनईजी	-	0.00
31	दादरा एवं नगर हवेली	54	0.05	-	-	-	0.05
32	दमन एवं दीव	12	-	एनईजी	-	एनईजी	0.00
33	दिल्ली	150	0.04	-	-	-	0.04
34	लक्षद्वीप	-		-	-	-	0.00
35	पुद्दुचेरी	247	-	एनईजी	0.01	एनईजी	0.01
कुल		**195095**	**29.26**	**24.32**	**7.98**	**11.55**	**73.12**

स्रोत : वार्षिक रिपोर्ट 2016-17, पशुपालन, डेयरी एवं मछली पालन विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

एनईजी: नगण्य

विवरण 1.09 : भारत में पनढाल

बेसिन का नाम एवं नदी की लम्बाई	क्र. सं.	उप-बेसिन का नाम	क्षेत्रफल (वर्ग किलोमीटर में)	पनढाल के प्रमाप की रेंज (वर्ग किलोमीटर)	पनढाल की संख्या	बाँध	बैराज	मेड़	एनीकट	लिफ्ट	पावर हाउस
सिंधु - 1114 (2280) किलोमीटर	1	ब्यास	19002.47	389-999	30	11	2	5	0	4	16
	2	चैनाब	29981.38	323-1127	48	4	0	2	0	5	6
	3	घग्गर एवं अन्य	26235.29	207-1158	45	2	0	0	0	5	0
	4	गिलगित	27088.70	340-1012	37	0	0	0	0	0	0
	5	झेलम	29200.52	320-1322	44	3	1	5	0	26	8
	6	लोअर सिंधु	23894.10	319-1270	31	0	0	0	0	0	0
	7	रावी	13710.20	390-1303	20	7	3	1	0	2	9
	8	श्योक	38545.05	430-1374	53	0	0	0	0	0	0
	9	सतलुज लोअर	38442.79	329-1296	58	7	4	0	0	3	6
	10	सतलुज अपर	21439.43	384-952	31	4	1	2	0	0	10
	11	अपर सिंधु	46450.13	383-974	70	1	2	3	0	0	4
गंगा - 2525 किलोमीटर	12	रामगंगा के संगम के पहले	39104.61	430-1301	51	3	9	0	0	0	11
	13	बनास	51651.51	331-1433	64	76	0	0	0	0	0
	14	भागीरथी एवं अन्य (गंगा लोअर)	64038.97	308 - 1755	75	12	10	3	0	0	4
	15	चंबल लोअर	10941.26	406 - 1136	14	3	0	0	0	2	0
	16	चंबल अपर	25546.57	405 - 1404	30	31	1	0	0	1	2
	17	दमोदर	41965.49	326 - 1301	60	39	3	6	0	0	4
	18	गंडक एवं अन्य	56260.43	335 - 1309	76	30	5	36	0	6	0
	19	घाघरा संगम से गोमती संगम	58634.18	372 - 1762	36	11	7	0	0	7	3
	20	घाघरा	26254.06	375 - 1300	76	12	0	7	0	7	2
	21	गोमती	29865.21	333 - 1331	41	0	1	0	0	0	0
	22	पार्वती के संगम से पहले काली सिंध एवं अन्य	48492.61	430 - 1275	64	125	1	2	0	0	1
	23	कोसी	18413.58	304 - 1695	19	0	0	2	0	0	1
	24	रामगंगा	30839.69	350 - 1443	40	11	9	1	0	0	1
	25	सोन	65110.05	381 - 1389	83	159	2	19	0	5	7
	26	टोन्स	16905.74	442 - 1173	23	32	3	1	0	2	2

विवरण 1.09 : भारत में पनढाल

बेसिन का नाम एवं नदी की लम्बाई	क्र. सं.	उप-बेसिन का नाम	क्षेत्रफल (वर्ग किलोमीटर में)	पनढाल के प्रमाप की रेंज (वर्ग किलोमीटर)	पनढाल की संख्या	बाँध	बैराज	मेड़	एनीकट	लिफ्ट	पावर हाउस
गंगा - 2525 किलोमीटर	27	गोमती संगम से मुजफ्फरनगर धारा के प्रतिकूल	29061.37	364 - 1281	40	14	0	1	0	2	1
	28	यमुना लोअर	124867.19	734 - 1781	98	201	5	11	1	7	3
	29	यमुना मिडल	34586.39	410 - 1232	43	19	1	0	0	0	0
	30	यमुना अपर	35798.19	328 - 1241	47	6	9	3	0	6	14
ब्रह्मपुत्र - 916 (2900) किलोमीटर	31	ब्रह्मपुत्र लोअर	87392.22	429 - 1490	83	13	16	5	0	2	18
	32	ब्रह्मपुत्र अपर	98972.87	489 - 1473	97	3	1	0	0	2	3
कावेरी - 800 किलोमीटर	33	कावेरी लोअर	17386.45	321 - 979	28	2	0	1	3	0	0
	34	कावेरी मिडल	57280.98	377-935	86	85	10	3	9	2	23
	35	कावेरी अपर	10958.80	363-991	18	9	0	0	0	7	1
गोदावरी - 1465 किलोमीटर	36	वर्धा	46242.09	361 - 946	69	236	3	4	0	4	0
	37	वेनगंगा	49695.40	305 - 972	80	149	2	3	0	15	1
	38	गोदावरी लोअर	44492.93	304 - 990	67	28	5	3	1	7	7
	39	गोदावरी मिडल	36290.47	325 - 955	56	186	16	0	0	15	3
	40	गोदावरी अपर	21443.23	331 - 988	33	114	0	5	0	7	3
	41	इंद्रावती	38306.10	343 - 993	60	21	0	0	0	0	0
	42	मंजरा	29472.88	421 - 981	44	128	1	1	0	6	2
	43	प्राणहिता एवं अन्य	36119.60	326 - 982	57	59	1	2	0	8	0
सुवर्णरेखा	44	सुवर्णरेखा	25792.16	387 - 962	45	38	4	12	-	-	3
बराक एवं अन्य	45	बराक	27658.98	365-844	47	1	0	0	0	0	1
	46	क्यूंनचियांग एवं दक्षिण की ओर बहने वाली अन्य नदियां	10267.39	309-790	17	2	0	0	0	0	1
	47	नाओचचारा एवं अन्य	76,95.81	384-857	13	1	3	0	0	0	1

विवरण 1.09 : भारत में पनढाल

बेसिन का नाम एवं नदी की लम्बाई	क्र. सं.	उप-बेसिन का नाम	क्षेत्रफल (वर्ग किलोमीटर में)	पनढाल के प्रमाप की रेंज (वर्ग किलोमीटर)	पनढाल की संख्या	बाँध	बैराज	मेड़	एनीकट	लिफ्ट	पावर हाउस
कृष्णा - 1401 किलोमीटर	48	भीमा लोअर	23652.70	396 - 929	36	68	5	0	0	2	0
	49	भीमा अपर	44793.32	351 - 940	71	273	0	1	0	30	9
	50	कृष्णा लोअर	39494.33	277 - 971	59	29	2	0	2	1	4
	51	कृष्णा मिडल	22229.12	341 - 963	36	34	0	0	0	8	4
	52	कृष्णा अपर	54504.77	322 - 964	85	188	4	57	0	61	10
	53	तुंगभ्रदा लोअर	41556.48	357 - 976	59	37	0	0	3	4	3
	54	तुंगभ्रदा अपर	28519.41	331 - 924	45	31	1	0	1	13	5
ब्राह्मणी एवं वैतरणी - 799 किलोमीटर	55	वैतरणी	14351.23	472 - 975	21	18	2	1	1	-	-
	56	ब्राह्मणी	37545.83	333 - 964	58	43	3	3	0	-	-
पेन्नार - 597 किलोमीटर	57	पेन्नार लोअर	17979.85	358 - 851	29	19	0	0	2	-	-
	58	पेन्नार अपर	36263.58	310 - 927	61	39	0	1	0	-	-
महानदी - 851 किलोमीटर	59	महानदी लोअर	57958.88	320 - 1458	91	75	7	4	-	-	-
	60	महानदी मिडल	51895.91	301 - 902	88	116	3	5	-	-	-
	61	महानदी अपर	29796.64	314 - 908	48	62	4	4	-	-	-
पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां ताप्ती से ताडरी तक	62	वशिष्ठी एवं अन्य	27473.95	335 - 979	47	113	0	2	0	1	9
	63	भाटसोल एवं अन्य	29348.90	311 - 932	49	106	0	1	0	0	9
माही - 583 किलोमीटर	64	माही लोअर	13377.00	372 - 873	22	47	0	2	0	0	1
	65	माही अपर	24959.80	331 - 954	41	87	0	2	0	0	2
ताप्ती - 724 किलोमीटर	66	ताप्ती लोअर	4108.90	427 - 782	7	6	0	2	0	0	1
	67	ताप्ती मिडल	31766.67	366 - 938	47	225	6	7	0	5	1
	68	ताप्ती अपर	28047.34	322 - 937	46	125	2	2	0	8	0
पूर्व की ओर बहने वाली नदियां पेन्नार से कन्याकुमारी तक	69	वाईपार एवं अन्य	20356.69	318 - 888	33	18	0	1		-	2
	70	पलार एवं अन्य	35392.34	322 - 957	56	18	2	5		-	0
	71	पम्बा एवं अन्य	18289.41	317 - 938	30	7	0	2		-	3
	72	पोन्नीयार एवं अन्य	28249.49	357 - 900	46	18	0	5		-	1
नर्मदा - 1312 किलोमीटर	73	नर्मदा लोअर	8904.02	308 - 750	16	22	0	1	-	0	2
	74	नर्मदा मिडल	40575.72	338 - 957	63	134	1	0	-	3	4
	75	नर्मदा अपर	43192.68	327 - 986	71	121	1	1	-	1	3

विवरण 1.09 : भारत में पनढाल

बेसिन का नाम एवं नदी की लम्बाई	क्र. सं.	उप-बेसिन का नाम	क्षेत्रफल (वर्ग किलोमीटर में)	पनढाल के प्रमाप की रेंज (वर्ग किलोमीटर)	पनढाल की संख्या	बाँध	बैराज	मेड़	एनीकट	लिफ्ट	पावर हाउस
कच्छ और सौराष्ट्र की पश्चिम की बहने वाली नदियां जिसमें लुनी शामिल हैं	76	लूनी अपर	70202.58	381-1448	81	27	0	0	0	0	0
	77	लूनी लोअर	29180.12	316-1419	42	55	0	0	0	0	0
	78	रन का ड्रेनेज	21229.90	311-968	40	107	0	1	0	0	0
	79	सरस्वती	27260.84	309-1018	43	50	1	0	0	0	0
	80	भादर और अन्य डब्ल्यूएफआर	18489.70	331-965	30	70	0	6	0	0	0
	81	शेतरुंजी और अन्य ईएफआर	18221.67	300-856	32	99	0	3	0	0	0
साबरमती - 371 किमी	82	साबरमती लोअर	8904.02	398 - 986	17	17	0	0	0	0	0
	83	साबरमती अपर	40575.72	313 - 828	34	33	2	10	0	0	0
महानदी और पेन्नार के बीच पूरब की ओर बहने वाली नदियां	84	वामशधारा और अन्य	21870.63	392-930	34	27	2	12	6	0	0
	85	नागवती और अन्य	24372.24	358-928	41	21	2	0	3	0	0
	86	गोदावरी और कृष्णा के बीच पूरब की ओर बहने वाली नदियां	10342.29	472-902	16	3	0	0	0	0	0
	87	कृष्णा और पेन्नार के बीच पूरब की ओर बहने वाली नदियों	23334.63	205-1404	41	13	1	0	3	0	0
ताडरी से कन्याकुमारी तक पश्चिम की ओर	88	नेत्रवती एवं अन्य	18762.09	317-929	32	9	1	1	1	0	6
	89	पेरियार एवं अन्य	21895.21	340 - 934	37	40	4	2	0	0	17
	90	वरार एवं अन्य	14164.70	363 - 978	23	20	1	3	3	0	6
छोटी नदियां जिनका अपवाह म्यांमार एवं बंग्लादेश में है	92	इम्फाल एवं अन्य सब-बेसिन	16754.90	321 - 900	29	3	5	0	0	3	0
	93	कर्णफूली एवं अन्य सब-बेसिन	3776.84	312 - 882	6	-	-	-	-	-	-
	94	मांगपुई लुई एवं अन्य सब-बेसिन	7976.18	359 - 656	16	-	-	-	-	-	-
	95	मुहुरी एवं अन्य सब-बेसिन	1676.39	532 - 608	3	-	-	-	-	-	-

स्रोत : बेसिन-वार रिपोर्टें जो इंडिया डब्ल्यूआरआईएस से डाउनलोड की गई हैं

विवरण 1.10: प्रमुख नदी द्रोणियों का जलग्रहण क्षेत्र

क्र. सं.	नदी का नाम	उद्गम	लंबाई (किलोमी	जलग्रहण क्षेत्रफल (वर्ग
1	सिंधु	मानसरोवर (तिब्बत)	1114 (2880)	321289 (1165500)
2	क) गंगा	गंगोत्री	2525	861452 (1186000)
	ख) बह्मपुत्र	कैलाश पर्वत (तिब्बत)	916 (2900)	194413 (580000)
	(ग) बैरक एवं अन्य नदियां जो मेघना में बह रही हैं जैसे कि गोमती, मुहारी, फेन्नी आदि	मणिपुर पहाड़ियां (मणिपुर)		41723
3	साबरमती	अरावली पहाड़ियां (राजस्थान)	371	21674
4	माही	धार (मध्य प्रदेश)	583	34842
5	नर्मदा	अमरकंटक (मध्य प्रदेश)	1312	98796
6	ताप्ती	बेतूल (मध्य प्रदेश)	724	65145
7	ब्राह्मणी	रांची (बिहार)	799	39033
8	महानदी	नाजरी कस्बा (मध्य प्रदेश)	851	141589
9	गोदावरी	नासिक (महाराष्ट्र)	1465	312812
10	कृष्णा	महाबलेश्वर (महाराष्ट्र)	1401	258948
11	पेन्नार	कोलार (कर्नाटक)	597	55213
12	कावेरी	कुर्ग (कर्नाटक)	800	81155
कुल				**2528084**

स्रोत : जल आब्दिकी 2012, केंद्रीय जल आयोग

टिप्पणी: *कोष्ठक में दिए गए आंकड़े भारत एवं पड़ोसी देशों में कुल नदी द्रोणी को दर्शाते हैं।*

विवरण 1.11 : ऐसी हिमानी झीलों एवं जल पिंडों की स्थिति जिनकी निगरानी की जाती है

माह	ऐसी हिमानी झीलों/जल पिंडों की संख्या जिनकी निगरानी की जाती है	जल विस्तार क्षेत्र		
		वर्धित	ह्रासित	कोई परिवर्तन
जून-अक्तूबर, 2011	391	218	35	138
जून-अक्तूबर, 2012	391*	88	110	190
जून-अक्तूबर, 2013	476**	165	115	195
जून-अक्तूबर, 2014	438#	88	178	170
जून-अक्तूबर, 2015	459$	119	144	195
जून-अक्तूबर, 2016				
जून 2016	372	25	247	100
जुलाई, 2016	112	21	55	36
अगस्त, 2016	181	21	95	65
सितंबर, 2016	195	29	110	56
अक्तूबर, 2016	398	105	168	125
जून-अक्तूबर, 2017				
जून 2017	192	58	90	44
जुलाई, 2017	176	47	87	42
अगस्त, 2017	165	37	86	42
सितंबर, 2017	273	80	116	77
अक्तूबर, 2017	326	97	122	107

टिप्पणी: *: 3 नई हिमानी झीलें शामिल हैं जो पहले ओझल थीं

*: 1 हिमानी झील शामिल है जो सूखी है

#: 2 हिमानी झील शामिल है जो सूखी है

$: 1 हिमानी झील शामिल है जो सूखी है

स्रोत : भारतीय नदी द्रोणी के हिमालयी क्षेत्र में हिमखंडों, झीलों एवं जल पिंडों की निगरानी (संबंधित महीनों की रिपोर्टें), केंद्रीय जल आयोग

विवरण 1.12 : हिमानी झीलें जिनके जल विस्तार में काफी परिवर्तन हूआ है

(ए) झीलें जिनका जल विस्तार बढ़ रहा है

क्र. सं.	यूआईडी	लेक_आईडी	जल विस्तार क्षेत्र (हेक्टेयर	जल विस्तार क्षेत्र में अंतर का प्रतिशत				
			2009 (सूची)	2017	2016	2015	2014	2013
1	JK_5	01_42H_005	52	25.11	बादल	-3.8	-7.7	-3.8
2	JK_120	01_43M_003	208	23.92	11.54	21.2	-3.8	10.6
3	JK_159	01_43N_032	49	30.08	22.45	12.2	8.2	-4.1
4	JK_115	01_43K_014	112	23.25	बादल	16.1	13.4	6.3
5	HP_1	01_52D_001	688	29.05	26.16	8.6	9.4	11.3
6	HP_12	01_53E_001	72	81.65	79.17	15.3	20.8	29.2
7	HP_3	01_52H_002	62	44.58	29.03	25.8	21	21
8	JK_195	01_52I_003	180	24.12	23.33	17.2	शुष्क	9.4
9	CH_38	01_61C_010	88	27.28	बादल	9.1	4.5	0
10	CH_39	01_61C_011	408	27.3	बादल	12.5	0.5	-1.7
11	CH_53	01_61D_001	70	28.93	बादल	8.6	7.1	-2.9
12	CH_55	01_61D_003	46	66.97	बादल	-4.3	0	17.4
13	CH_101	01_62F_010	45	49.72	बादल	13.3	8.9	4.4
14	CH_298	03_62J_026	103	24.69	बादल	10.7	9.7	12.6
15	CH_303	03_62J_031	166	36.51	बादल	15.7	2.4	4.8
16	CH_304	03_62J_032	77	21.32	बादल	3.9	0	2.6
17	CH_313	03_62K_009	250	22.25	बादल	17.6	14.4	12.4
18	CH_423	03_71G_014	140	22.22	बादल	16.4	20.7	12.1
19	CH_430	03_71K_007	80	20.4	बादल	-3.8	1.3	11.3
20	CH_132	02_71H_012	89	40.63	बादल	41.6	34.8	23.6
21	CH_834	03_82J_004	378	45.7	बादल	34.1	11.6	9
22	CH_1075	03_91C_024	239	31.5	बादल	16.7	8.4	19.2
23	CH_183	02_71L_028	77	25.26	बादल	14.3	15.6	3.9
24	CH_188	02_71L_034	46	29.97	बादल	21.7	8.7	17.4
25	CH_244	02_72I_004	121	71.92	बादल	26.4	15.7	2
26	NP_64	02_72I_011	100	44.68	बादल	23	14	2
27	CH_235	02_71P_047	71	20.64	बादल	16.9	5.6	7
28	CH_217	02_71P_029	80	21.21	बादल	13.8	-6.3	10
29	CH_269	02_78A_003	124	22.35	बादल	14.5	6.5	4.8
30	CH_270	02_78A_004	84	24.71	बादल	10.7	8.3	9.5
31	CH_159	02_71L_004	86	38.86	बादल	10.7	9.3	12.8
32	JK_67	01_43G_001	22154	21.2	बादल	23.4	19	7.6
33	JK_187	01_52C_003	45	27.36	35.56	24.4	8.9	11.1
34	HP_5	01_52H_004	46	42.26	202.17	178.3	173.9	163
35	CH_432	03_71K_009	170	35.3	बादल	0	11.8	18.8
36	NP_57	02_72E_001	142	20.9	बादल	2.8	5.6	23.9
37	UK_8	02_53O_005	1510	21.17	0	2.2	-1.1	-31.8
38	SK_19	03_78A_013	63	28.29	60.32	28.6	14.3	0

स्रोतः अक्तूबर 2017 के लिए भारतीय नदी द्रोणी के हिमालयी क्षेत्र में हिमखंडों, झीलों एवं जल पिंडों की निगरानी, केंद्रीय जल आयोग

विवरण 1.12 : हिमानी झीलें जिनके जल विस्तार में काफी परिवर्तन हुआ है

(ख) झीलें जिनका जल विस्तार घट रहा है

क्र. सं.	यूआईडी	लेक_आईडी	जल विस्तार क्षेत्र (हेक्टेयर में)	जल विस्तार क्षेत्र में अंतर का प्रतिशत				
			2009 (सूची)	2017	2016	2015	2014	2013
1	CH_73	01_62B_001	440	-33.62	बादल	-9.50	-2.50	1.80
2	UK_11	02_53P_003	1078	-40.56	-29.78	1.60	-14.80	-13.60
3	CH_809	03_82G_048	55	-31.04	बादल	-29.10	-27.30	0.00
4	CH_259	02_77D_004	1273	-41.75	बादल	-15.60	-14.30	-9.80
5	CH_256	02_77D_001	5831	-65.74	बादल	-19.80	-18.50	-13.60
6	HP_6	01_52H_005	45	-41.51	बादल	-6.70	2.20	11.10
7	CH_812	03_82G_051	49	-75.85	बादल	बादल	-20.40	0.00
8	CH_816	03_82G_055	62	-22.69	बादल	-16.10	-17.70	0.00
5.2.2.a.	**2.Water-related diseases - Prevalence**	Number	I
5.2.2.a.	**3.Water-related diseases - Mortality**	Number	I
5.2.2.a.	4. Water-related diseases -*Loss of work days*	Number	III
5.2.2.a.	5. Water-related diseases -*Estimates of economic cost in monetary terms*	Currency	III
	Topic 5.2.3: Vector-borne diseases		

BASIC SET OF ENVIRONMENT STATISTICS (FDES 2013)

Topic	Statistics and Related Information	Category of Measurement	Tier
	(**Bold Text - Core Set/Tier 1**; Regular Text - Tier 2; *Italicized Text - Tier 3*)		
5.2.3.a.	**1.Vector-borne diseases - Incidence**	Number	I
5.2.3.a.	**2. Vector-borne diseases -Prevalence**	Number	I
5.2.3.a.	**3. Vector-borne diseases -Mortality**	Number	I
5.2.3.a.	4. Vector-borne diseases -*Loss of work days*	Number	III
5.2.3.a.	5. Vector-borne diseases -*Estimates of economic cost in monetary terms*	Currency	III
	Topic 5.2.4: Health problems associated with excessive UV radiation exposure		
5.2.4.a.	1. Health problems related to excessive UV radiation exposure - *Incidence*	Number	III
5.2.4.a.	2. Health problems related to excessive UV radiation exposure - *Prevalence*	Number	III
5.2.4.a.	3. Health problems related to excessive UV radiation exposure - *Loss of work days*	Number	III
5.2.4.a.	4. Health problems related to excessive UV radiation exposure - *Estimates of economic cost in monetary terms*	Currency	III
	Topic 5.2.5: Toxic substance- and nuclear radiation-related diseases and conditions		
5.2.5.a.	1.Toxic substance-and nuclear radiation-related diseases - Incidence	Number	II
5.2.5.a.	2.Toxic substance-and nuclear radiation-related diseases - Prevalence	Number	II
5.2.5.a.	3. Toxic substance-and nuclear radiation-related diseases - *Loss of work days*	Number	III
5.2.5.a.	4.Toxic substance-and nuclear radiation-related diseases - *Estimates of economic cost in monetary terms*	Currency	III
	Component 6: Environmental Protection, Management and Engagement		
	Sub-component 6.1: Environmental Protection and Resource Management Expenditure		
	Topic 6.1.1: Government environmental protection and resource management expenditure		
6.1.1.a.	1. **Annual government environmental protection expenditure**	Currency	I
6.1.1.a.	2. Annual government resource management expenditure	Currency	II
	Topic 6.1.2: Corporate, non-profit institution and household environmental protection and resource management ex		
6.1.2.a.	1. Annual corporate environmental protection expenditure	Currency	II
6.1.2.a.	2. *Annual corporate resource management expenditure*	Currency	III
6.1.2.a.	3. *Annual non-profit institution environmental protection expenditure*	Currency	III
6.1.2.a.	4. *Annual non-profit institution resource management expenditure*	Currency	III
6.1.2.a.	5. *Annual household environmental protection expenditure*	Currency	III
6.1.2.a.	6. *Annual household resource management expenditure*	Currency	III
	Sub-component 6.2: Environmental Governance and Regulation		
	Topic 6.2.1: Institutional strength		
6.2.1.a.	1. Name of main environmental authority and year of establishment	Description	II
6.2.1.a.	2. Annual budget of the main environmental authority	Currency	II
6.2.1.a.	3. Number of staff in the main environmental authority	Number	II
6.2.1.a.	4. List of environmental departments in other authorities and year of establishment	Description	II
6.2.1.a.	5. Annual budget of environmental departments in other authorities	Currency	II
6.2.1.a.	6. Number of staff of environmental departments in other authorities	Number	II
6.2.1.b.	1. Name of institution and year of establishment	Description	II
6.2.1.b.	2. Annual budget of the institution	Currency	II
6.2.1.b.	3. Number of staff in the institution	Number	II
	Topic 6.2.2: Environmental regulation and instruments		
6.2.2.a.	**1. List of regulated pollutants and description (e.g., by year of adoption and maximum allowable levels)**	Description, Number	I
6.2.2.a.	2. Description (e.g., name, year established) of licensing system to ensure compliance with environmental standards for businesses or other new facilities	Description	II
6.2.2.a.	3. Number of applications for licences received and approved per year	Number	II
6.2.2.a.	4. List of quotas for biological resource extraction	Number	II
6.2.2.a.	5. Budget and number of staff dedicated to enforcement of environmental regulations	Currency, Number	II
6.2.2.b.	1. *List and description* (e.g., year of establishment) *of green/environmental taxes*	Description, Currency	III
6.2.2.b.	2. *List and description* (e.g., year of establishment) *of environmentally relevant subsidies*	Description, Currency	III
6.2.2.b.	3. *List of eco-labelling and environmental certification programmes*	Description	III
6.2.2.b.	4. Emission permits traded	Number, Currency	III
	Topic 6.2.3: Participation in MEAs and environmental conventions		
6.2.3.a.	**1. List and description (e.g., country's year of participation) of MEAs and other global environmental conventions**	Description, Number	I

BASIC SET OF ENVIRONMENT STATISTICS (FDES 2013)

Topic	**Statistics and Related Information**	**Category of Measurement**	**Tier**
	(**Bold Text - Core Set/Tier 1**; Regular Text - Tier 2; *Italicized Text - Tier 3*)		
	Sub-component 6.3: Extreme Event Preparedness and Disaster Management		
	Topic 6.3.1: Preparedness for natural extreme events and disasters		
6.3.1.a.	1. Existence of national disaster plans/programmes	Description	II
6.3.1.a.	2. Description (e.g., number of staff) of national disaster plans/programmes	Description	II
6.3.1.a.	3. Number and type of shelters in place or able to be deployed	Description, Number	II
6.3.1.a.	4. *Number and type of internationally certified emergency and recovery management specialists*	Description, Number	III
6.3.1.a.	5. *Number of volunteers*	Number	III
6.3.1.a.	6. *Quantity of first aid, emergency supplies and equipment stockpiles*	Number	III
6.3.1.a.	7. *Existence of early warning systems for all major hazards*	Description	III
6.3.1.a.	8. *Expenditure on disaster prevention, preparedness, clean-up and rehabilitation*	Currency	III
	Topic 6.3.2: Preparedness for technological disasters		
6.3.2.a.	1. *Existence and description* (e.g., number of staff) *of public disaster management plans/programmes (and private when available)*	Description	III
6.3.2.a.	2. *Expenditure on disaster prevention, preparedness, clean-up and rehabilitation*	Currency	III
	Sub-component 6.4: Environmental Information and Awareness		
	Topic 6.4.1: Environmental information		
6.4.1.a.	1. Existence of publicly accessible environmental information system	Description	II
6.4.1.a.	2. Annual number of visits/users of specific environmental information programmes or environmental information systems	Number	II
6.4.1.b.	1. Description of national environment statistics programmes (e.g., existence, year of establishment, lead agency, human and financial resources)	Description	II
6.4.1.b.	2. *Number and type of environment statistics products and periodicity of updates*	Description, Number	III
6.4.1.b.	3. Existence and number of participant institutions in inter-agency environment statistics platforms or committees	Number	II
	Topic 6.4.2: Environmental education		
6.4.2.a.	1. *Allocation of resources by central and local authorities for environmental education*	Currency	III
6.4.2.a.	2. *Number and description of environmental education programmes in schools*	Description, Number	III
6.4.2.a.	3. *Number of students pursuing environment-related higher education* (e.g., science, management, education, engineering)	Number	III
6.4.3.a.	1. *Knowledge and attitudes about environmental issues or concerns*	Description	III
6.4.3.a.	2. *Knowledge and attitudes about environmental policies*	Description	III
6.4.4.a.	1. Existence of pro-environmental NGOs (number of NGOs and their respective human and financial resources)	Currency, Number	II
6.4.4.a.	2. *Number of pro-environmental activities*	Number	III
6.4.4.a.	3. *Number of pro-environmental programmes*	Number	III

शब्दावली

(ए)

अनुकूलन

किसी नए या बदलते पर्यावरण के लिए प्राकृतिक मानव प्रणालियों का समायोजन या तैयारी जो नुकसान को संयमित करता है या लाभप्रद अवसरों का दोहन करता है।

अनुकूलन की क्षमता

संभावित क्षतियों को संतुलित करने, अवसरों का लाभ उठाने या परिणामों का सामना करने के लिए जलवायु परिवर्तन (जलवायु में विचलन एवं चरम स्थितियों सहित) से सामंजस्य स्थापित करने की किसी प्रणाली की सामर्थ्य।

एरोसॉल

वातावरण में छोटे कण या छोटी तरल बूंद जो अपनी संरचना के आधार पर धूप का अवचूषण या परावर्तन कर सकती है।

वनीकरण

ऐसी भूमियों पर नए वन लगाना जहां ऐतिहासिक रूप से वन नहीं हैं।

वायुजनित बीमारियां एवं स्थितियां

पर्यावरण से संबद्ध बीमारियां एवं स्थितियां सामान्यतया शहरी बस्तियों में और विशेष रूप से वायु गुणवत्ता के कमजोर विनियमों और / या कमजोर प्रवर्तन क्षमता वाले शहरों में पाए जाने वाले प्रदूषकों (जैसे कि पीएम, एसओ2 या ओ3) के अस्वाथ्यकर स्तरों में पड़ने से उत्पन्न होती हैं या बदतर होती हैं।

वैकल्पिक ऊर्जा

गैर परंपरागत स्रोतों से प्राप्त ऊर्जा (उदाहरण के लिए संपीडित प्राकृतिक गैस, सौर, जल विद्युत, पवन)।

अनुबंध 1 के देश/पक्षकार

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा अभिसमय के अनुबंध 1 (1998 में यथासंशोधित) में शामिल देशों का समूह जिसमें आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) में सभी विकसित देश तथा संक्रमण के अधीन अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। व्यतिक्रम रूप में, अन्य देशों को अनुबंध 1 में असम्मिलित देश कहा जाता है।

आवृतबीजी

नशीले पौधों को जन्म देने वाला बीज

अनुबंध 2 के देश

अनुबंध 1 के देशों का उप सेट जिनकी वित्तीय एवं प्रौद्योगिकीय संसाधनों से विकासशील देशों की मदद करने की विशेष बाध्यता है। इनमें ओईसीडी के 24 मूल सदस्य तथा यूरोपीय संघ शामिल हैं।

नरकेन्द्रित

लोगों द्वारा निर्मित अथवा मानव गतिविधियों से उत्पन्न सामान्यतया यह उत्सर्जनों के संदर्भ में प्रयुक्त होता है जो मानव गतिविधियों के फलस्वरूप उत्पन्न होते हैं।

मत्स्यपालन

मछली, सीप, क्रस्टेशियाई तथा जलीय मादपों सहित जलीय जीवों की खेती। खेती का अभिप्राय उत्पादन बढ़ाने के लिए पालन की प्रक्रिया में किसी प्रकार के हस्तक्षेप से है जैसे कि नियमित संग्रहण, फीडिंग, परभक्षियों से संरक्षण आदि।

मत्स्यपालन तालाब

मछली पालन के लिए प्रयुक्त जल पिंड।

जलीय वनस्पतियां

पादप जो आंशिक रूप से या पूर्णत: जल में उगते हैं, चाहे उनकी जड़ कमल की तरह कीचड़ में हो या जल कुंभी की तरह किसी सहारे के बगैर तैरते रहते हैं।

जलीय संसाधन

इसमें मछली, क्रस्टेशियाई, मोलस्क, शेलफिश, जलीय स्तनधारी एवं अन्य जलीय जीव शामिल हैं जिनके बारे में माना जाता है कि वे तटीय एवं अंतर्देशीय दोनों प्रकार के मछली पालन सहित अपने पूरे जीवन चक्र में देश के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सीमाओं के अंदर रहते हैं।

विविध वृक्ष फसलों, उपवनों आदि के तहत क्षेत्रफल

सभी कृषि योग्य भूमि जो 'निवल बुवाई क्षेत्र' के तहत शामिल नहीं है, परंतु किसी अन्य कृषि प्रयोग के लिए रखी जाती है, जैसे कि कैसुरिना वृक्ष, छप्पर घास, बांस की झाड़ी तथा ईंधन के लिए अन्य उपवनों के तहत भूमि।

वायुमंडल

गैसीय आवरण जिससे पृथ्वी घिरी है। शुष्क वायुमंडल लगभग पूर्णत: नाइट्रोजन (78.1 प्रतिशत आयतन मिश्रण अनुपात) और आक्सीजन (20.9 प्रतिशत आयतन मिश्रण अनुपात) के साथ ही अनेक लक्षण गैस जैसे कि आर्गन (0.93 प्रतिशत आयतन मिश्रण अनुपात), हीलियम, विकिरण की दृष्टि से सक्रिय ग्रीन

हाउस गैसों जैसे कि कार्बन डाइआक्साइड (0.035 प्रतिशत आयतन मिश्रण अनुपात) एवं ओजोन से बना है। इसके अलावा वायुमंडल में जल वाष्प होता है जिसकी मात्रा में काफी अंतर होता है परंतु विशिष्ट रूप से आयतन मिश्रण अनुपात 1 प्रतिशत होता है। वायुमंडल में बादल और एरोसॉल भी होते हैं।

वायुमंडलीय जीवनकाल

औसत अवधि जिसमें कोई अणु रासायनिक अभिक्रिया या निक्षेपण द्वारा हटाए जाने से पूर्व वायुमंडल में रहता है। इस पर ऐसी अवधि के रूप में भी विचार किया जा सकता है जो यह प्राकृतिक स्तर पर वापस लौटने के लिए वायुमंडल में उस गैस के सांद्रण के लिए गैस के मानव सृजित उत्सर्जन के बाद लेता है। ग्रीनहाउस गैस का जीवनकाल कुछ वर्षों से लेकर कई हजार वर्षों तक हो सकता है।

(बी)

बंजर एवं अकृष्य भूमि

भूमि जिसे खेती के अधीन तब तक नहीं लाया जा सकता है जब तक कि ऊंची लागत खर्च न की जाए, चाहे ऐसी भूमि पृथक खंडों में हो या कृषि जोत के अंदर हो।

जैव विविधता

लौकिक, समुद्री तथा अन्य जलीय पारिस्थितिकी तंत्रों एवं पारिस्थितिकीय परिसरों सहित सभी स्रोतों से जीव जंतुओं में विचलन जिसके वे अंग हैं, जिसमें प्रजातियों के अंदर, प्रजातियों के बीच और पारिस्थितिकी तंत्रों की विविधता शामिल है। यह पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य का भी माप है।

जैव ईंधन

पादप सामग्री से निर्मित गैस या तरल ईंधन (बायोमास)। इसमें लकड़ी, लकड़ी अपशिष्ट, लकड़ी के लिकर, पीट, रेलरोड टाई, वुड स्लज, कृषि अपशिष्ट, भूसा, टायर, मछली का तेल, टॉल तेल, स्लज अपशिष्ट, अपशिष्ट अल्कोहल, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट, लैंडफिल गैस, अन्य अपशिष्ट तथा मोटर गैसोलीन में मिश्रित एथनोल शामिल हैं।

जैविक संसाधन

नवीकरणीय संसाधन जो प्राकृतिक (गैर प्रबंधित या प्रबंधित) प्रक्रियाओं के माध्यम से पुनर्जनन में सक्षम हैं। इसमें टिंबर तथा जलीय संसाधन एवं कई तरह के अन्य पशु एवं पादप संसाधन (जैसे कि पशुधन, बगीचे, फसलें तथा जंगली जानवर), फंगस एवं बैक्टीरिया शामिल हैं।

बायोमास सामग्रियां जिनकी उत्पत्ति जैविक रूप में होती है जिसमें भूतल से ऊपर और नीचे से जैविक सामग्री (सजीव एवं निर्जीव दोनों) शामिल हैं, उदाहरण के लिए पेड़, फसलें, घासें, पेड़ों का कूड़ा, जड़ें तथा पशु एवं पशु अपशिष्ट।

बायोम

पौधों, पशुओं या फंगस का एक अनोखा समुदाय जो एक विशिष्ट क्षेत्र में रहता है। इसे अक्सर पारिस्थितिकी तंत्र की संज्ञा दी जाती है।

जैव मंडल

पृथ्वी तंत्र का हिस्सा जिसमें आहरित मृत जैविक पदार्थ जैसे कि कूड़ा, मृदा जैविक पदार्थ तथा समुद्री अपरद सहित वायुमंडल में, भूमि (लौकिक जैव मंडल) पर या महासागरों (समुद्री जैव मंडल) में सभी पारिस्थितिकी तंत्र शामिल हैं।

बायोटा

किसी खास क्षेत्र या समय का सभी पशु एवं पादप जीवन। जैविक (सजीव) कारक पारिस्थितिकी तंत्र जैसी जटिल इकाई का निर्माण करने के लिए अजीवीय (निर्जीव) कारकों के साथ काम करते हैं।

बीओडी

जैव रासायनिक आक्सीजन मांग (बीओडी जिसे जैविक आक्सीजन मांग भी कहा जाता है) किसी विशिष्ट अवधि में निश्चित तापमान पर पानी के किसी नमूने में मौजूद जैविक सामग्री को तोड़ने के लिए वायुजीवी जैविक जीवों द्वारा अपेक्षित विलयित आक्सीजन की मात्रा है। बीओडी मान को 20 °C पर इंक्यूबेशन के 5 दिन के दौरान प्रति लीटर सैंपल के उपभुक्त आक्सीजन के मिलीग्राम में सबसे आम रूप में व्यक्त किया जाता है तथा यह पानी के जैविक प्रदूषण की मात्रा के प्रतिनिधि के रूप में अक्सर प्रयुक्त होता है।

बीपीएल परिवार

बीपीएल या गरीबी रेखा से नीचे एक आर्थिक बेंचमार्क है जो भारत में सरकार द्वारा आर्थिक अलाभ को इंगित करने तथा सरकारी सहायता एवं मदद की आवश्यकता वाले व्यक्तियों एवं परिवारों की शिनाख्त करने के लिए प्रयुक्त किया जाता है। इसका निर्धारण विभिन्न पैरामीटरों का प्रयोग करके किया जाता है जो राज्य दर राज्य और राज्यों के बीच भिन्न होते हैं।

(सी)

कार्बन प्रग्रहण और प्रच्छादन

प्रौद्योगिकियों का सेट जो नए एवं मौजूदा कोयला एवं गैस चालित विद्युत संयंत्रों, औद्योगिक प्रक्रियाओं तथा कार्बन डाइआक्साइड के अन्य स्थिर स्रोतों से कार्बन डाइआक्साइड के उत्सर्जन को काफी कम कर सकता है। यह तीन चरणीय प्रक्रिया है जिसमें विद्युत संयंत्रों या औद्योगिक स्रोतों से कार्बन डाइआक्साइड का प्रग्रहण; प्रग्रहीत एवं संपीडित कार्बन डाइआक्साइड का परिवहन (सामान्यतया पाइपलाइनों में); और भूमिगत अंत:क्षेपण एवं भूविज्ञानी प्रच्छादन, या शैल निर्माण में उस कार्बन डाइआक्साइड का स्थायी भंडारण शामिल है जिसमें सूक्ष्म द्वार या छिद्र होते हैं जो कार्बन डाइआक्साइड को फंसाते और धारित करते हैं।

कार्बन चक्र

कार्बन के सभी भाग (जलाशय) और बहाव। चक्र सामान्यतया विनिमय के मार्गों द्वारा परस्पर जुड़े कार्बन के चार मुख्य जलाशयों के रूप में माना जाता है। वायुमंडल, लौकिक जैव मंडल (सामान्यतया स्वच्छ जल प्रणाली शामिल होती है), महासागर और तलछट (जीवाश्म ईंधन शामिल होता है) जलाशय हैं। विभिन्न रासायनिक, भौतिक, भूविज्ञानी एवं जैविक प्रक्रियाओं के कारण कार्बन का वार्षिक संचलन, जलाशयों के बीच कार्बन विनिमय होता है। महासागर में पृथ्वी भूपृष्ठ के निकट कार्बन का सबसे बड़ा भंडार होता है परंतु इस पूल का अधिकांश भाग वायुमंडल के साथ तेजी से विनिमय में शामिल नहीं होता है।

कार्बन डाइआक्साइड

यह प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाली गैस तथा जीवाश्म ईंधनों एवं बायोमास के जलाने और भूमि प्रयोग में परिवर्तनों तथा अन्य औद्योगिक प्रक्रियाओं का एक उपोत्पाद भी है। यह मुख्य मानव निर्मित ग्रीनहाउस गैस है जो पृथ्वी के विकिरण संतुलन को प्रभावित करती है। यह संदर्भ गैस है जिसके विरुद्ध अन्य ग्रीनहाउस गैसों को मापा जाता है।

कार्बन डाइआक्साइड समतुल्य

यह उनके वैश्विक तापन विभव (जीडब्ल्यूपी) के आधार पर विभिन्न ग्रीनहाउस गैसों से उत्सर्जन की तुलना करने के लिए प्रयुक्त मीट्रिक माप है। कार्बन डाइआक्साइड समतुल्य को सामान्यतया कार्बन डाइआक्साइड समतुल्य के मिलियन मीट्रिक टन (MMTCO2Eq) के रूप में व्यक्त किया जाता है। संबद्ध जीडब्ल्यूपी से गैस के टन में गुणा करके किसी गैस के लिए कार्बन डाइआक्साइड समतुल्य प्राप्त किया जाता है।

MMTCO2Eq = (मिलियन मीट्रिक टन गैस) + (गैस का जीडब्ल्यूपी)

कार्बन डाइआक्साइड उर्वरण

वायुमंडल में कार्बन डाइआक्साइड के सांद्रण में वृद्धि के फलस्वरूप पौधों के विकास में वृद्धि। फोटो संश्लेषण की उनकी क्रियाविधि के आधार पर कतिपय प्रकार के पौधे वायुमंडल में कार्बन डाइआक्साइड के सांद्रण में परिवर्तन के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

कार्बन पदचिह्न

ग्रीन हाउस गैसों की कुल मात्रा जो किसी व्यक्ति, परिवार, भवन, संगठन या कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष वायुमंडल में उत्सर्जित की जाती है। व्यक्ति के कार्बन पदचिह्न में ईंधन से ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन शामिल होते हैं जिसे कोई व्यक्ति सीधे जलाता है जैसे कि घर को गरम करना या कार में सवारी करना। इसमें ऐसी ग्रीनहाउस गैसें भी शामिल हैं जो माल या सेवाओं के उत्पादन से आती हैं जिनका व्यक्ति प्रयोग करता है, जिसमें विद्युत संयंत्रों जो बिजली बनाते हैं, कारखानों जो उत्पाद बनाते हैं और भूमि भराव जहां कचरा जमा किया जाता है, से उत्सर्जन शामिल हैं।

कार्बन प्रच्छादन

लौकिक या जैविक कार्बन प्रच्छादन ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से पेड़ पौधे कार्बन डाइआक्साड अवशोषित करते हैं, आक्सीजन छोड़ते हैं और कार्बन का भंडारण करते हैं। भूविज्ञानी प्रच्छादन कार्बन प्रग्रहण एवं प्रच्छादन (सीसीएस) की प्रक्रिया में एक कदम है और इसमें कार्बन डाइआक्साइड का गहन भूतल में अंत:क्षेपण शामिल है जहां यह स्थायी रूप से बना रहता है।

जनगणना गृह

कोई भवन या किसी भवन का भाग जिसमें सड़क या सामान्य आंगन या सीढ़ी आदि से अलग से मुख्य प्रवेश द्वार होता है, जो अलग इकाई के रूप में प्रयुक्त या मान्य होता है, यह बसा हुआ या खाली हो सकता है और आवासीय या गैर आवासीय प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त हो सकता है।

जनगणना परिवार

व्यक्तियों का समूह जो सामान्यतया एकसाथ रहते हैं और साझी रसोई से अपना भोजन लेना पसंद करेंगे, जब तक कि कोई अत्यावश्यकता उनमें से किसी को ऐसा करने से नहीं रोकती है। ये एक सदस्य वाले परिवार या दो सदस्य या अनेक सदस्य वाले परिवार हो सकते हैं - जनगणना के प्रयोजनों के लिए इनमें से प्रत्येक प्रकार को परिवार के रूप में माना जाता है।

क्लोरोफ्लोरो कार्बन

मांट्रियल प्रोटोकाल 1987 के तहत शामिल तथा प्रशीतन, वातानुकूलन, पैकेजिंग, इंसुलेशन, विलायक या एरोसॉल प्रणोदकों के लिए प्रयुक्त गैसें। चूंकि कम तापमान में ये नष्ट नहीं होती हैं इसलिए सीएफसी ऊपरी वायुमंडल में प्रवाहित हो जाती है जहां उपयुक्त स्थितियां मौजूद होने पर वे ओजोन को तोड़ती है। इन गैसों को अन्य यौगिकों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है : हाइड्रो क्लोरोफ्लोरो कार्बन, जो सीएफसी का एक अंतरिम प्रतिस्थापन है तथा यह भी मांट्रियल प्रोटोकॉल के तहत शामिल है और हाइड्रो फ्लोरोकार्बन जो क्योटो प्रोटोकॉल के तहत शामिल है। ये सभी पदार्थ भी ग्रीनहाउस गैस हैं।

श्रेणी 1 शहर

1,00,000 या अधिक आबादी वाले नगर।

श्रेणी 2 नगर

50,000 से अधिक किंतु 99,999 से कम आबादी वाले नगर।

जलवायु

संकीर्ण अर्थ में जलवायु को सामान्यतया "औसत मौसम" के रूप में या अधिक कठोर रूप में महीनों से लेकर हजारों वर्षों की समयावधि में संगत मात्राओं के माध्य एवं परिवर्तनीयता की दृष्टि से सांख्यिकीय विवरण के रूप में परिभाषित किया जाता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की परिभाषा के

अनुसार पारंपरिक अवधि तीन दशक है। ये मात्राएं बहुधा भूपृष्ठ चर जैसे कि तापमान, वर्षण एवं पवन हैं। व्यापक अर्थ में जलवायु, जलवायु पद्धति की सांख्यिकीय विवरण सहित अवस्था है।

जलवायु परिवर्तन

जलवायु परिवर्तन का अभिप्राय जलवायु के मापदंडों में किसी महत्वपूर्ण परिवर्तन से है जो विस्तारित समयावधि तक बना रहता है। दूसरे शब्दों में जलवायु परिवर्तन में अन्य बातों के साथ तापमान, वर्षण तथा पवन के पैटर्न में भारी परिवर्तन शामिल है जो अनेक दशकों या लंबी अवधि में घटित होते हैं।

जलवायु परिवर्तन अनुकूलन

जलवायु के वास्तविक या अपेक्षित उद्दीपनों या उनके प्रभावों के जवाब में प्राकृतिक या मानव प्रणालियों में समायोजन जो नुकसान को नियंत्रित करता है या लाभप्रद अवसरों का दोहन करता है।

जलवायु परिवर्तन का साक्ष्य

विभिन्न प्रक्रियाएं जो वैश्विक, क्षेत्रीय एवं स्थानीय स्तरों पर बदलते जलवायु पैटर्न के घटित होने की पुष्टि करती हैं। वैश्विक स्तर पर तापमान में वृद्धि, चरम घटनाएं, समुद्र तल का ऊपर उठना, बर्फ की चादरों का सिमटना तथा हिमखंडों का खिसकना सहित वैश्विक तापन एवं जलवायु परिवर्तन का साक्ष्य असंदिग्ध है।

जलवायु परिवर्तन उपशमन

ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने या रोकने के प्रयास तथा इसमें नई प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करना, नवीकरणीय ऊर्जा शामिल करना एवं बढ़ाना, पुराने उपकरणों को अधिक ऊर्जा दर्ज बनाना तथा प्रबंधन की प्रथाओं या उपभोग के व्यवहार को परिवर्तित करना शामिल हो सकता है। वन एवं महासागर जैसे प्राकृतिक कार्बन सिंक का संरक्षण करना या वन वर्धन अथवा हरित खेती के माध्यम से नए सिंक का सृजन करना भी उपशमन के घटक हैं।

जलवायु परिवर्तन से संबंधित सांख्यिकी

यूएनईसीई के अनुसार पर्यावरणीय, सामाजिक एवं आर्थिक डाटा का अभिप्राय ऐसे डाटा से है जो जलवायु परिवर्तन के मानवीय कारणों, मानव तथा प्राकृतिक प्रणालियों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और इन परिणामों से बचने एवं अनुकूलन के लिए मानव द्वारा किए गए प्रयासों को मापता है।

जलवायु फीडबैक

यह एक प्रक्रिया है जो तापन या शीतन के सीधे प्रभावों को बढ़ाने या कम करने के लिए काम करती है।

जलवायु लैग

विलंब जो कुछ कारकों के फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन में घटित होता है, जो केवल बहुत धीमी गति से परिवर्तित होते हैं। उदाहरण के लिए वायुमंडल में अधिक कार्बन डाइआक्साइड के उत्सर्जन के प्रभाव समय

के साथ धीरे धीरे उत्पन्न होते हैं क्योंकि विकिरण में परिवर्तन के फलस्वरूप महासागर गरम होने में लंबा समय लेता है।

जलवायु माडल

यह वायुमंडल, महासागरों, भूपृष्ठ तथा बर्फ की अंत:क्रियाओं को दर्शाने का एक मात्रात्मक तरीका है।

जलवायु संवेदनशीलता

जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की रिपोर्टों में साम्य जलवायु संवेदनशीलता का अभिप्राय वायुमंडलीय (समतुल्य) CO2 संकेंद्रण के दोगुना होने के बाद वैश्विक औसत भूपृष्ठ तापमान में साम्य परिवर्तन से है। अधिक सामान्य रूप से, साम्य जलवायु संवेदनशीलता का अभिप्राय विकिरण बल (डिग्री सेल्सियस, प्रति वाट प्रति वर्गमीटर) में यूनिट परिवर्तन के बाद भूपृष्ठ वायु तापमान में साम्य परिवर्तन से है। साम्य जलवायु संवेदनशीलता के मूल्यांकन की एक विधि के लिए युग्मित सामान्य संचरण माडल (जलवायु माडल) के साथ बहुत लंबे अनुकरण की आवश्यकता होती है। प्रभावी जलवायु संवेदनशीलता एक संबंधित मापदंड है जो इस आवश्यकता को नाकाम बनाता है। नई गैर साम्य स्थितियों के लिए माडल आउटपुट से इसका मूल्यांकन किया जाता है। यह किसी खास समय पर फीडबैक का मापदंड है तथा बाध्यत करने वाले इतिहास और जलवायु की अवस्था के अनुसार इसमें भिन्नता हो सकती है।

जलवायु प्रणाली (या पृथ्वी प्रणाली)

5 भौतिक घटक (वायुमंडल, जलमंडल, हिममंडल, स्थलमंडल और जैवमंडल) जो जलवायु तथा इसमें अंतर के लिए जिम्मेदार हैं।

सह-लाभ

जलवायु परिवर्तन उपशमन सहित विभिन्न कारणों से एक साथ कार्यान्वित की जाने वाली नीतियों के लाभ जिन्हें यह स्वीकार करते हुए कार्यान्वित किया जाता है कि ग्रीन हाउस गैस के उपशमन के लिए अभिकल्पित नीतियों के अक्सर कम से कम समान रूप से महत्वपूर्ण अन्य औचित्य होते हैं (उदाहरण के लिए विकास, संपोषणीयता एवं समता के उद्देश्यों से संबंधित)।

कॉलीफार्म

मानव तथा अन्य पशुओं के आंत्र क्षेत्र में (इसलिए विष्टा में) पाए जाने वाली बैक्टीरिया का समूह (जिसमें सबसे आम इस्चेरिचिया कोली या ई. कोली है जो उच्च तापमान पर पनप सकता है)। ये रॉड नुमा सूक्ष्म जीव पाचन में मदद करते हैं तथा ज्यादातर कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। तथापि, यदि दूषित भोजन या पानी के माध्यम से निगले जाने पर वे बैक्टीरियल या वायरल जठरांत्र शोथ, हैपेटाइटिस ए, टायफाइड बुखार तथा संबद्ध समस्याओं का कारण बन सकते हैं। कुल कॉलिफार्म में विष्टा कॉलिफार्म बैक्टीरिया तथा अन्य प्रकार के कॉलिफार्म बैक्टीरिया शामिल हैं जो मृदा में प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं।

संकेन्द्रण

वायु, जल, मृदा या अन्य माध्यम के किसी खास आयतन या वजन में किसी रसायन की मात्रा।

सुचालकता

विद्युत प्रवाह से गुजरने की पानी की क्षमता का मापदंड। यह क्षमता पानी में आयन के संकेन्द्रण से सीधे संबंधित है। ये सुचालक आयन विलयित लवण तथा अजैविक सामग्रियों जैसे कि क्षार, क्लोराइड, सल्फाइड तथा कार्बोनेट यौगिकों से आते हैं।

पक्षकारों का सम्मेलन (सीओपी)

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी) की सर्वोच्च संस्था। इसमें 180 से अधिक देश शामिल हैं जिन्होंने अभिसमय की पुष्टि की है। इसका पहला अधिवेशन बर्लिन, जर्मनी में 1995 में हुआ था और वार्षिक आधार पर बैठक जारी रखने की उम्मीद है। सीओपी की भूमिका में अभिसमय के कार्यान्वयन को बढ़ावा देना एवं समीक्षा करना शामिल है। यह अभिसमय के उद्देश्य, नए वैज्ञानिक निष्कर्षों तथा जलवायु परिवर्तन के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की कारगरता के आलोक में मौजूदा प्रतिबद्धताओं की आवधिक आधार पर समीक्षा करेगा।

प्रवाल विरंजन

यह ऐसी प्रक्रिया है जिसमें कोई प्रवाल कालोनी पर्यावरणीय दबाव के तहत सूक्ष्मदर्शी शैवाल (ज़ूक्सांथेल) को बाहर फेंक देती है जो अपने मेजबान जीव के साथ मिलकर रहता है। प्रभावित प्रवाल कालोनी सफेद दिखती है।

प्रवाल भित्तियां

गर्म उष्णकटिबंधीय समुद्र में पाए जाने वाले सूक्ष्मदर्शी जीवों के रहने की समेकित कालोनियां। सजीव प्राणियों, प्रधान रूप से प्रवालों से निर्मित चट्टान जैसी भित्तियों के लिए प्रवाल भित्ति या जैविक भित्ति शब्द का प्रयोग होता है। यह बालू से जुड़े अंतरायक स्थल के साथ प्रवाल और प्रवाल रेखा के सैवाल के चूनेदार निक्षेप के संचय से बनता है, जिसमें ज्यादातर पादछिद्रगण के कवच होते हैं। वर्तमान भित्तियां सजीव संघ हैं जो अतीत के इस संचय पर पनप रही हैं।

संकरी खाड़ी

लवण दलदल, विशेष रूप से न्यून दलदल की एक उल्लेखनीय प्राकृतिक भौगोलिक विशेषता, नदियों की तरह ये सकरी घाटियां निश्चित सरणियों में विकसित होती हैं।

नाजुक या नाजुक रूप से विलुप्तप्राय

कोई वर्गिकी नाजुक तब होती है जब वह तत्काल भविष्य में मरुभूमि में विलोपन की अत्यंत उच्च संभावना का सामना करती है।

फसलें

भोजन या अन्य आर्थिक प्रयोजनों, जैसे कि वस्त्र या पशुओं के चारा के लिए उगाए गए पादप या कृषि उत्पाद

किरीट आच्छादन

किसी वन में सभी पेड़ों के किरीट द्वारा या असमान आयु के किसी वन में किसी निर्दिष्ट किरीट वर्ग के सभी पेड़ों के किरीट द्वारा निर्मित वितान।

हिममंडल

हिममंडल पृथ्वी तंत्र के परस्पर संबद्ध घटकों में से एक है जो बर्फ, स्थायी रूप से जमी हुई भूमि (परमाफ्रास्ट), प्लावन बर्फ एवं ग्लेशियर के रूप में जमा हुआ पानी है। हिममंडल के आयतन में उतार चढ़ाव से महासागर के समुद्र तल में परिवर्तन हो सकता है जो वायुमडल एवं जैवमंडल को सीधे प्रभावित करता है।

कृष्ट अपशिष्ट

खेती के लिए उपलब्ध भूमि परंतु उसे खेती के लिए नहीं चुना गया है या किसी न किसी कारण से कुछ वर्षों के बाद छोड़ दिया गया है। ऐसी भूमि परती हो सकती है या झाड़ियों एवं जंगलों, जो किसी काम के नहीं होते हैं, से ढकी हो सकती है। उनका आकलन किया जा सकता है या नहीं किया जा सकता है तथा पृथक खंडों में या वर्ष के दौरान कृष्ट खंडों के अंदर स्थित हो सकते हैं तथा इस श्रेणी में लगातार पिछले 5 या अधिक वर्षों को शामिल किया जाएगा।

कृष्ट जैविक संसाधन

आवर्ती उपज देने वाले पशु एवं पेड़, फसल एवं पादप संसाधन जिनका प्राकृतिक विकास एवं पुनर्जन्म किसी संस्थानिक संस्था के सीधे नियंत्रण, जिम्मेदारी एवं प्रबंधन के अधीन होता है।

मौजूदा परती भूमि

कृष्ट क्षेत्रफल जिसे मौजूदा कृषि वर्ष के दौरान परती रखा गया है। मौजूदा कृषि वर्ष में कोई बेहन क्षेत्र जिसमें उस वर्ष में फसल नहीं लगाई जाती है, को भी मौजूदा परती भूमि माना जाता है।

(डी)

वनोन्मूलन ऐसी प्रथाएं या प्रक्रियाएं जो वन से भिन्न प्रयोगों के लिए वन भूमि के परिवर्तन में परिणत होती हैं। इस शब्द में विशिष्ट रूप से ऐसे क्षेत्र शामिल नहीं हैं जहां कटाई या लॉगिंग के फलस्वरूप पेड़ों का सफाया किया गया है और जहां प्राकृतिक रूप से या वनवर्धन के उपायों की मदद से वन के फिर से उगने की उम्मीद होती है।

घना वन

वन जिनका किरीट घनत्व 40 प्रतिशत या अधिक है।

अवक्षय

भौतिक दृष्टि से यह किसी लेखांकन अवधि में किसी प्राकृतिक संसाधन के भंडार की मात्रा में कटौती है तथा यह आर्थिक यूनिटों द्वारा पुनर्जनन से अधिक स्तर पर प्राकृतिक संसाधन के निष्कर्षण के कारण होता है।

परित्यक्त जल

जल जो बहुतायत में है या अप्रयुक्त है। ऐसा जल शोधन के बाद खेती के प्रयोजनों के लिए उपयोगी हो सकता है। सामान्यतया इस श्रेणी में मीठे पानी के तालाबों एवं झीलों का स्थिर पानी आता है जो खर पतवारों के आदी हो जाते हैं।

मरुस्थलीकरण

शुष्क, अर्ध शुष्क तथा शुष्क उप आद्र क्षेत्रों में भूमि विकृति जो जलवायु में अंतर तथा मानव गतिविधि सहित विभिन्न कारकों की देन होती है। उसके अलावा यूएनसीसीडी (मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र अभिसमय) भूमि विकृति को शुष्क, अर्ध शुष्क तथा शुष्क उप आद्र क्षेत्रों में जैविक या आर्थिक उत्पादकता, वर्षा पर आधारित शस्य भूमि सिंचित शस्य भूमि, या रेंज, चारागाह, वन एवं वन प्रदेश की जटिलता में कटौती या क्षति के रूप में परिभाषित करता है जो भूमि के प्रयोगों से या किसी प्रक्रिया या प्रक्रियाओं के संयोजन से उत्पन्न होता है जिसमें मानव गतिविधियों तथा निवास की पद्धतियों से उत्पन्न प्रक्रियाएं शामिल हैं, जैसे कि : (i) हवा और/या पानी से उत्पन्न मृदा क्षरण; (ii) मिट्टी के भौतिक, रासायनिक, जैविक या आर्थिक गुणों का ह्रास; और (iii) प्राकृतिक वनस्पतियों की दीर्घावधिक क्षति। वन का गैर वन में परिवर्तन।

आपदाएं

अप्रत्याशित एवं अक्सर आकस्मिक घटनाएं जो काफी क्षति, विनाश एवं मानवीय कष्ट उत्पन्न करती हैं। ये अक्सर प्रत्युत्तर की स्थानीय क्षमता पर भारी पड़ती हैं और राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाहरी सहायता की आवश्यकता होती है। आपदाओं के कारण के आधार पर ये प्राकृतिक और प्रौद्योगिकीय दोनों हो सकती हैं।

क्षणिक क्षति

सामग्रियों के अवशेष जो उत्पादन एवं उपभोग की गतिविधि की परोक्ष देन हैं।

उत्पादों के क्षणिक प्रयोग

उत्पाद जो उत्पादन प्रक्रियाओं के अंग के रूप में पर्यावरण में जानबूझकर छोड़े जाते हैं।

डीओ या विलयित आक्सीजन

झील, नदी या धारा जैसे किसी जलपिंड में विलयित (और इस प्रकार समुद्री जीव जंतुओं के जिंदा रहने के लिए उपलब्ध) आक्सीजन की मात्रा। विलयित आक्सीजन किसी जलपिंड के स्वास्थ्य और पादपों एवं पशुओं के संतुलित जलीय पारिस्थितिकी तंत्र की सहायता करने की उसकी क्षमता का सबसे महत्वपूर्ण संकेतक है। जैविक (आक्सीजन का उपभोग करने वाले) प्रदूषकों से युक्त अपशिष्ट जल विलयित आक्सीजन को नि:शेष कर देता है और इससे समुद्री जीवों की मृत्यु हो सकती है।

प्रेरक बल - दबाव - स्थिति - प्रभाव - प्रत्युत्तर (डीपीएसआईआर) रूपरेखा

एक विश्लेषणात्मक रूपरेखा जो इसके डी-पी-एस-आई-आर घटकों के बीच आकस्मिक संबंध पर आधारित है। प्रेरक बल मानव गतिविधियों को प्रेरित करने वाले सामाजिक - आर्थिक और सामाजिक - सांस्कृतिक बल हैं जो पर्यावरण पर दबाव बढ़ाते हैं या कम करते हैं। दबाव ऐसा तनाव है जो पर्यावरण पर मानव गतिविधियां डालती हैं। स्थिति या पर्यावरण की स्थिति पर्यावरण की दशा है। प्रभाव पर्यावरणीय विकृति के रूप में हैं। प्रत्युत्तर का अभिप्राय पर्यावरणीय स्थिति के प्रति समाज के प्रत्युत्तर से है।

शुष्क भूमि पर खेती करना

यह एक तकनीक है जो शुष्क स्थितियों के तहत उत्पादन को इष्टतम करने के लिए मृदा की नमी बनाए रखने तथा बीज का चयन करने का प्रयोग करती है।

(ई)

उत्केन्द्रता सूर्य का चक्कर लगाते समय पृथ्वी अपनी कक्षा में परिपूर्ण परिधि से जिस हद तक प्रस्थान करती है।

आर्थिक क्षेत्र

किसी एकल सरकार के प्रभावी नियंत्रण के अधीन क्षेत्र। इसमें शेष विश्व में द्वीप, हवाई क्षेत्र, क्षेत्रीय समुद्र एवं क्षेत्रीय एंक्लेव सहित किसी देश का भूमि क्षेत्र शामिल है। आर्थिक क्षेत्र में संदर्भ देश में स्थित अन्य देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के क्षेत्रीय एंक्लेव शामिल नहीं हैं।

पारिस्थितिकी तंत्र

पौधों, पशुओं एवं सूक्ष्म जीवों के समुदायों तथा क्रियात्मक इकाई के रूप में अंत: क्रिया करने वाले उनके गैर सजीव पर्यावरण का एक गतिशील परिसर।

पारिस्थितिकी तंत्र की सेवाएं

पारिस्थितिकी तंत्रों के कार्यों द्वारा आपूर्त तथा मानवता द्वारा प्राप्त लाभ।

उत्सर्जन

उत्पादन, उपभोग तथा संचय की प्रक्रियाओं के फलस्वरूप स्थापनाओं एवं परिवारों द्वारा पर्यावरण में उत्सर्जित किए गए पदार्थ। हवा में उत्सर्जन वायुमंडल में उत्सर्जन है, जबकि पानी में उत्सर्जन जल संसाधन में उत्सर्जन है।

उत्सर्जन कारक

किसी गतिविधि के लिए प्रति यूनिट उत्सर्जन (उदाहरण के लिए एक बैरल जीवाश्म ईंधन के उपभोग या एक पौंड के उत्पाद के उत्पादन के बदले में उत्सर्जित कार्बन डाइआक्साइड का ग्राम) की मानक दर की दृष्टि से गतिविधि के लिए उत्सर्जन का डाटा तैयार करने के लिए अनोखा मान।

लुप्तप्राय

प्रजातियां जिनके विलुप्त होने का खतरा है तथा जिनकी उत्तरजीविता की संभावना नहीं है यदि सांयोगिक कारक काम करना जारी रखते हैं। इसमें ऐसी प्रजातियां शामिल हैं जिनकी संख्या घटकर नाजुक स्तर पर पहुंच गई है या जिनके निवास स्थान इतने अधिक घट गए हैं कि उनको विलोपन के तत्काल खतरे के अधीन माना जाता है।

ऊर्जा दक्षता

समान सेवा प्रदान करने के लिए कम ऊर्जा का प्रयोग करना।

ऊर्जा उत्पादन

ईंधनों या अन्य ऊर्जा उत्पादनों का ऐसे रूपों में प्रग्रहण, निष्कर्षण या विनिर्माण जो सामान्य उपभोग के लिए तैयार हैं। ऊर्जा उत्पादन में प्राथमिक एवं गौण ऊर्जा का उत्पादन शामिल है। प्राथमिक ऊर्जा का अभिप्राय आहरित या गौण ऊर्जा जो प्राथमिक स्रोतों के परिवर्तन की देन है, के विपरीत उनकी प्राकृतिक अवस्था में पाए गए ऊर्जा स्रोतों से है।

ग्रीनहाउस का परिवर्धित प्रभाव

यह संकल्पना कि प्राकृतिक ग्रीनहाउस का प्रभाव मानव गतिविधियों के फलस्वरूप उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों (जैसे कि कार्बन डाइआक्साइड और मिथेन) के वायुमंडल में अधिक संकेन्द्रण से बढ़ा है। इससे ग्रीनहाउस गैसों से उत्पन्न पृथ्वी के तापन में वृद्धि हुई है।

आंत्र किण्वन

पशुधन, विशेष रूप से मवेशी अपने पाचन के अंग के रूप में मिथेन पैदा करते हैं। इस प्रक्रिया का नाम आंत्र किण्वन है और यह कृषि क्षेत्र से उत्सर्जन के एक तिहाई का प्रतिनिधित्व करती है।

पर्यावरणीय जागरूकता

पर्यावरणीय मुद्दों की क्रमिक समझ तथा मानव गतिविधियों, विकास, संपोषणीयता तथा इन प्रक्रियाओं में मानव की जिम्मेदारी के बीच संबंधों की स्वकृति। पर्यावरणीय जागरूकता में यह अनुभूति शामिल है कि

मानव तथा पारिस्थितिकी तंत्र साझे पर्यावरण में एक साथ रहते हैं, जो अंतत: जैवमंडल है। जागरूकता कार्रवाई तथा व्यवहार में परिवर्तन के लिए पर्यावरणीय हितैषी सोच एवं प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है।

पर्यावरणीय डाटा

पर्यावरण तथा संबद्ध प्रक्रियाओं के बारे में भारी मात्रा में प्रोसेस न किए गए प्रेक्षण एवं मापन।

पर्यावरणीय शिक्षा

पर्यावरणीय सूचना एवं ज्ञान तथा पर्यावरण के साथ मानव की अंत:क्रिया करने की विधि पर सूचना साझा करने एवं निर्मित करने की प्रक्रिया। पर्यावरणीय शिक्षा पाठ्यचर्या एवं कक्षा आधारित या प्रायोगिक हो सकती है तथा सरकारी एजेंसियों अथवा गैर सरकारी संगठनों द्वारा स्थल पर या सामुदायिक परिवेश में प्रदान की जा सकती है।

पर्यावरणीय भागीदारी

धारणाओं एवं अभिवृत्तियों एवं का ठोस, पर्यावरण हितैषी कार्रवाइयों में परिवर्तन। स्थानीय एवं वैश्विक पर्यावरण में सुधार एवं संरक्षण के उद्देश्य से पर्यावरणीय प्रक्रियाओं में व्यक्तिगत एवं सामाजिक भागीदारी तथा प्रतिभागिता पर्यावरण की सुरक्षा एवं सुधार के लिए व्यवहार के माध्यम से अभिव्यक्त समझ, उत्प्रेरण एवं प्रतिबद्धता की ठोस अभिव्यक्ति है।

पर्यावरणीय माल एवं सेवा क्षेत्र (ईजीएसएस)

प्रौद्योगिकियों, वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादकों का विजातीय सेट जो : (i) हवा, पानी एवं मृदा को पर्यावरणीय क्षतियों तथा अपशिष्ट, शोर, जैव विविधता एवं लैंडस्केप से संबंधित समस्याओं को मापते हैं, नियंत्रित करते हैं, बहाल करते हैं, रोकते हैं, शोधित करते हैं, न्यूनतम करते हैं, अनुसंधान करते हैं तथा सुग्राही बनाते हैं। इसमें “स्वच्छ” प्रौद्योगिकियां, वस्तु एवं सेवाएं शामिल हैं जो प्रदूषण का निवारण करती हैं या न्यूनतम करती हैं; और (ii) संसाधन के अवक्षय को मापती हैं, नियंत्रित करती हैं, बहाल करती हैं, निवारण करती हैं, न्यूनतम करती हैं, अनुसंधान करती हैं और सुग्राही बनाती हैं। यह मुख्य रूप से संसाधन दक्ष प्रौद्योगिकियों, वस्तुओं एवं सेवाओं में परिणत होता है जो प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग को न्यूनतम करती हैं।

पर्यावरणीय स्वास्थ्य

यह प्रदर्शित करना कि कैसे पर्यावरणीय कारक और प्रक्रियाएं मानव स्वास्थ्य को प्रभावित एवं परिवर्तित करती हैं। इसे अंतर विषयक क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो जन स्वास्थ्य तथा पर्यावरण के बीच संबंध के विश्लेषण पर बल देता है। स्वास्थ्य के परिप्रेक्ष्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन यह कहता है कि "पर्यावरणीय स्वास्थ्य किसी व्यक्ति के नियंत्रण से परे सभी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक कारकों तथा व्यवहार को प्रभावित करने वाले सभी संबंधित कारकों पर ध्यान देता है। इसके तहत ऐसे पर्यावरणीय कारकों का आकलन एवं नियंत्रण शामिल है जो संभावित रूप से स्वास्थ्य को प्रभावित कर

सकते हैं। इसका उद्देश्य रोगों का निवारण करना और स्वास्थ्य सहायक पर्यावरण का सृजन करना [...] है"।

पर्यावरणीय संकेतक

पर्यावरण सांख्यिकी जिसे महत्वपूर्ण परिदृश्य या गतिकी को प्रदर्शित करने की उनकी सामर्थ्य के लिए चुना गया है। सरल, प्रत्यक्ष, स्पष्ट एवं संगत ढंग से जटिल पर्यावरण एवं अन्य सांख्यिकी को संश्लेषित करने और प्रस्तुत करने के लिए पर्यावरणीय संकेतकों का प्रयोग किया जाता है।

पर्यावरणीय सूचकांक

संयुक्त या अधिक जटिल उपाय जो एक से अधिक पर्यावरणीय संकेतक या सांख्यिकी को संयोजित एवं संश्लेषित करते हैं तथा विभिन्न विथियों के अनुसार भारित किए जाते हैं।

पर्यावरणीय सूचना

एफडीईएस के विभिन्न घटकों में उल्लेख के अनुसार पर्यावरण की स्थिति तथा उसमें परिवर्तनों का वर्णन करने वाले मात्रात्मक एवं गुणात्मक तथ्य।

पर्यावरणीय धारणा

समग्र रूप में या विशिष्ट पर्यावरणीय मुद्दों के संबंध में पर्यावरण के प्रति सोच तथा पर्यावरण के मूल्यांकन की व्यक्तिगत और सामूहिक धारणा। व्यक्ति और समुदाय पर्यावरणीय सूचना एवं अनुभवों की वस्तुनिष्ठ धारणाओं के आधार पर निर्णय लेते हैं तथा फैसला करते हैं और कदम उठाते हैं। इस प्रकार मूल्य और सोच सूचना को "फिल्टर" करती है तथा उसे सांस्कृतिक दृष्टि से विशिष्ट ढंग से धारणा में परिवर्तित करती है।

पर्यावरणीय संरक्षण की गतिविधियां

ऐसी गतिविधियां जिनका प्राथमिक प्रयोजन प्रदूषण तथा पर्यावरण की विकृति के अन्य रूपों का निवारण, कटौती एवं उन्मूलन करना है। इन गतिविधियों में परिवेशी वायु एवं जलवायु का संरक्षण, अपशिष्ट जल प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन, मृदा, भौमजल एवं भूपृष्ठ जल का संरक्षण एवं उपचार, शोर एवं कंपन्न का उपशमन, जैव विविधता एवं लैंडस्केप का संरक्षण, विकिरण के विरुद्ध संरक्षण, पर्यावरणीय संरक्षण के लिए अनुसंधान एवं विकास तथा पर्यावरणीय संरक्षण की अन्य गतिविधियां शामिल हैं।

पर्यावरणीय विनियम एवं लिखत

पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए स्वीकार्य सीमाओं को विनियमित एवं स्थापित करने के लिए नीतिगत प्रत्युत्तर।

पर्यावरणीय संसाधन

पृथ्वी के प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाले सजीव एवं निर्जीव घटक जो साथ मिलकर जैव भौतिक पर्यावरण का निर्माण करते हैं जो मानवता को लाभ प्रदान कर सकता है। पर्यावरणीय संसाधनों में प्राकृतिक संसाधन (जैसे कि उप मृदा संसाधन (खनिज एवं ऊर्जा), मृदा संसाधन, जैविक संसाधन एवं जल संसाधन) तथा भूमि शामिल है। उनका प्राकृतिक रूप से नवीकरण हो सकता है (उदाहरण के लिए मछली, टिंबर या पानी) अथवा वे गैर नवीकरणीय हो सकते हैं (उदाहरण के लिए खनिज)।

पर्यावरण सांख्यिकी

पर्यावरणीय डाटा जो सांख्यिकीय विधियों, मानकों एवं प्रक्रियाओं के अनुसरण में संरचित, संश्लेषित एवं एकत्रित किया गया है। पर्यावरण सांख्यिकी के कार्यक्षेत्र में पर्यावरण के जैव भौतिक पहलू तथा सामाजिक-आर्थिक प्रणाली के ऐसे पहलू शामिल हैं जो पर्यावरण को सीधे प्रभावित करते हैं और उसके साथ अंत:क्रिया करते हैं।

विलुप्त

ऐसी प्रजातियां जो इलाकों में अथवा अन्य ज्ञात या संभावित स्थानों पर बार बार खोज के बाद जंगल में अब मौजूद नहीं हैं।

चरम घटनाएं

ऐसी घटनाएं जो किसी खास स्थान पर उनके वितरण के सांख्यिकीय संदर्भ में दुर्लभ हैं। कोई चरम घटना सामान्यतया 10 प्रतिशत या 90 प्रतिशत से अधिक दुर्लभ होती है।

वाष्पन उत्सर्जन

पृथ्वी की सतह से वाष्पन और वनस्पतियों से उत्सर्जन की संयुक्त प्रक्रिया।

(एफ)

जीवजंतु

किसी खास क्षेत्र या समय का पशु जीवन।

धधक (प्राकृतिक गैस)

तेल और प्राकृतिक गैस के कूपों से प्राकृतिक गैस के उत्पादन के दौरान दाहित अतिरिक्त गैस। प्राकृतिक गैस प्राथमिक रूप से मीथेन से युक्त होती है परंतु इसमें अन्य गैसें तथा कुछ अस्थिर जैविक यौगिक (वीओसी) भी होते हैं। वीओसी ओजोन का निर्माण करने के लिए मौसम की सही स्थितियों में नाइट्रोजन आक्साइड (NOx) के साथ संयोजित हो सकते हैं। विभिन्न प्रचालनात्मक, सुरक्षा एवं पर्यावरणीय कारणों से मीथेन और वीओसी का दहन किया जाता है या धधकाया जाता है।

वनस्पतियां

किसी खास क्षेत्र या समय का पादप जीवन।

फ्लोरिनेटेड गैस

सशक्त सिंथेटिक ग्रीनहाउस गैसें जैसे कि हाइड्रो फ्लोरोकार्बन, परफ्लोरोकार्बन और सल्फर हेक्साफ्लोराइड जो कई तरह की औद्योगिक प्रक्रियाओं से उत्सर्जित होती हैं। कई बार स्ट्रेटोस्फेरिक ओजोन ह्रासन पदार्थों (उदाहरण के लिए क्लोरोफ्लोरोकार्बन, हाइड्रो क्लोरोफ्लोरोकार्बन और हैलोन) के लिए एवजी के रूप में फ्लोरिनेटेड गैसों का प्रयोग किया जाता है और अक्सर कूलैंट, फोमिंग एजेंट, अग्निशामक, विलायक, कीटनाशक तथा एयरोसॉल प्रणोदक में इनका प्रयोग होता है।

फ्लोरोकार्बन

कार्बन फ्लोरीन यौगिक जिसमें अक्सर हाइड्रोजन, क्लोरीन या ब्रोमाइन जैसे अन्य तत्व होते हैं। सामान्य फ्लोरोकार्बन में क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी), हाइड्रो क्लोरोफ्लोरोकार्बन (एचसीएफसी), हाइड्रो फ्लोरोकार्बन (एचएफसी) और परफ्लोरोकार्बन (पीएफसी) शामिल हैं।

फ्लश प्रणाली के शौचालय

शौचालय का प्रकार जो भूमिगत मलव्ययन प्रणाली से जुड़ा होता है जिसके माध्यम से मानव मल एवं अपशिष्ट पानी द्वारा बहाया जाता है।

दबावकारी क्रियाविधि

ऐसी प्रक्रिया जो जलवायु प्रणाली के ऊर्जा संतुलन को परिवर्तित करती है अर्थात आवक सौर विकिरण तथा पृथ्वी से जावक इनफ्रारेड विकिरण के बीच सापेक्षिक संतुलन को परिवर्तित करती है। ऐसी क्रियाविधियों में सौर प्रदीप्तता में परिवर्तन, ज्वालामुखियों का फटना और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन से प्राकृतिक ग्रीनहाउस प्रभाव में वृद्धि शामिल है।

वन

इसमें राज्य के स्वामित्व वाले या निजी स्वामित्व वाले वनों के संबंध में किसी कानूनी अधिनियमन के अधीन वन के रूप में वर्गीकृत या प्रशासित भूमि पर सभी वास्तविक वन क्षेत्र शामिल हैं। इसमें ऐसी भूमि शामिल नहीं है जो प्रधान रूप से कृषि या शहरी भूमि प्रयोग के अधीन है।

वन आच्छादन

वन आच्छादन का अभिप्राय ऐसी सभी भूमि से है जिसका क्षेत्रफल 1 हेक्टेयर से अधिक है तथा वृक्ष वितान घनत्व 10 प्रतिशत से अधिक है, उसका स्वामित्व या विधिक स्तर जो भी हो। यह अनिवार्य नहीं है कि ऐसी भूमि वन क्षेत्र के रूप में दर्ज हो। इसमें बगीचे, बांस तथा ताड़ भी शामिल हैं। वृक्ष आच्छादन

वन आच्छादन को छोड़कर तथा मानचित्रण के योग्य न्यूनतम क्षेत्र (1 हेक्टेयर) से कम दर्ज वन क्षेत्र के बाहर वृक्ष पट्टी से निर्मित होता है।

जीवाश्म ईंधन

पौधों और पशुओं के सड़ने से निर्मित जैविक सामग्रियों के लिए सामान्य शब्द, जो लाखों वर्ष की अवधि में पृथ्वी की पपड़ी में ऊष्मा एवं दबाव के प्रभाव में आने से कच्चे तेल, कोयला, प्राकृतिक गैस या भारी तेल में परिवर्तित हो गए हैं।

तुषार विध्वंस

एक प्रकार की भूमि विकृति / मरुस्थलीकरण जो विशिष्ट रूप से ठंडे पर्वतीय शुष्क क्षेत्रों में दिखती है। इसमें दिन के दौरान पानी चट्टानों की दरारों में प्रवेश कर जाता है और ठंडी रात के दौरान जम जाता है। यह चट्टानों पर दबाव डालता है जिससे दरारें चौड़ी हो जाती हैं और चट्टानें टुकड़ों में बिखर जाती हैं। तुषार विध्वंस उत्तराखंड, जम्मू एवं कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में आम घटना है।

ईंधन परिवर्तन

एक प्रकार के ईंधन के स्थान पर दूसरे प्रकार के ईंधन को अपनाना। जलवायु परिवर्तन पर चर्चा में यह अंतर्निहित होता है कि प्रतिस्थापित ईंधन मूल ईंधन द्वारा उत्पादित ऊर्जा की प्रत्येक यूनिट के बदले में उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन की तुलना में कम कार्बन उत्सर्जित करता है, उदाहरण के लिए कोयला के स्थान पर प्राकृतिक गैस।

(जी)

आनुवंशिक संसाधन

आनुवंशिकता की क्रियाशील यूनिटों से युक्त पादपों, पशुओं या सूक्ष्म जीवों की आनुवंशिक सामग्री जो मानवता की भावी पीढ़ियों के लिए संसाधन के रूप में वास्तविक या संभावित महत्व की है।

सामान्य संचरण माडल (जीसीएम)

जलवायु प्रणाली का वैश्विक, त्रिविमीय कंप्यूटर माडल जिसका प्रयोग मानव द्वारा प्रेरित जलवायु परिवर्तन की नकल करने के लिए किया जा सकता है। जीसीएम वायुमंडलीय जलवाष्प के परावर्ती एवं अवशोषक गुण, ग्रीनहाउस गैस का संकेन्द्रण, बादल, वार्षिक एवं दैनिक सौर ऊष्मन, महासागर तापमान तथा बर्फ सीमा जैसे कारकों के प्रभाव को दर्शाते हैं।

भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस)

एक समेकन प्रौद्योगिकी जो स्थलाकृति या अवस्थिति के घटक के साथ व्यापक श्रेणी के डाटा का प्रग्रहण करने, प्रबंधन करने, विश्लेषण करने, देखने और नमूना बनाने में मदद करती है।

भूविज्ञानी मानचित्र

मानचित्र विभिन्न प्रकार की चट्टानों तथा धरातली निक्षेपों के वितरण तथा भूविज्ञानी संरचनाओं जैसे कि विभंग एवं वलय की अवस्थिति को दर्शाते हैं।

भू-आकृति विज्ञानी मानचित्र

पृथ्वी की प्राकृतिक सतह की विशेषताओं को दर्शाने वाले मानचित्र।

भू-स्थलाकृतिक सूचना

वायुमंडल, भूपृष्ठ तथा अध: भूपृष्ठ के विभिन्न गुणों की अवस्थिति एवं विशेषताएं। बोधगम्य स्थलाकृतिक पहलुओं जैसे कि भूमि प्रयोग, जल संसाधन एवं प्राकृतिक आपदाओं के साथ डाटा का वर्णन करने, प्रदर्शित करने एवं विश्लेषण करने के लिए इसका प्रयोग होता है। भू-स्थलाकृतिक सूचना मानचित्र आधारित खाके में विभिन्न सांख्यिकीय को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती है, जिससे डाटा के साथ काम करना और समझना प्रयोक्ताओं के लिए सरल हो सकता है।

भूमंडल

पृथ्वी की पपड़ी की मृदाएं, तलछटें और शैल परतें, महाद्वीपीय तथा समुद्र तल के नीचे दोनों।

हिमनद

भूमि पर पिघलने वाली बर्फ की तुलना में अधिक बर्फबारी का बहुबर्षीय अतिरिक्त संचय जो कम से कम 0.1 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में बर्फ के ढेर में परिणत हो जाता है जो गुरुत्वाकर्षण के जवाब में गति के कुछ साक्ष्य का प्रदर्शन करता है। हिमनद भूमि पर या पानी में समाप्त हो सकता है। हिमनद की बर्फ पृथ्वी पर मीठे पानी का सबसे बड़ा जलाशय और महासागरों के बाद कुल पानी का दूसरा सबसे बड़ा जलाशय है।

वैश्विक औसत तापमान

संपूर्ण ग्रह पर औसत के रूप में पृथ्वी के माध्य सतह वायु तापमान का अनुमान।

वैश्विक तापन

पृथ्वी की सतह के निकट तापमान में वैश्विक औसत वृद्धि की हालिया एवं सतत घटना।

वैश्विक तापन विभव

कार्बन डाइआक्साइड की तुलना में किसी खास अवधि (सामान्यतया 100 वर्ष) में कुल ऊर्जा जिसे कोइ गैस अवशोषित करती है, का माप।

पर्यावरण संरक्षण तथा संसाधन प्रबंधन पर सरकारी व्यय

इसमें ऐसा सरकारी व्यय शामिल है जिसका प्राथमिक उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना और इसके संसाधनों का प्रबंधन करना है।

ग्रीनहाउस प्रभाव

पृथ्वी की सतह के निकट वायुमंडल (क्षोभमंडल) में ऊष्मा का प्रग्रहण एवं वृद्धि। पृथ्वी की सतह से अंतरिक्ष की ओर वापस प्रवाहित होने वाली कुछ ऊष्मा को जलवाष्प, कार्बन डाइआक्साइड, ओजोन तथा वायुमंडल की अनेक अन्य गैसें सोख लेती हैं और फिर पृथ्वी की सतह की ओर वापस विकीर्ण कर देती हैं। यदि इन ग्रीनहाउस गैसों का वायुमंडलीय संकेन्द्रण बढ़ता है तो निचले वायुमंडल का औसत तापमान धीरे धीरे बढ़ेगा।

ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी)

कोई गैस जो वायुमंडल में इनफ्रारेड विकिरण को अवशोषित करती है। ग्रीनहाउस गैसों में कार्बन डाइआक्साइड, मीथेन, नाइट्रस आक्साइड, ओजोन, क्लोरोफ्लोरोकार्बन, हाइड्रो क्लोरोफ्लोरोकार्बन, हाइड्रो-फ्लोरोकार्बन, परफ्लोरोकार्बन, सल्फर हेक्साफ्लोराइड शामिल हैं।

सकल सिंचित क्षेत्रफल

सकल सिंचित क्षेत्रफल का डाटा तैयार करने के लिए एक से अधिक ऋतु में फसल पैदा करने वाले सिंचित भूखंड की गणना उतनी बार की गई है जितनी बार उसमें फसल बोई गई है। मिश्रित फसलों के मामले में परिवार द्वारा यथासूचित घटक फसलों के तहत क्षेत्रफल को ध्यान में रखा गया है।

अत्यंत प्रदूषणकारी उद्योग

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय) की परिभाषा के अनुसार, किसी जलमार्ग में निस्सारी बहाने और (क) घातक पदार्थों, या (ख) 100 किलो प्रतिदिन या अधिक बीओडी भार के निस्सारी, या (ग) क एवं ख के संयोजन को हैंडल करने वाले उद्योग।

भौमजल

जल जो जलभृत के रूप में ज्ञात भूमिगत निर्माणों की छिद्रिल परतों में जमा होता है।

(एच)

अधिवास

स्थल या पर्यावरण जहां किसी पादप या पशु का निवास होता है, जैसे कि वन।

अधिवास का विखंडन

प्रक्रिया जिसके दौरान अधिवास के बड़े क्षेत्र छोटे छोटे कुल क्षेत्र के अनेक छोटे छोटे खंडों में टूट जाते हैं तथा मूल अधिवास से भिन्न अधिवासों के मैट्रिक्स द्वारा एक दूसरे से अलग हो जाते हैं। हैलोकार्बन

क्लोरीन, ब्रोमीन या क्लोरीन एवं कार्बन युक्त यौगिक। ऐसे यौगिक वायुमंडल में सशक्त ग्रीनहाउस गैसों के रूप में काम कर सकते हैं। क्लोरीन और ब्रोमीन युक्त हैलोकार्बन ओजोन परत के अवक्षय में भी शामिल होते हैं।

हैलोफाइट

समुद्री तट के समानांतर खारी मृदा में रहने के लिए अनुकूलित पादप।

घातक अपशिष्ट

कोई अपशिष्ट जो अपने भौतिक, रासायनिक, जैविक, प्रतिक्रियाशील, विषैली, ज्वलनशील, विस्फोटक या संक्षारक गुणों के कारण अकेले या अन्य अपशिष्ट या पदार्थ के संपर्क में आने पर स्वास्थ्य या पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है या नुकसान पहुंचाने की संभावना होती है।

ऊष्णता लहर

अत्यधिक ऊष्मा की लंबी अवधि जो अक्सर अत्यधिक आद्रता के साथ संयोजित होती है।

वायुरुद्ध प्रवाल

ऐसे प्रवाल जो अपने कंकालों के लिए कठोर चूनेदार सामग्री जमा करके भित्तियों का निर्माण करते हैं जिससे भित्ति की पाषाणमय संरचना का निर्माण होता है। प्रवाल भित्ति के विकास में योगदान न देने वाले प्रवालों को अवायुरुद्ध (भित्ति का निर्माण न करना) प्रजातियां कहा जाता है।

अधिक तुंगता वाली झील

हिमालयी क्षेत्र में बनने वाली झीलें। औसत समुद्री तल से ऊपर 3000 मीटर की समोच्च रेखा से ऊपर सभी झीलों को अधिक तुंगता वाली झीलों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

परिवार

परिवार ऐसे व्यक्तियों का समूह है जो सामान्यतया एकसाथ रहते हैं और साझी रसोई से अपना भोजन लेना पसंद करेंगे, जब तक कि कोई अत्यावश्यक कार्य उनमें से किसी को ऐसा करने से नहीं रोकता है। खून के रिश्ते वाले व्यक्तियों का परिवार या कोई रिश्ता न होने वाले व्यक्तियों का परिवार अथवा दोनों के मिश्रण वाले व्यक्तियों का परिवार हो सकता है। कोई रिश्ता न होने वाले परिवारों के उदाहरणों में बोर्डिंग हाउस, मेस, हॉस्टल, आवासीय होटल, बचाव गृह, जेल, आश्रम आदि शामिल हैं। इनको संस्थानिक परिवार कहा जाता है।

मानव बस्तियां

इसका अभिप्राय संपूर्ण मानव समाज से है, चाहे लोग बड़े शहरों में रहते हों, कस्बों में रहते हों या गावों में रहते हों। इसमें किसी बस्ती में रहने वाली मानव आबादी, भौतिक घटक (उदाहरण के लिए आश्रय एवं

अवसंरचना), सेवा (उदाहरण के लिए पानी, स्वच्छता, अपशिष्ट निवारण, ऊर्जा एवं परिवहन) और संभावित रूप से हानिकारक पर्यावरणीय परिस्थितियों में मानव का पड़ना शामिल है।

हाइड्रो कार्बन

पदार्थ जिसमें केवल हाइड्रोजन और कार्बन होते हैं। जीवाश्म ईंधन हाइड्रो कार्बन के बने होते हैं।

हाइड्रो क्लोरोफ्लोरोकार्बन (एचसीएफसी)

यौगिक जिसमें हाइड्रोजन, फ्लोरीन, क्लोरीन और कार्बन के अणु होते हैं। ओजोन का ह्रास करने वाले पदार्थ होने के बावजूद ये क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) की तुलना में वायुमंडल की ओजोन परत को नष्ट करने में कम सक्षम होते हैं। इनको सीएफसी के अस्थायी प्रतिस्थापन के रूप में शुरू किया गया है तथा ग्रीनहाउस गैसें भी हैं।

हाइड्रो फ्लोरोकार्बन (एचएफसी)

यौगिक जिसमें केवल हाइड्रोजन, फ्लोरीन एवं कार्बन के अणु होते हैं। इनको अनेक औद्योगिक, वाणिज्यिक एवं वैयक्तिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ओजोन का ह्रास करने वाले पदार्थों के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया। औद्योगिक प्रक्रियाओं के उपोत्पाद के रूप में एचएफसी का उत्सर्जन होता है तथा विनिर्माण में भी इनका प्रयोग होता है। ये समतापमंडलीय ओजोन परत का महत्वपूर्ण रूप से अवक्षय नहीं करते हैं परंतु वैश्विक तापन विभव के साथ ये सशक्त ग्रीनहाउस गैस हैं।

जलविज्ञानी चक्र

वाष्पीकरण, वाष्प के क्षैतिज एवं ऊर्ध्वाधर परिवहन, महाद्वीपों से महासागरों में पानी के प्रवाह और वर्षण की प्रक्रिया। धरातल की वनस्पतियों, बादलों, बर्फ एवं आइस तथा मृदा की नमी पर अपने प्रभाव के माध्यम से यह जलवायु के निर्धारण में एक प्रमुख कारक है। जलविज्ञानी चक्र भूमध्यरेखीय क्षेत्रों से ध्रुवीय क्षेत्रों में अक्षांश मध्य ऊष्मा के 25 से 30 प्रतिशत परिवहन के लिए जिम्मेदार है।

जलमंडल

जलवायु प्रणाली का घटक जो तरल सतह एवं भूमिगत जल जैसे कि महासागर, समुद्र, मीठे पानी की झील, भूपृष्ठ जल आदि से बना है।

(आई)

संशोधित पेयजल स्रोत

इसमें मकान, भूखंड या आंगन में नल जल; सार्वजनिक टोंटी या स्टैंड पाइप; बोर होल या ट्यूबवेल, संरक्षित डगवेल; संरक्षित झरना, वर्षा जल संग्रहण तथा बोतलबंद पानी (यदि गौण उपलब्ध स्रोत भी संशोधित है) का प्रयोग शामिल है।

संशोधित स्वच्छता सुविधा

इसे ऐसी सुविधा के रूप में परिभाषित किया गया है जो मानव विष्टा को मानव संपर्क से स्वास्थ्यकर ढंग से अलग करती है। संशोधित सुविधाओं में सीवर, टैंक या पिट से जुड़े फ्लश / पोर फ्लश शौचालय, हवादार संशोधित पिट शौचालय, स्लैब वाले पिट शौचालय तथा कंपोस्ट शौचालय शामिल हैं।

भस्म करने योग्य (अपशिष्ट)

अपशिष्ट जिसे पर्यावरणीय प्रदूषण उत्पन्न किए बगैर या भष्मीकरण संयंत्र को क्षति पहुंचाए बगैर भस्म किया जा सकता है।

पर्यावरण सांख्यिकी का संस्थानिक आयाम

इसका अभिप्राय पर्यावरण सांख्यिकी के स्थायी उत्पादन, प्रसार एवं प्रयोग का विकास एवं सुदृढ़ीकरण करने के लिए आवश्यक संस्थानिक कारकों से है। इसमें मुख्य साझेदारों की भूमिका एवं अधिदेश स्थापित करने वाली कानूनी रूपरेखा, संस्थानिक परिवेश तथा पर्यावरण सांख्यिकी यूनिटों का संस्थानिक विकास स्तर एवं अंतर संस्थानिक सहयोग की विद्यमानता एवं कारगरता तथा राष्ट्रीय स्तर पर एवं विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय की क्रियाविधियां शामिल हैं।

धारांतर्गत जल प्रयोग

इसका अभिप्राय पानी के स्रोत से पानी को दूर किए बगैर पानी के प्रयोग या उस समय पानी के प्रयोग से है जब मामूली परिवर्तन के साथ या किसी परिवर्तन के बगैर पानी तुरंत लौटता है।

अपर्याप्त रूप से ज्ञात

'अपर्याप्त रूप से ज्ञात' वर्गिकी का प्रयोग तब किया जाता है जब मूल्यांकन किया गया हो परंतु कोई श्रेणी आवंटित करने के लिए उपलब्ध डाटा पर्याप्त नहीं होता है।

अंत:ज्वारीय कीचड़दार भूमि

वनस्पति रहित क्षेत्र जो ज्वार और भाटा का एकांतरिक रूप से सामना करते हैं और इससे जलमग्न हो जाते हैं। ये जिस सामग्री के बने होते हैं उसकी स्थूलता के आधार पर ये कीचड़दार भूमि या रेतीली भूमि हो सकते हैं।

अप्रत्यक्ष उत्सर्जन

किसी भवन, गृह या व्यवसाय से अप्रत्यक्ष उत्सर्जन ग्रीनहाउस गैसों का ऐसा उत्सर्जन है जो उस भवन में प्रयुक्त विद्युत के उत्पादन के फलस्वरूप होता है। इन उत्सर्जनों को 'अप्रत्यक्ष' इसलिए कहा जाता है कि वास्तविक उत्सर्जन विद्युत संयंत्र पर होता है जो बिजली पैदा करता है न कि बिजली का प्रयोग करने वाले भवन पर होता है।

औद्योगिक क्रांति

दूरगामी सामाजिक एवं आर्थिक परिणामों के साथ तीव्र औद्योगिक विकास की अवधि जिसकी शुरुआत 18वीं शताब्दी के उत्तार्ध के दौरान इंग्लैंड में हुई तथा यूरोप में फैली और आगे चलकर संयुक्त राज्य सहित अन्य देशों में फैली। औद्योगिक क्रांति जीवाश्म ईंधन के दहन एवं कार्बन डाइआक्साइड के संबद्ध उत्सर्जनों में भारी वृद्धि की शुरुआत का संकेत देती है।

इनफ्रारेड विकिरण

इनफ्रारेड विकिरण में ऐसा प्रकाश शामिल होता है जिसके तरंग की लंबाई स्पेक्ट्रम के दृष्टिगोचर भाग में लाल रंग से अधिक परंतु माइक्रोवेव विकिरण से कम होती है। इनफ्रारेड विकिरण को ऊष्मा के रूप में लिया जा सकता है। पृथ्वी की सतह, वायुमंडल और बादल - ये सभी इनफ्रारेड विकिरण छोड़ते हैं जो लौकिक या लंबी तरंग विकिरण के नाम से विख्यात है। इसके विपरीत सौर विकिरण सूर्य के तापमान के कारण मुख्य रूप से लघु तरंग विकिरण है।

जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी)

1988 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा संयुक्त रूप से आईपीसीसी का गठन किया गया। आईपीसीसी का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के मुद्दे के सभी महत्वपूर्ण घटकों से संबंधित वैज्ञानिक एवं तकनीकी साहित्य में मौजूद सूचना का आकलन करना है। आईपीसीसी लेखक के रूप में विश्व के सैकड़ों तथा विशेषज्ञ समीक्षक के रूप में हजारों विशेषज्ञ वैज्ञानिकों की सेवाएं प्राप्त करता है। वैश्विक जलवायु परिवर्तन एवं इसके परिणामों को समझने के लिए वैज्ञानिक आधारों का आवधिक आकलन तैयार करने में लगभग 60 देशों के जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण, सामाजिक एवं आर्थिक विज्ञान के अग्रणी विशेषज्ञों ने आईपीसीसी की मदद की है। जलवायु परिवर्तन, इसके परिणामों तथा अनुकूलन एवं उपशमन के उपायों की व्यवहार्यता पर सूचना प्रदान करने की क्षमता के कारण आईपीसीसी को जलवायु परिवर्तन के मुद्दे के विज्ञान की स्थिति पर विश्व की सरकारों की आधिकारिक सलाहकार संस्था के रूप में देखा जाता है। उदाहरण के लिए आईपीसीसी ने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की राष्ट्रीय सूची संचालित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत विधियों के विकास का आयोजन किया।

प्लावन

विशेष रूप से तटीय परिवेश में भूमि का पानी में डूब जाना।

सिंचाई

अभिप्राय के साथ कृत्रिम साधनों से भूमि को वर्षा जल से भिन्न पानी प्रदान करने की प्रक्रिया।

आईयूसीएन की रेड लिस्ट (संकटग्रस्त प्रजातियों की)

आईयूसीएन की संकटग्रस्त प्रजातियों की रेड लिस्ट पौधों एवं पशुओं की प्रजातियों के वैश्विक संरक्षण की स्थिति के बारे में विश्व की सर्वाधिक व्यापक सूची है। हजारों प्रजातियों एवं उप प्रजातियों के विलोपन के जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए यह कसौटियों के एक सेट का प्रयोग करता है। ये कसौटियां विश्व की सभी प्रजातियों तथा सभी क्षेत्रों के लिए प्रासंगिक हैं।

(के)

ज्ञात खनिज भंडार

वाणिज्यिक दृष्टि से प्राप्य भंडार, वाणिज्यिक दृष्टि से संभावित प्राप्य भंडार और गैर वाणिज्यिक तथा अन्य ज्ञात भंडार।

(एल)

लगून/अप्रवाही जल

बाधा बीच या समुद्री मूल के बास द्वारा समुद्र से आंशिक रूप से अलग तटीय जल पिंडों को समुचित रूप से लगून कहा जाता है। नियमानुसार लगून लंबे होते हैं और तट रेखा के समानांतर स्थित होते हैं। सकरी खाड़ी, समुद्र की शाखा या आपस में जुड़े लगूनों की श्रृंखला, सामान्यतया तट के समानांतर, भूमि की एक सकरी पट्टी द्वारा समुद्र से अलग परंतु प्रतिबंधित आउटलेट के माध्यम से उससे संपर्क स्थापित करते हैं, को 'अप्रवाही जल' कहा जाता है।

झीलें

स्थिर पानी के बड़े पिंड जो अनोखी घाटियों में स्थित होते हैं। ऐसी जलमयी भूमि का निर्माण प्राकृतिक गड्ढों में होता है और सामान्यतया नदियों/धाराओं द्वारा भरण होता है।

भूमि

प्राकृतिक इकोसिस्टम, मानव अधिवास तथा तथा मानव गतिविधियों के लिए प्रदान किया गया स्थल। चूंकि यह स्थल सीमित है, मानव गतिविधियों के विस्तार से प्राकृतिक इको सिस्टम द्वारा अध्यासित स्थल घट सकता है जिससे सभी जीव जंतुओं के लिए वस्तुएं एवं सेवाएं प्रदान करने की इकोसिस्टम की क्षमता घट जाती है। संसाधनों के परिप्रेक्ष्य से भूमि एक अनोखा पर्यावरणीय संसाधन है जो उस स्थल का चित्रण करता है जिसमें आर्थिक गतिविधियां तथा पर्यावरणीय प्रक्रियाएं घटित होती हैं और जिसके अंदर पर्यावरणीय संसाधन तथा आर्थिक परिसंपत्तियां स्थित होती हैं।

भूमि आच्छादन

पृथ्वी की सतह पर देखा गया (बायो) भौतिक आच्छादन।

भराव क्षेत्र

भूमि अपशिष्ट निस्तारण स्थल जिसमें पतली परतों में सामान्यतया अपशिष्ट फैलाया जाता है, दबाया जाता है और प्रतिदिन मृदा की नई परत से ढका जाता है।

भराव योग्य क्षेत्र (अपशिष्ट)

घातक अपशिष्ट जिसका सुरक्षित ढंग से पुनर्चक्रण या भष्मीकरण नहीं हो सकता है, विशेष रूप से सृजित स्थलों में जमा किया जाता है जहां अंतिम निस्तारण के लिए अपशिष्ट जमा किया जाता है और ढका जाता है। ये भराव क्षेत्र पर्यावरण में घातक अपशिष्ट के उत्सर्जन की संभावना को न्यूनतम करने के लिए तैयार किए जाते हैं।

भूमि जो कृषि से भिन्न प्रयोगों के लिए रखी गई है

भवनों, पथों आदि द्वारा अध्यासित या पानी (उदाहरण के लिए टैंक, नहर आदि) के नीचे की भूमि और कृषि उत्पादन से भिन्न प्रयोगों के लिए रखी गई भूमि।

भूमि प्रयोग

यह आर्थिक उत्पादन या पर्यावरणीय कार्यों के अनुरक्षण एवं बहाली के प्रयोजनों के लिए किसी निश्चित क्षेत्र के लिए स्थल में स्थापित संस्थानिक व्यवस्थाओं तथा संचालित गतिविधियों दोनों को दर्शाता है। प्रयुक्त की जा रही भूमि का अभिप्राय किसी प्रकार की मानव गतिविधि या प्रबंधन की मौजूदगी से है। परिणामत: भूमि के ऐसे क्षेत्रफल हैं जो मानव गतिविधियों द्वारा प्रयुक्त नहीं किए जाते हैं।

सबसे कम विकसित देश

संयुक्त राष्ट्र के मानकों के अनुसार सामाजिक - आर्थिक विकास तथा मानव संसाधन के कम संकेतकों तथा आर्थिक असुरक्षिता वाले देश।

अश्मविज्ञानी मानचित्र

क्षेत्र में पाई जाने वाली चट्टानों के आधार पर क्षेत्रों को अलग करने वाला मानचित्र।

पशुधन

पशुओं की ऐसी प्रजातियां जिनको लोग वाणिज्यिक प्रयोजनों, उपभोग या श्रम के लिए पालते हैं।

लंबी अवधि औसत (मानसून)

महत्वपूर्ण रूप से लंबी अवधि के दौरान हुई औसत वार्षिक वर्षा के आधार पर इसकी गणना की जाती है। भारत में आईएमडी द्वारा प्रयुक्त संदर्भ अवधि 1951-2000 है।

लंबी तरंग वाली विकिरण

लगभग 4 माइक्रोमीटर से अधिक लंबी स्पेक्ट्रल तरंग में उत्सर्जित विकिरण जो पृथ्वी एवं वायुमंडल से उत्सर्जित विकिरण के समतुल्य है। कभी कभी इसे थोड़ा गलत ढंग से 'लौकिक विकिरण' या 'इनफ्रारेड विकिरण' कहा जाता है।

(एम)

मैंग्रोव

मैंग्रोव दलदल उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्णकटिबंधीय तटरेखाओं के खारे से लवणीय ज्वारीय पानी में उगने वाले हैलोफिटिक पेड़ों, झाड़ियों तथा अन्य पौधों का संघ है।

मीथेन (CH4)

एक हाइड्रोकार्बन जो ग्रीनहाउस गैस है जिसमें वैश्विक तापन की क्षमता है तथा हाल ही में अनुमान लगाया गया है कि इसकी वैश्विक तापन क्षमता कार्बन डाइआक्साइड (CO2) से 25 गुना अधिक है। भराव क्षेत्रों में अपशिष्ट के अवायवीय (आक्सीजन के बगैर) सड़न, पशुओं के पाचन, पशुओं के अपशिष्ट के सड़न, प्राकृतिक गैस एवं पेट्रोलियम के उत्पादन एवं वितरण, कोयला उत्पादन तथा जीवाश्म ईंधन के अपूर्ण दहन के माध्यम से मीथेन का उत्पादन होता है।

मीट्रिक टन

ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन की मात्रा के लिए सामान्य अंतर्राष्ट्रीय माप। मीट्रिक टन 1000 किलोग्राम के बराबर होता है।

महानगरीय शहर

4 मिलियन (या 40 लाख) से अधिक आबादी वाले शहर।

उपशमन

जलवायु प्रणाली पर मानव प्रभाव को कम करने के लिए मानव हस्तक्षेप; इसमें ग्रीनहाउस गैसों के स्रोतों एवं उत्सर्जनों को कम करने तथा ग्रीनहाउस गैस सिंक बढ़ाने की रणनीतियां शामिल हैं।

बहुपक्षीय पर्यावरणीय करार

करार जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से पर्यावरणीय समस्याओं, विशेष रूप से ऐसी समस्याओं का निदान करते हैं जो सीमापारीय प्रकृति की हैं या जिनका दायरा विश्वव्यापी है। सर्वाधिक संगत एमईए के लिए प्रतिभागी या हस्ताक्षर करने वाले देशों से सामान्यतया अनिवार्य या स्वैच्छिक आधार पर आवधिक आधार पर प्रगति की सूचना प्रदान करने की अपेक्षा होती है।

नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू)

इसमें नगरपालिका या अधिसूचित क्षेत्रों में ठोस या अर्ध ठोस रूप में सृजित वाणिज्यिक एवं औद्योगिक अपशिष्ट शामिल हैं तथा इसमें औद्योगिक घातक अपशिष्ट शामिल नहीं हैं परंतु शोधित जैव चिकित्सा अपशिष्ट शामिल हैं। इसके तहत पारिवारिक अपशिष्ट, होटलों एवं रेस्टोरेंटों से अपशिष्ट, निर्माण एवं विध्वंस मलबा, स्वच्छता अवशिष्ट तथा सड़कों से एकत्रित अपशिष्ट आता है।

(एन)

प्राकृतिक जैविक संसाधन

इसके तहत पशु, पक्षी, मछली तथा पादप आते हैं जो केवल एक बाद और आवर्ती उत्पाद दोनों प्रदान करते हैं जिसके लिए प्राकृतिक विकास और/या पुनर्जनन संस्थानिक यूनिटों के सीधे नियंत्रण, दायित्व एवं प्रबंधन में नहीं है।

प्राकृतिक गैस

गैसों का भूमिगत भंडार जिसमें 50 से 90 प्रतिशत मीथेन (CH4) और थोड़ी मात्रा में भारी गैसीय हाइड्रोकार्बन यौगिक जैसे कि प्रोपेन (C3H8) और बुटान (C4H10) होते हैं।

प्राकृतिक परिवर्तनशीलता

व्यक्तिगत मौसमी घटनाओं से परे सर्वकालिक एवं स्थानिक पैमाने पर जलवायु की औसत स्थिति तथा अन्य सांख्यिकी में अंतर (जैसे कि मानक विचलन या चरम स्थितियों की सांख्यिकी)। समय के साथ जलवायु में प्राकृतिक अंतर जलवायु प्रणाली की आंतरिक प्रक्रियाओं तथा बाहरी प्रभावों में अंतर जैसे कि ज्वालामुखी की गतिविधि तथा सूर्य के आउटपुट में अंतर द्वारा उत्पन्न होते हैं।

निविल सिंचित क्षेत्रफल

विभिन्न स्रोतों से सभी सिंचित क्षेत्रों का योग जिसमें प्रत्येक क्षेत्र की गणना केवल एक बार सिंचित क्षेत्र के रूप में की गई है, हालांकि उसे उसी वर्ष में एक से अधिक बार सिंचित किया गया।

निवल बुआई क्षेत्रफल

क्षेत्रफल जिसमें फसलें एवं बगीचे लगाए गए हैं, उसी वर्ष में एक से अधिक बार बोए गए क्षेत्र की गणना केवल एक बार की गई है। निवल बुआई क्षेत्र को जोत के सभी भूखंडों के कुल भौगोलिक क्षेत्र तथा (1) वन, (2) बंजर एवं अकृष्ट भूमि, (3) कृषि से भिन्न प्रयोगों के लिए रखी गई भूमि, (4) परिशोध्य भूमि, (5) स्थाई चरागाह एवं अन्य चराई भूमि, (6) बगीचों को छोड़कर विविध वृक्ष फसलों तथा (7) सभी प्रकार की परती भूमि के बीच अंतर के रूप में परिभाषित किया गया।

नाइट्रोजन चक्र

वायुमंडल, पादपों, पशुओं तथा सूक्ष्म जीवों जो मिट्टी एवं पानी में रहते हैं, में नाइट्रोजन का प्राकृतिक संचरण। नाइट्रोजन चक्र के दौरान नाइट्रोजन कई प्रकार के रासायनिक रूप ग्रहण करता है जिसमें नाइट्रस आक्साइड (N2O) तथा नाइट्रोजन आक्साइड (NOx) शामिल हैं।

नाइट्रोजन आक्साइड (NOx)

नाइट्रोजन के एक कण तथा विभिन्न संख्या में आक्सीजन के कणों से बनी गैसें। नाइट्रोजन आक्साइड का उत्पादन वाहन एग्जास्ट के उत्सर्जन में तथा विद्युत केन्द्रों से होता है। वायुमंडल में नाइट्रोजन आक्साइड फोटोकेमिकल ओजोन (धुंध) के निर्माण में योगदान कर सकते हैं, दृष्टिगोचरता को बाधित कर सकते हैं तथा इनके स्वास्थ्य परिणाम होते हैं; इस प्रकार इनको प्रदूषक माना जाता है।

नाइट्रस आक्साइड (N2O)

कार्बन डाइआक्साइड (CO2) से 298 गुना अधिक वैश्विक तापन की क्षमता वाली एक सशक्त ग्रीनहाउस गैस। नाइट्रस आक्साइड के प्रमुख स्रोतों में खेत जोतने की पद्धतियां, विशेष रूप से वाणिज्यिक एवं जैविक उर्वरकों का प्रयोग, जीवाश्म ईंधन का दहन, नाइट्रिक एसिड का उत्पादन एवं बायोमास जलाना शामिल है। N2O के प्राकृतिक उत्सर्जन मुख्य रूप से मृदा और महासागरों में नाइट्रोजन भंग करने वाले बैक्टीरिया से होते हैं। नाइट्रस आक्साइड मुख्य रूप से पराबैगिनी विकिरण एवं संबद्ध रासायनिक अभिक्रियाओं द्वारा समतापमंडल में विध्वंस के माध्यम से वायुमंडल से हटाया जाता है परंतु मिट्टी में कतिपय प्रकार के बैक्टीरिया द्वारा भी इसका उपभोग किया जा सकता है।

गैर मीथेन वाष्पशील जैविक यौगिक (एनएमवीओसी)

मीथेन से भिन्न जैविक यौगिक जो वायुमंडलीय फोटोकेमिकल अभिक्रियाओं में भाग लेते हैं।

परमाणु विकिरण से संबद्ध बीमारियां एवं स्थितियां

इसमें इनफ्रारेड ऊष्मा विकिरण से दाह, बीटा एवं गामा विकिरण से बीटा एवं गामा दाह, विकिरण व्याधि या परमाणु रोग, लुकेमिया, लंग कैंसर, थायराइड कैंसर तथा अंगों के कैंसर, बांझपन और पैदाइशी असमान्यताएं या कुरूपताएं, समय से पहले बूढ़ा होना, मोतियाबिंद तथा रोगों एवं भावनात्मक विकारों के होने की अधिक संभावना शामिल है परंतु इतने तक ही सीमित नहीं है। परमाणु विस्फोट या परमाणु रिएक्टर से जुड़ी दुर्घटना से परमाणु विकिरण की चपेट में आ सकते हैं।

(ओ)

महासागर अम्लीकरण

समुद्र के पानी में कार्बन डाइआक्साइड का अधिक संकेन्द्रण जिससे अम्लता में मापेय वृद्धि होती है (अर्थात महासागर के पीएच में कटौती होती है)। इससे खटीमय बनाने वाले जीवों जैसे कि भित्तियों, सीपियों, शैवालों तथा क्रस्टासीन की खटीकरण दर घट सकती है।

खुला वन

वन जिसके वितान का घनत्व 10 प्रतिशत से अधिक किंतु 40 प्रतिशत से कम है।

अन्य परती भूमि

सभी भूमि जिनको अतीत में खेती के लिए लिया गया है परंतु कम से कम एक वर्ष तथा अधिक से अधिक 5 वर्ष की अवधि के लिए अस्थायी रूप से खेती से बाहर है जिसमें वर्तमान कृषि वर्ष शामिल है, को 'अन्य परती भूमि' के तहत वर्गीकृत किया जाता है।

अन्य गैर कृष्ट जैविक संसाधन

इसमें जंगली बेर, फंगस, बैक्टीरिया, फल, रस तथा अन्य पादप संसाधन जिनकी लुनाई की जाती है, तथा जंगली जानवर शामिल हैं जिन्हें उत्पादन, उपभोग एवं व्यापार के लिए पकड़ा या मारा जाता है।

अन्य जंगली भूमि

भूमि जो वन के रूप में वर्गीकृत नहीं है, 0.5 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैली है; 5 मीटर से अधिक लंबे तथा 5-10 प्रतिशत के वितान आच्छादन वाले पेड़ या स्वस्थाने इन न्यूनतम सीमाओं तक पहुंचने में समर्थ पेड़ हैं; अथवा झाड़ियों, झाड़ झंखाड़ों एवं पेड़ों का सम्मिलित आच्छादन 10 प्रतिशत से अधिक है। इसमें ऐसी भूमि शामिल नहीं है जो प्रधान रूप से कृषि या शहरी भूमि प्रयोग के अधीन है।

ऑक्स-बो लेक/कट-ऑफ मेंडर

घुमावदार धारा अपने विस्तृत मोड़ों के बाहरी किनारों का अपरदन कर सकती है तथा समय आने पर लूप घाटियों को छोड़कर सीमा बन सकते हैं। इससे उत्पन्न उथली चापाकार झीलों को आक्सबो लेक कहा जाता है।

ऑक्सीकरण

किसी पदार्थ में आक्सीजन मिलाकर उसे रासायनिक रूप से परिवर्तित करना।

ओजोन

ओजोन जो आक्सीजन (O3) का त्रिपरमाणुक रूप है, गैसीय वायुमंडलीय संघटक है। क्षोभमंडल में, यह गैसों के माध्यम से फोटोकेमिकल अभिक्रियाओं द्वारा सृजित होता है जो प्राकृतिक स्रोतों तथा मानव गतिविधियों (फोटोकेमिकल धुंध) दोनों से उत्पन्न होती हैं। उच्च संकेन्द्रण में क्षोभमंडलीय ओजोन व्यापक श्रेणी के जीव जंतुओं के लिए हानिकर हो सकता है। क्षोभमंडलीय ओजोन ग्रीनहाउस गैस के रूप में काम कर सकता है। समतापमंडल में ओजोन का निर्माण सौर पराबैगिनी विकिरण तथा आणविक आक्सीजन (O2) के बीच अंत:क्रिया से होता है। क्षोभमंडलीय ओजोन समतापमंडलीय विकिरण संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाता है। रासायनिक अभिक्रियाओं जिसमें जलवायु परिवर्तन के कारण वृद्धि हो सकती है, के कारण समतापमंडलीय ओजोन का अवक्षय जमीनी स्तर पर पैराबैगिनी (UV-) B विकिरण के बहाव में परिणत होता है।

ओजोन क्षयकारी पदार्थ (ओडीएस)

मानव निर्मित यौगिकों का परिवार जिसमें क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी), ब्रोमोफ्लोरोकार्बन (हैलोन), मिथाइल क्लोरोफार्म, कार्बन टेट्राक्लोराइड, मिथाइल ब्रोमाइड और हाइड्रो क्लोरोफ्लोरोकार्बन (एचसीएफसी) शामिल हैं परंतु इतने तक ही सीमित नहीं है। यह पाया गया है कि ये यौगिक क्षोभमंडलीय ओजोन का अवक्षय करते हैं और इसलिए इनको विशिष्ट रूप से ओडीएस कहा जाता है।

ओजोन परत

ओजोन की परत जो पृथ्वी से लगभग 15 किलोमीटर की ऊंचाई पर शुरू होती है और लगभग 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर यह परत लगभग नगण्य हो जाती है, सूर्य से हानिकर पराबैगनी विकिरण से पृथ्वी की रक्षा करती है। ओजोन का सर्वाधिक प्राकृतिक संकेन्द्रण (आयतन के अनुसार लगभग 10 भाग प्रति मिलियन) पृथ्वी से लगभग 25 किलोमीटर की ऊंचाई पर समतापमंडल में पाया जाता है। समतापमंडलीय ओजोन का संकेन्द्रण मौसम के साथ समतापमंडलीय संचरण में परिवर्तन के कारण पूरे वर्ष बदलता रहता है। ज्वालामुखी तथा सौर धधक जैसी प्राकृतिक घटनाओं से ओजोन के संकेन्द्रण में परिवर्तन हो सकता है परंतु मानव निर्मित परिवर्तन चिंता का सबसे बड़ा विषय है।

ओजोन प्रणेता

रासायनिक यौगिक जैसे कि कार्बन मोनोआक्साइड, मीथेन, गैर मीथेन हाइड्रोकार्बन और नाइट्रोजन आक्साइड जो सौर विकिरण की मौजूदगी में मुख्य रूप से क्षोभमंडल में ओजोन का निर्माण करने के लिए अन्य रासायनिक यौगिकों के साथ अभिक्रिया करते हैं।

(पी)

चरागाह एवं चराई भूमि

इसमें सभी चराई भूमि शामिल है, चाहे वे स्थाई चरागाह एवं घास के मैदान हों या न हों। वन क्षेत्र के अंदर चराई भूमि को इस श्रेणी में शामिल किया जाएगा।

कणिकीय पदार्थ (पीएम)

ठोस या द्रव पदार्थ के बहुत छोटे टुकड़े जैसे कि कालिख, धूल, धुआं, कुहासा या एरोसॉल के कण। PM10 ऐसा कणिकीय पदार्थ है जिसका व्यास 10 माइक्रोमीटर या कम होता है, PM2.5 ऐसा कणिकीय पदार्थ है जिसका व्यास 2.5 माइक्रोमीटर या कम होता है।

प्रति बिलियन भाग (ppb)

किसी खास गैस, द्रव या ठोस मिश्रण के एक बिलियन भाग में पाए जाने वाले किसी रसायन के भागों की संख्या।

आयतन के अनुसार प्रति मिलियन भाग (ppmv)

किसी खास गैस, द्रव या ठोस के एक मिलियन भाग में पाए जाने वाले किसी रसायन के भागों की संख्या।

प्रति ट्रिलियन भाग (ppt)

किसी खास गैस, द्रव या ठोस के एक ट्रिलियन भाग में पाए जाने वाले किसी रसायन के भागों की संख्या।

परफ्लोरोकार्बन (पीएफसी)

केवल कार्बन एवं फ्लोरीन से बने रसायनों का समूह। इन रसायनों (प्रधान रूप से CF4 एवं C2F6) को ओजोन क्षयकारी पदार्थों के विकल्प के रूप में हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के साथ प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, औद्योगिक प्रक्रियाओं के उपोत्पाद के रूप में पीएफसी का उत्सर्जन होता है तथा विनिर्माण में भी इनका प्रयोग होता है। पीएफसी समतापमण्डलीय ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं परंतु ये सशक्त ग्रीनहाउस गैस हैं: ये रसायन प्रधान रूप से मानव निर्मित हैं, हालांकि CF4 को एक लघु प्राकृतिक स्रोत है।

पीएच

हाइड्रोजन आयन संकेन्द्रण के पारस्परिक के बेस 10 का लघु गणक।

घटनाविज्ञान

प्राकृतिक घटनाओं का समय, जैसे कि फूलों का खिलना और पशुओं का पलायन, जो जलवायु में परिवर्तनों से प्रभावित होता है। घटनाविज्ञान ऐसी महत्वपूर्ण मौसमी घटनाओं का अध्ययन है। घटनाविज्ञानी घटनाएं जलवायु कारकों के संयोजन द्वारा प्रभावित होती हैं जिसमें प्रकाश, तापमान, वर्षा एवं आर्दता शामिल है।

प्रकाश संश्लेषण

प्रक्रिया जिसके माध्यम से पौधे कार्बोहाइड्रेड का निर्माण करने के लिए हवा (या जल में बाइकार्बोनेट) से CO2 ग्रहण करते हैं और इस प्रक्रिया में O2 छोड़ते हैं। CO2 के वायुमंडलीय संकेन्द्रण पर विभिन्न प्रतिक्रिया के साथ प्रकाश संश्लेषण के अनेक मार्ग हैं।

अयन

सौर मंडल के तल के संबंध में पृथ्वी की धुरी के झुकाव के हजारों वर्षों में लड़खड़ाहट।

संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन की श्रेणियां

संरक्षण की सख्ती तथा संरक्षित क्षेत्रों के वर्गीकरण के प्रयोजन के आधार पर मुख्य श्रेणियां इस प्रकार हैं - कठोर प्रकृति रिजर्व; बीहड़ क्षेत्र; राष्ट्रीय पार्क; प्राकृतिक स्मारक या फीचर; अधिवास/प्रजाति प्रबंधन क्षेत्र; संरक्षित लैंडस्केप/सीस्केप; और प्राकृतिक संसाधनों के संपोषणीय प्रयोग के साथ संरक्षित क्षेत्र।

(आर)

विकिरण

इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगों या कणों के रूप में ऊर्जा का अंतरण जो उस समय ऊर्जा छोड़ते हैं जब किसी वस्तु द्वारा अवशोषण किया जाता है।

विकिरणी बाध्यता

पृथ्वी के ऊर्जा संतुलन में निवल परिवर्तन पर किसी खास कारक (उदाहरण के लिए ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी), एरोसॉल, या भूमि प्रयोग परिवर्तन के प्रभाव का माप।

दुर्लभ

प्रजातियां जिनकी विश्व में आबादी थोड़ी है तथा इस समय विलुप्त नहीं हैं या विलुप्त होने का जोखिम नहीं है। ये प्रजातियां सामान्यतया प्रतिबंधित भौगोलिक क्षेत्रों या अधिवासों में मौजूद हैं या बहुत कम मात्रा में अधिक व्यापक रेंज में बिखरी हैं।

पुनर्चक्रीय (घातक अपशिष्ट)

किसी घातक अपशिष्ट को पुनर्चक्रीय तब कहा जाता है जब उसका प्रयोग किया जा सकता है, पुन: प्रयोग किया जा सकता है या उद्धार किया जा सकता है।

पुनर्चक्रण

किसी संसाधन को एकत्र करके पुन: प्रोसेस करना ताकि उसका पुन: प्रयोग हो सके।

परावर्तकता

दृष्टिगोचर, इनफ्रारेड तथा अल्ट्रावायलट वेब लेंथ सहित धूप का परावर्तन करने की किसी पृष्ठीय सामग्री की सामर्थ्य।

पुन: वनरोपण

ऐसी भूमियों पर वनरोपण जिस पर पहले वन थे परंतु उनको किसी अन्य प्रयोग में परिवर्तित कर दिया गया है।

पुन: अंत:क्षेपित (प्राकृतिक गैस)

गैस जो किसी भूमिगत जलाशय में पुन: अंत:क्षेपित की जाती है, विशिष्ट रूप से ऐसी गैस जिसमें पहले से ही प्राकृतिक गैस और कच्चा तेल दोनों होते हैं ताकि जलाशय के अंदर दबाव बढ़ाया जा सके और इस प्रकार कच्चे तेल का प्रवाह हो सके।

समुद्र तल का सापेक्षिक उठान

वैश्विक समुद्र तल उठान तथा स्थानीय कारकों जैसे कि स्थानीय अवतलन एवं उत्थान दोनों को ध्यान में रखते हुए किसी विशिष्ट स्थान पर महासागर के जल के स्तर में वृद्धि। सापेक्षिक समुद्र तल उठान को भूमि की सापेक्षता ने निर्दिष्ट उर्ध्वाधर डाटा के संबंध में मापा जाता है, जिसके उत्थान में भी समय के साथ परिवर्तन हो सकता है।

शेष संसाधन

खनिज संसाधन जिनको अभी तक वाणिज्यिक दृष्टि से लाभप्रद घोषित नहीं किया गया है परंतु संभावित रूप से बहुमूल्य हैं और जिसके लिए संभावित आर्थिक निष्कर्षण की तर्कसंगत संभावना मौजूद है।

दूरसंवेदी

दूरी से, विशिष्ट रूप से एयरक्राफ्ट या सेटलाइट से वस्तुओं या क्षेत्रों के बारे में सूचना प्राप्त करने का विज्ञान।

नवीकरणीय ऊर्जा

ऐसे स्रोतों से प्राप्त की गई ऊर्जा जिनका पुनर्भरण प्राकृतिक रूप से होता है, जैसे कि बायोमास, हाइड्रो, जियोथर्मल, सोलर, पवन, महासागर थर्मल, तरंग क्रिया तथा ज्वारीय क्रिया।

नवीकरणीय जल संसाधन

वर्षण तथा पड़ोसी क्षेत्रों से जल के अंत:प्रवाह से संसाधनों का सृजन होता है और वाष्पन-वाष्पोत्सर्जन से इनमें कटौती होती है।

रिजर्व

ऐसे भंडारों का अनुमान, जो बहुमूल्य हैं तथा कानूनी एवं आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से संभाव्य हैं।

जलाशय/बैराज

सामान्यतया किसी नदी पर बांध के निर्माण या सिंचाई/जल सुविधा के लिए निर्मित तटबंध द्वारा पानी के भंडारण के लिए निर्मित तालाब या झील।

संसाधन - प्रमाणित, उल्लिखित, अनुमानित

अन्वेषण के कार्यक्षेत्र तथा संसाधन की गहराई के आधार पर संसाधनों को प्रमाणित, उल्लिखित तथा अनुमानित संसाधनों में वर्गीकृत किया जाता है। प्रमाणित संसाधन (इनको रिजर्व भी कहा जाता है) ऐसे संसाधन हैं जिनका अनुमान विश्वसनीय ढंग से लगाया गया है तथा मितव्ययी ढंग से प्राप्त किए जा सकते हैं, जबकि उल्लिखित संसाधन प्रत्यक्ष मापन तथा तर्कसंगत भूविज्ञानी मान्यताओं के संयोजन के आधार पर चिह्नित किए जाते हैं। अनुमानित संसाधन भूविज्ञानी साक्ष्य पर आधारित होते हैं तथा परिकल्पित होते हैं परंतु अभी तक उनका सत्यापन नहीं किया गया है। भारत में कोयला संसाधन के संबंध में प्रमाणित संसाधन ऐसा कोयला संसाधन है जो बोरहोल के बिंदु (या प्रेक्षण बिंदु) से 200 मीटर की परिधि में आता है। उल्लिखित संसाधन बोरहोल के किसी बिंदु से 200 मीटर से 1 किलोमीटर की परिधि के बीच आने वाले क्षेत्र में मौजूद होते हैं और अनुमानित संसाधन बोरहोल के किसी बिंदु से 1 किलोमीटर से 2 किलोमीटर की परिधि के बीच आने वाले क्षेत्र में मौजूद होते हैं।

अवशिष्ट

ठोस, तरल एवं गैसीय सामग्रियों के प्रवाह और उत्पादन, उपभोग या संचय की प्रक्रियाओं के माध्यम से स्थापनाओं एवं परिवारों द्वारा फेंकी गई, छोड़ी गई या उत्सर्जित की गई ऊर्जा।

प्रत्यास्थता

सामाजिक कल्याण, अर्थव्यवस्था तथा पर्यावरण को न्यूनतम क्षति के साथ महत्वपूर्ण अनेक जोखिमपूर्ण संकटों का अनुमान लगाने, उनके लिए तैयारी करने, उनका जवाब देने तथा उनसे उबरने की क्षमता।

संसाधन प्रबंधन की गतिविधियां

ऐसी गतिविधियां जिनका प्राथमिक प्रयोजन प्राकृतिक संसाधनों के भंडार का परिरक्षण एवं अनुरक्षण करना और इस प्रकार अवक्षय से बचाव करना है। इन गतिविधियों में प्राकृतिक संसाधनों के आहरण को कम करना; प्राकृतिक संसाधन भंडारों को बहाल करना; प्राकृतिक संसाधनों का सामान्य प्रबंधन (निगरानी, नियंत्रण, अनुश्रवण और डाटा संग्रहण सहित); और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन या संरक्षण के लिए प्रयुक्त वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन शामिल है परंतु इतने तक ही सीमित नहीं है। इसमें खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों, टिंबर संसाधनों, जलीय संसाधनों, अन्य जैविक संसाधनों, जल संसाधनों का प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन के लिए अनुसंधान एवं विकास की गतिविधियां तथा संसाधन प्रबंधन की अन्य गतिविधियां शामिल हैं।

पुन: प्रयुक्त जल

पूर्व शोधन के साथ या बगैर अग्रेतर प्रयोग के लिए किसी प्रयोक्ता को आपूर्त किया गया अपशिष्ट जल।

नदी/धारा

ये लैंडस्केप की रेखीय जल रूपक हैं।

नदीय दलदली भूमि

इनका निर्माण तब होता है जब नदियों के समानांतर जल जमा हो जाता है, जिनको कच्छ या अनूप के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अनूप दलदली भूमि है जिस पर काई, घास, पेड़ या झाड़ियों का वर्चस्व होता है जबकि कच्छ अक्सर या लगातार आप्लावित दलदली भूमि है जिस पर शाकीय वनस्पतियां उगती हैं जो मृदा की संतृप्त स्थितियों के अनुसार अनुकूलित होती हैं।

(एस)

लवण क्यारी

उथले आयताकार मानव निर्मित अवनमन जिसमें नमक बनाने के लिए धूप में सुखाने हेतु खारा पानी जमा किया जाता है।

लवण कच्छ

खारे जल पिंडों के किनारों पर जलोढ़ तलछट पर प्राकृतिक या अर्ध प्राकृतिक हैलोफिटिक घासस्थल या बौना झाड़ जंगल, जिसका जल स्तर ज्वारीय या गैर ज्वारीय ढंग से घटता बढ़ता है।

खारे पानी की घुसपैठ

खारे पानी का घनत्व अधिक होने के कारण सामान्यतया तटीय एवं ज्वारनदमुखी क्षेत्रों में खारे पानी के आगे बढ़ने से मीठे पानी या भौमजल का विस्थापन।

बालू/बालू-तट

बालू तट समुद्री किनारों का वनस्पति रहित भाग है जो अबद्ध सामग्रियों, सामान्यतया बालू का बना होता है जिसका विस्तार ऊपरी बर्म (बालू तट के पश्च तट पर रिज, जो तरंग क्रिया द्वारा सामग्री के निक्षेप से निर्मित होता है, जो सामान्यतया ऊंची लहरों की ऊपरी सीमा और तरंग वाश का निशान होता है) से पानी के निचले निशान तक होता है। शैलीय सामग्रियों से बने बीच को राकी बीच कहा जाता है।

समुद्र के धरातल का तापमान

महासागर के शीर्ष अनेक फीट में तापमान जिसे जलयानों, उत्प्लव तथा ड्रिफ्टर द्वारा मापा जाता है।

संवेदनशीलता

जलवायु में अंतर या परिवर्तन से किसी तंत्र के प्रतिकूल या लाभप्रद ढंग से प्रभावित होने की मात्रा। प्रभाव प्रत्यक्ष (उदाहरण के लिए तापमान के औसत, रेंज या परिवर्तनीयता में परिवर्तन के जवाब में फसल उत्पादन में परिवर्तन) या परोक्ष (उदाहरण के लिए समुद्र तल के ऊपर उठने से तटीय बाढ़ की बारंबारता में वृद्धि से उत्पन्न क्षति) हो सकता है।

सिंक

कोई प्रक्रिया, गतिविधिया या क्रियाविधि जो किसी ग्रीनहाउस गैस, एरोसॉल या किसी ग्रीनहाउस गैस या एरोसॉल के किसी पूर्वगामी को वायुमंडल से हटाती है।

गंदी बस्तियां

आवासीय क्षेत्र जहां ऐसे भवनों की जीर्णता, अधिक भीड़-भाड़, दोषपूर्ण व्यवस्थाओं एवं डिजाइन, गलियों की संकीर्णता या दोषपूर्ण व्यवस्था, वातायन, प्रकाश या स्वच्छता की सुविधाओं या इन कारकों के किसी संयोजन के कारण मानव बस्ती के लिए मकान रहने के लिए अनुपयुक्त होते हैं, जो सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकर हैं।

मृदा कार्बन

कार्बन चक्र में लौकिक जैवमंडल पूल का एक प्रमुख घटक। मृदा कार्बन की मात्रा ऐतिहासिक वनस्पति आच्छादन एवं उत्पादकता का फलन है जो बदले में अंशत: जलवायु के विचलनों पर निर्भर होती है।

मृदा संसाधन

मृदा की शीर्ष परतों (क्षैतिज) से निर्मित होते हैं जो एक जैविक प्रणाली का निर्माण करते हैं।

सौर विकिरण

सूर्य द्वारा उत्सर्जित विकिरण। इसे लघु तरंग विकिरण भी कहा जाता है। सौर विकिरण में वेव लेंथ (स्पेक्ट्रम) की एक भिन्न रेंज होती है जो सूर्य के तापमान द्वारा निर्धारित होती है।

प्रजातियां

व्यक्तिगत नमूनों का समूह जिसमें घनिष्ठ समानता होती है परंतु अन्यों से भिन्न होते हैं और समान वंश के होते हैं।

गैर नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के भंडार

इसे खनिज ऊर्जा संसाधनों के ज्ञात भंडारों की राशि के रूप में परिभाषित किया गया है।

खनिज संसाधनों के भंडार

इसे गैर धात्विक एवं धात्विक खनिज संसाधनों के ज्ञात भंडारों की राशि के रूप में परिभाषित किया गया है।

समतापमंडल

क्षोभमंडल और मध्यमंडल के बीच वायुमंडल का क्षेत्र जिसकी निचली सीमा ध्रुवों पर लगभग 8 किलोमीटर से लेकर भूमध्य रेखा पर 15 किलोमीटर होती है और ऊपरी सीमा लगभग 50 किलोमीटर होती है। अक्षांश एवं मौसम के आधार पर निचले समतापमंडल में तापमान बढ़ सकता है, समतापी हो सकता है या अक्षांश के साथ घट भी सकता है परंतु ऊपरी समतापमंडल में तापमान सामान्यतया ओजोन द्वारा सौर विकिरण के अवशोषण के कारण ऊंचाई के साथ बढ़ता है।

समतापमंडलीय ओजोन

कृपया ओजोन परत देखें।

धारा प्रवाह

पानी का आयतन जो किसी निर्धारित समयावधि में किसी निर्धारित बिंदु पर बहता है। इसे अक्सर घन फीट प्रति सेकंड के रूप में व्यक्त किया जाता है।

अवमृदा संसाधन

विभिन्न खनिजों का भूमिगत निक्षेप जो मानव के लिए कच्ची सामग्री तथा ऊर्जा स्रोत प्रदान करते हैं। जब मानव प्रयोग के लिए संसाधन के रूप में विचार किया जाता है तो ये अवमृदा तत्व पारिस्थितिकी

तंत्रों से मौलिक रूप से इस मायने में भिन्न होते हैं कि वे नवीकरणीय नहीं होते हैं। इस प्रकार उनका प्रयोग स्थायी अवक्षय में परिणत होता है।

सल्फेट एरोसॉल

कणिकीय पदार्थ जो वायुमंडल में अन्य यौगिकों के साथ सल्फर डाइआक्साइड और सल्फर ट्राइआक्साइड की अभिक्रिया से निर्मित सल्फर के यौगिकों से बना होता है। जीवाश्म ईंधनों के दहन तथा ज्वालामुखियों के फटने से वायुमंडल में सल्फेट एरोसॉल अंत:क्षेपित होते हैं। सल्फेट एरोसॉल सौर वितरण का परावर्तन करके (नकारात्मक विकर्णी बाध्यता) पृथ्वी के तापमान को कम कर सकते हैं।

सल्फर हेक्साफ्लोराइड (एसएफ6)

अल्कोहल और ईथर में घुलनशील, पानी में कम घुलनशील रंगहीन गैस। यह बहुत सशक्त ग्रीनहाउस गैस है जिसका प्रयोग प्राथमिक रूप से विद्युत पारेषण एवं वितरण प्रणालियों में तथा इलेक्ट्रानिक्स में परावैद्युत के रूप में होता है।

भूपृष्ठ जल

इसमें सभी जल शामिल है जो भूमि के भूपृष्ठ पर प्रवाहित होता है या भंडारित होता है, उसका लवणता स्तर जो भी हो। भूपृष्ठ जल में कृत्रिम जलाशयों, झीलों, नदियों एवं धाराओं, बर्फ, आइस तथा हिमनदों का पानी शामिल है।

(टी)

टैंक/तालाब

मानसून को धारण करने या पानी का भंडारण करने के लिए छोटी धारा की घाटी पर मिट्टी की दीवार बनाकर निर्मित कृत्रिम तालाब, पूल या झील जिसमें औद्योगिक प्रयोजनों के लिए निर्मित तालाब, पूल या झील शामिल हैं।

प्रौद्योगिकीय आपदाएं

मानव मंशा, लापरवाही या भूल के फलस्वरूप या प्रौद्योगिकी के दोषपूर्ण अनुप्रयोग या उसके विफल होने से उत्पन्न आपदाएं। तीन प्रकार की प्रौद्योगिकी आपदाएं हैं : औद्योगिक दुर्घटनाएं जिसमें रासायनिक रिसाव, विफलता, विस्फोट, आग, गैस रिसाव, विशाक्तता, विकिरण तथा अन्य से संबद्ध दुर्घटनाएं शामिल हैं; परिवहन दुर्घटनाएं जिसमें हवा, सड़क, रेल एवं पानी से संबंधित दुर्घटनाएं शामिल हैं; और विविध दुर्घटनाएं जिसमें विफलता, विस्फोटा, आग से संबद्ध दुर्घटनाएं तथा विविध मूल की अन्य आपदाएं शामिल हैं।

थर्मल विस्तार

आयतन में वृद्धि (और घनत्व में कटौती) जो पानी के गरम होने से होता है। महासागरों के तापन से महासागर के आयतन का विस्तार होता है जिससे समुद्र तल की ऊंचाई बढ़ जाती है।

टिंबर संसाधन

जिंदा अमृत पेड़ों के आयतन द्वारा परिभाषित, जिसे टिंबर या ईंधन के लिए अब भी प्रयुक्त किया जा सकता है।

विषैले पदार्थ

इसमें विषैले कीटनाशक (उदाहरण के लिए कीटनाशक जिसमें टेराटोजेनिक, कार्सिनोजेनिक, ट्यूमोरजेनिक और/या मुटाजेनिक प्रभाव होते हैं) तथा विषैले औद्योगिक रसायन (उदाहरण के लिए अन्यों के अलावा सीसा, आर्सेनिक, पारा और निकेल) शामिल हैं।

विषैले पदार्थों से संबद्ध रोग एवं स्वास्थ्य समस्याएं

इसमें श्वसन तंत्र की स्थायी बीमारियां (जैसे कि निमोनिया, ऊपरी एवं निचले श्वसन तंत्र के रोग, अस्थमा, स्थायी अवरोधक पुल्मोनरी रोग), कैंसर, बांझपन और पैदाइशी असमान्यताएं एवं कुरूपताएं शामिल हैं परंतु इतने तक ही सीमित नहीं है।

अनुरेख गैस

पृथ्वी के वायुमंडल में पाई जाने वाली कोई कम सामान्य गैस। नाइट्रोजन, आक्सीजन और अर्गोन पृथ्वी के वायुमंडल के 99 प्रतिशत से अधिक का निर्माण करते हैं। अन्य गैसों जैसे कि कार्बन डाइआक्साइड, जल वाष्प, मिथेन, नाइट्रोजन के आक्साइड, ओजोन तथा अमोनिया को अनुरेख गैस माना जाता है। हालांकि परम आयतन की दृष्टि से ये गैसें अपेक्षाकृत कम महत्वपूर्ण हैं, फिर भी पृथ्वी के मौसम एवं जलवायु पर इनका काफी प्रभाव होता है।

क्षोभमंडल मध्य अक्षांश में धरातल से अक्षांश में लगभग 10 किलोमीटर तक वायुमंडल का सबसे निचला भाग (उच्च अक्षांश में 9 किलोमीटर से औसतन उष्णकटिबंध में 16 किलोमीटर तक) जहां बादलों और मौसम की घटनाएं घटित होती हैं। क्षोभमंडल में तापमान सामान्यतया ऊंचाई के साथ घटता है।

क्षोभमंडलीय ओजोन (O3)

कृपया ओजोन देखें।

क्षोभमंडलीय ओजोन प्रणेता

कृपया ओजोन प्रणेता देखें।

गंदलापन

उस डिग्री का माप जिस तक पानी निलंबित कणिकीय पदार्थों की उपस्थिति के कारण अपनी पारदर्शिता खोता है। पानी में कुल निलंबित ठोस की मात्रा जितनी अधिक होगी, पानी उतना अधिक धुंधला प्रतीत होगा तथा गंदलापन उतना अधिक होगा। गंदलापन को पानी की गुणवत्ता का एक अच्छा माप समझा जाता है।

आवास का प्रकार

आवासों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है अर्थात चाल/बस्टी, स्वतंत्र मकान तथा फ्लैट।

(क) चाल/बस्टी : घटिया निर्माण वाली कच्ची या आधी पक्की झोपड़ियों या चालों का समूह।

(ख) स्वतंत्र मकान : एक कमरा या कई कमरों के साथ अलग संरचना जिसमें उसके सभी साजोसामान तथा उसका एक अलग प्रवेश द्वारा होता है। दूसरे शब्दों में यदि निवास की इकाई तथा भवन की संपूर्ण संरचना भौतिक रूप से सहावसानी हो तो उसे स्वतंत्र मकान माना जाना चाहिए।

(ग) फ्लैट : चाल/बस्टी तथा स्वतंत्र मकान से भिन्न आवास की सभी व्यवस्थाओं को फ्लैट के रूप में लेना होता है। इस प्रकार फ्लैट में एक कमरा या कई कमरों वाली आत्मनिर्भर निवास इकाई शामिल है जिसमें जलापूर्ति एवं स्वच्छता के लिए सामान्य आवासन सुविधाएं होती हैं जिनका प्रयोग केवल वहां रहने वाले परिवार द्वारा या अन्य परिवारों के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है। इसमें आवासन की अन्य सुविधाओं के साथ या बगैर असंबद्ध कमरा या कमरे भी शामिल हैं।

संरचना का प्रकार

संरचनाओं को निर्माण के लिए प्रयुक्त सामग्री के आधार पर तीन श्रेणियों अर्थात पक्का, आधा पक्का और कच्चा में वर्गीकृत किया गया है।

(क) पक्की संरचना : ऐसी संरचना जिसकी कम से कम दीवारें और छत पक्की सामग्रियों के बने होते हैं।

(ख) कच्ची संरचना : ऐसी संरचना जिसकी दीवारें और छत गैर पक्की सामग्रियों के बने होते हैं।

(ग) आधी पक्की संरचना : ऐसी संरचना जिसकी या तो दीवारें या छत, न कि दोनों, पक्की सामग्रियों के बने होते हैं।

ओवन में पकी ईंटें, पत्थर, स्टोन ब्लाक, सीमेंट, कंक्रीट, जैक बोर्ड (सीमेंट प्लाटर्ड रीड), टाइल्स तथा टिंबर पक्की सामग्रियां हैं। छत के निर्माण में प्रयुक्त लोहा या एसबेस्टस की नालीदार शीटों को भी पक्की सामग्रियां माना जाता है।

(यू)

अल्ट्रावायलेट विकिरण (यूवी)

दृष्टिगोचर स्पेक्ट्रम के वायलेट छोर से आगे ऊर्जा की रेंज। हालांकि अल्ट्रावायलेट विकिरण सूर्य से उत्सर्जित कुल ऊर्जा का केवल लगभग 5 प्रतिशत है, यह समतापमंडल एवं मध्यमंडल के लिए ऊर्जा का

प्रमुख स्रोत है तथा ऊर्जा संतुलन एवं रासायनिक संरचना दोनों में प्रभावी भूमिका निभाता है। पृथ्वी का वायुमंडल अधिकांश अल्ट्रावायलेट विकिरण को रोक देता है परंतु कुछ सौर अल्ट्रावायलेट भेदन करते हैं और पौधों के प्रकाश संश्लेषण में सहायता करते हैं तथा इंसानों में विटामिन डी उत्पन्न करने में मदद करते हैं। बहुत अधिक अल्ट्रावायलेट विकिरण त्वचा को जला सकता है, स्किन कैंसर और मोतियाबिंद का कारण बन सकता है और वनस्पतियों को छति पहुंचा सकता है।

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी)

जलवायु परिवर्तन पर अभिसमय जो 21 मार्च 1994 को प्रभावी हुआ, ने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने हेतु अंतर सरकारी प्रयासों के लिए एक समग्र रूपरेखा निर्धारित किया है। इसका यह मानना है कि जलवायु प्रणाली एक साझा संसाधन है जिसकी स्थिरता कार्बन डाइआक्साइड एवं अन्य ग्रीनहाउस गैसों के औद्योगिक तथा अन्य उत्सर्जनों से प्रभावित हो सकती है। इस अभिसमय की सदस्यता लगभग सार्वभौमिक है तथा 189 देशों ने इसकी पुष्टि की है। अभिसमय के तहत सरकारें :

- ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन, राष्ट्रीय नीतियों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं पर सूचना एकत्र करती हैं और साझा करती हैं;
- ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन की समस्या को दूर करने, अपेक्षित प्रभावों को अनुकूलित करने के लिए राष्ट्रीय रणनीतियां शुरू करती हैं जिसमें विकासशील देशों को वित्तीय एवं प्रौद्योगिकीय सहायता का प्रावधान शामिल है;
- जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूलन के लिए तैयारी में सहयोग करते हैं।

शहरी संकुलन

(i) ऐसा शहर या नगर जिसका निरंतर उद्वर्ध होता है, यह उद्वर्ध सांविधिक सीमाओं से बाहर होता है परंतु समीपवर्ती गांवों की सीमाओं के अंदर आता है; अथवा

(ii) उपर्युक्त (i) की तरह अपने उद्वर्ध यदि कोई हो, के साथ दो या अधिक नगर; अथवा

(iii) उद्वर्ध के साथ या बगैर कोई शहर तथा एक या अधिक समीपवर्ती नगर जिनमें से सभी निरंतर विस्तार का निर्माण करते हैं।

(वी)

वाहिका पादप

स्थलीय पादप जो पूरे पादप में पानी एवं खनिजों के संचालन के लिए विशिष्ट काष्ठीय ऊतकों (जाइलेम) का प्रयोग करते हैं। प्रकाश संश्लेषण के उत्पादों के संचालन के लिए उनमें विशिष्ट गैर काष्ठीय ऊतक (वल्कल) भी होता है। वाहिका पादपों के उदाहरण में पेड़, फूल, घास एवं बेल शामिल हैं।

वेक्टर जनित रोग

जीवों (कीट एवं मकड़ी) जो वायरस, बैक्टीरिया, प्रोटोजोआ तथा अन्य रोगाणुओं के वाहक होते हैं, द्वारा पारेषित रोग। वेक्टर जनित आम बीमारियों में मलेरिया, डेंगू, बुखार, चिकनगुनिया बुखार, तीव्र एंसेफलाइटिस सिंड्रोम/जापानी एंसेफलाइटिस तथा कालाजार (आंत्र लीशमैनियता) शामिल हैं परंतु इतने तक ही सीमित नहीं है।

सुभेद्य

ऐसा माना जाता है कि यदि आकस्मिक कारकों ने अपना प्रचालन जारी रखा तो निकट भविष्य में प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में पहुंच सकती हैं। इसमें ऐसी प्रजातियां शामिल हैं जिनकी अधिकांश या सभी आबादी अत्यधिक दोहन, अधिवास के व्यापक विनाश या अन्य पर्यावरणीय उथल-पुथल के कारण घट रही है; ऐसी आबादी वाली प्रजातियां जिनका गंभीर रूप से अवक्षय हो गया है तथा जिनकी अंतिम सुरक्षा का अभी तक आश्वासन नहीं है; और ऐसी प्रजातियां जिनकी आबादी अभी भी बहुतायत में है परंतु अपनी पूरी रेंज के दौरान गंभीर प्रतिकूल कारकों से संकटग्रस्त हैं।

सुभेद्यता

डिग्री जिस हद तक कोई प्रणाली जलवायु में अंतर एवं चरम स्थितियों सहित जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों का सामना करने में असमर्थ है या उसके प्रति संवेदनशील है। सुभेद्यता जलवायु में अंतर की विशेषता, विशालता एवं दर का एक फलन है जिससे किसी प्रणाली का उद्भासन होता है; उसकी संवेदनशीलता; और अनुकूलन की उसकी क्षमता।

(डब्ल्यू)

अपशिष्ट

इसके तहत निराकृत सामग्रियां शामिल हैं जिनकी अब स्वामी या प्रयोक्ता को आवश्यकता नहीं है।

अपशिष्ट जल

निराकृत पानी जिसकी अब स्वामी या प्रयोक्ता को आवश्यकता नहीं है तथा विलयित या निलंबित अपशिष्ट सामग्रियों से युक्त है।

जल निकालना

पानी की मात्रा जो आर्थिक गतिविधियों एवं परिवारों द्वारा एक निश्चित अवधि में स्थायी या अस्थायी रूप से किसी स्रोत से निकाली जाती है।

जल जमाव क्षेत्र

ऐसा क्षेत्र जिसमें पानी भूमि के धरातल के करीब, पर या ऊपर रुकता है जिससे जलोद्भिद को छोड़कर सभी पादपों की जड़ डूब जाती है और पौधे मर जाते हैं। स्पेक्ट्रल की दृष्टि से, जब भूपृष्ठ जल मौजूद

होता है तो उस अवधि के दौरान जल जमाव क्षेत्र कमोवेश झील/तालाब जैसे दिखते हैं। तथापि, सूखे मौसम के दौरान ऐसे क्षेत्रों का बड़ा या सभी भाग सूख जाता है तथा कीचड़/लवण फ्लैट जैसा दिखता है।

मानव निर्मित गतिविधियों जैसे कि नहरों से भी रिसाव के कारण समीपवर्ती क्षेत्रों में जल जमाव हो सकता है, विशेष रूप से जब नहरें बिना अस्तर की होती हैं। नहर नेटवर्क के समानांतर ऐसे क्षेत्रों को चिह्नित किया जा सकता है।

जल से संबद्ध बीमारियां एवं स्थितियां

पानी जिसे आदमी पीते हैं, में मौजूद सूक्ष्म जीवों एवं रसायनों से उत्पन्न बीमारियां एवं स्थितियां। इनमें जैविक संदूषण से उत्पन्न बीमारियां जैसे कि जठरांत्र शोथ, बैक्टीरिया, वायरस एवं प्रोटोजोआ से उत्पन्न संक्रमण तथा जल जनित परजीओं से उत्पन्न संक्रमण शामिल हैं परंतु इतने तक ही सीमित नहीं है।

जल संसाधन

इसमें भूपृष्ठ जल, भौमजल एवं मृदा जल सहित अंतर्देशीय जलपिंडों में मीठा पानी एवं खारा पानी शामिल है, उनकी गुणवत्ता जो भी।

पनढाल

भौगोलिक क्षेत्र जिसके माध्यम से पानी भूमि पर प्रवाहित होता है तथा जल के किसी सामान्य पिंड अर्थात धारा, नदी, झील या महासागर में पहुंचता है।

जलवाष्प

यह सबसे अधिक प्रचुरता वाली ग्रीनहाउस गैस है तथा यह गैस के रूप में वायुमंडल में मौजूद पानी है। जलवाष्प प्राकृतिक ग्रीनहाउस प्रभाव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्राकृतिक ग्रीनहाउस गैस के रूप में अपनी भूमिका के अलावा जलवाष्प ग्रह के तापमान को भी प्रभावित करता है क्योंकि बादलों का निर्माण तब होता है जब वायुमंडल में अधिक मात्रा में जलवाष्प संघनित होकर हिम एंव जल की बूंदों तथा वर्षण का निर्माण करते हैं।

मौसम

किसी निश्चित समय या स्थान पर वायुमंडलीय स्थिति। पवन, तापमान, आर्दता, वायुमंडली दबाव, बादल एवं वर्षण जैसी चीजों की दृष्टि से इसे मापा जाता है। अधिकांश स्थानों में मौसम घंटा दर घंटा, दिन दर दिन और मौसम दर मौसम बदल सकता है। संकीर्ण मायने में जलवायु को सामान्यतया "औसत मौसम" के रूप में परिभाषित किया जाता है। अंतर को याद रखने का सरल तरीका यह है कि जलवायु वह है जिसकी आप अपेक्षा करते हैं (उदाहरण के लिए ठंडी शीत ऋतु) और मौसम वह है जो आपको मिलता है (उदाहरण के लिए बर्फानी तूफान)।

दलदली भूमि

भूमि के ऐसे क्षेत्र जो अस्थायी या स्थायी रूप से पानी से ढके होते हैं। ये सच्चे अर्थ में न तो जलीय होते हैं और न ही स्थलीय होते हैं; संभव है कि दलदली भूमि मौसमी अंतर के आधार पर एक ही समय में दोनों हो सकती है। ये प्राकृतिक या मानव निर्मित हो सकती हैं तथा अंतर्देशीय एवं तटीय दोनों क्षेत्रों में पाई जाती हैं।

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

सामाजिक सांख्यिकी प्रभाग
केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय
विंग ६, वेस्ट ब्लॉक - ८
आर के पुराम, नई दिल्ली ११००६६

ssd-mospi@gov.in